नई दिल्ली
गुरुवार 13 अगस्त 2026
श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 116
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 28

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की आत्मकथा के विमोचन पर भावुक हुए पीएम मोदी

यह आत्मकथा लोकतंत्र-समाज के लिए बनेगी धरोहर, उनका कार्य युवाओं के लिए प्रेरणादायी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति की जमकर तारीफ की और उनके जीवन संघर्ष को प्रेरणा बताया। इस दौरान पीएम मोदी ने अपनी मां का भी जिक्र किया और उनका जिक्र कर भावुक भी हुए। कोविंद की इस आत्मकथा का शीर्षक 'ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिकः माय लाइफ, माय स्ट्रगल्स' है। आत्मकथा में कोविंद के जीवन की कहानी है। इसमें उनके शुरुआती वर्षों से लेकर सार्वजनिक जीवन और भारत के 14वें राष्ट्रपति के रूप में सेवा तक के अनुभवों, संघर्षों और उपलब्धियों का ब्योरा है। इस किताब के विमोचन के अवसर पर अपने संबोधन में पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति की तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रपति के रूप में उनका मार्गदर्शन और उनका स्नेह, उनकी आत्मीयता मेरी बहुत बड़ी पूंजी रही।

ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिक: माय लाइफ, माय स्ट्रगल्स

कोविंद को मुश्किल हालात ने और मजबूत बनाया

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने उनके जीवन को जितना समझा है, उनकी कार्यक्षमताओं को जितना जाना है, मैं विश्वास से कह सकता हूं कि रामनाथ कोविंद की आत्मकथा भारतीय लोकतंत्र और भारतीय समाज की धरोहर बनेगी। कोविंद ने छोटी सी उम्र में मां को खो दिया। मैं तो भाग्यशाली रहा हूं कि मेरी मां 100 वर्ष से अधिक जीवित रहीं ▶▶ शेष पेज 5 पर

रील युग' में रह रहे युवा 'शॉर्टकट' से दूर रहें

प्रधानमंत्री ने युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने और दूसरों के संघर्षों से सीखने की अपील करते हुए कहा कि 'रील के युग' में रह रहे युवाओं को याद रखना चाहिए कि शॉर्टकट आपको नुकसान पहुंचा सकता है।पीएम मोदी ने कोविंद की आत्मकथा के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सब किताब का पूरा लाभ पढ़कर ही लें तो ही ज्यादा अच्छा है। कोविंद की जीवनयात्रा को आप उनके शब्दों में जाने और उनके अनुभवों को देश की नई पीढ़ी पढ़े इससे हर किसी को काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

ऐसे अनेक युवाओं की जरूरत

पीएम मोदी ने कहा कि हमें भविष्य में रामनाथ कोविंद जैसे अनेक युवा चाहिए, जो परेशानियों से परास्त न हों, जो मुश्किलों से मायूस न हों बल्कि अपनी मेहनत से हर मंजिल को आसान बनाने का हौसला रखें। इसी बदलाव से सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा। यहीं से आत्मनिर्भर और विकसित भारत का रास्ता बनेगा। राष्ट्रपति जैसे पद से सेवामुक्त होने के बाद भी उन्होंने विश्राम नहीं लिया है और वो अभी भी एक देश, एक चुनाव जैसे अहम विषय पर काम कर रहे हैं।

एक देश-एक चुनाव देश के लोकतंत्र का नया अध्याय होगा

प्रधानमंत्री ने कहा पूर्वजों ने सदियों तक संघर्ष किया। महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर, ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले... ऐसी कितनी महान विभूतियों ने भारत के नवनिर्माण का सपना देखा था। एक ऐसा भारत जहां गरीब से गरीब, वंचित से वंचित को शिखर तक पहुंचने का अवसर मिले। ऐसे व्यक्तित्वों ने मेहनत, काबिलियत के दम पर न सिर्फ जीवन बदला, सदियों के सपने और विजन को साकार करने में अहम भूमिका निभाई।

दृढ़ संकल्प ने सर्वोच्च पद तक पहुंचाया

पीएम मोदी ने कहा कि कोविंद का जीवन दिखाता है कि दृढ़ संकल्प किसी व्यक्ति को मुश्किलों से उबरने और सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने में कैसे मदद कर सकता है। कोविंद ने किताब को बहुत ही सटीक नाम दिया है। इसका मुख्य संदेश यह है कि भले ही उनका जीवन और उसमें आए संघर्ष व्यक्तिगत थे, पर संघर्षों पर जीत मिलेगी। जीत भारतीय गणतंत्र की है भारत के लोकतंत्र की है।

एआईपीएसआई की नई कुलपति होंगी रिटायर्ड आईआरपीएस डॉ.भूमा हुआ चयन

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। मॉरीशस स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक सर्विस एंड इनोवेशन (एआईपीएसआई) की नई कुलपति (वाइस चांसलर) के रूप में सेवानिवृत्त (आईआरपीएस) डॉ.भूमा वी.जी का चयन किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस संस्थान (पूर्व में मॉरीशस का सिविल सर्विस कॉलेज था) का पिछले वर्ष 2025 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ.नवीन चंद्र रामगुलाम ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया था। संस्थान को प्रशिक्षण के मामले में एक मुख्य एजेंसी और अफ्रीका रीजन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया गया है। जो कि भविष्य में एक प्रतिष्ठित संस्था होगी। डॉ.भूमा जल्द ही अपना कार्यभार ग्रहण करेंगी। यहां बता दें कि डॉ.भूमा के पास लोक प्रशासन में काम करने का कुल करीब तीन दशक का लंबा अनुभव रहा है।

■ मॉरीशस में है यह संस्थान, 2025 में हुआ था उद्घाटन

केंद्रीय गृह मंत्री बोले: जनता को तय करना है कि कौन चर्चा करना चाह रहा है और कौन भाग रहा है

मैं विपक्ष के एक-एक सवाल का जवाब देने के लिए... तैयार हूं: अमित शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मैं संसद में किसी भी सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हूँ, मगर विपक्ष चर्चा ही नहीं होने देना चाहता। श्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, विपक्ष बस संसद चलने दे।

गृह मंत्री शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी लिखा है। इसमें उन्होंने लिखा, आपको विदित है कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने व्यापार सलाहकार समिति की बैठक में सरकार की ओर से संसद में नीट परीक्षा पर छात्र आंदोलन पर चर्चा के लिए सहमति दी है। मैं यह भी जिक्र करना चाहता हूं कि विपक्ष के आग्रह से पहले ही संसद के वर्तमान सत्र में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा हो चुकी है, जिसमें विपक्ष के किसी भी सांसद ने नीट परीक्षा के संबंध में सदन में कोई भी विचार व्यक्त नहीं किया। इसके बावजूद, सरकार फिर से इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

गृह मंत्री शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी लिखा, लोकतंत्र में चर्चा और संवाद से ही समाधान निकलता है

उन्होंने लिखा, मेरा आपसे अनुरोध है कि आप विपक्ष से चर्चा कर आपसी सहमति से आज से जितने समय, जितने घंटे आप उचित समझें, उतना समय आवंटित करने की कृपा करें। मैं निर्धारित समय के दौरान सदन में उपस्थित रहकर, इस मुद्दे पर चर्चा में भाग लेना चाहता हूं और विपक्ष के सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तैयार हूं। उन्होंने आगे लिखा, लोकतंत्र में चर्चा और संवाद से ही समाधान निकलता है। मेरा लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं में अटूट विश्वास है और मेरा यह मानना है कि यह सदन चर्चा और संवाद के लिए ही है। इसलिए आपसे आग्रह है कि विपक्ष के नेताओं से चर्चा करके इस अहम विषय पर एक अच्छे माहौल में चर्चा कराने की कृपा करें, ताकि इस विषय पर पक्ष विपक्ष के सभी सदस्य अपने बहुमूल्य मत एवं विचार प्रस्तुत कर सकें।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के सामने स्पष्ट प्रस्ताव रखते हुए कहा कि विपक्ष आज दोपहर 2 बजे तक लोकसभा अध्यक्ष महोदय को चर्चा का पत्र लिखकर दे दे, आज 3 बजे से चर्चा शुरू कर दी जाएगी और कल दोपहर 3 बजे तक चर्चा चलेगी। शाह ने कहा कि यदि अध्यक्ष महोदय अनुमति दें तो सरकार प्रश्नकाल स्थगित करने के लिए भी तैयार है, ताकि आज 3 बजे से देर रात तक और कल 3 बजे तक विस्तृत चर्चा हो सके।

अमित शाह ने कहा कि मैं स्वयं सदन में बैठूँगा, सबको सुनूँगा, हर बात लिखूँगा और कल 3 बजे विपक्ष के एक-एक सवाल का जवाब दूँगा। उन्होंने कहा कि सरकार के पास छुपाने के लिए कुछ नहीं है। चर्चा होने से देश की जनता ▶▶ शेष पेज 5 पर

राहुल ने कहा- छात्रों पर गोली किसने चलवाई शाह ने या उनके मंत्रालय ने?

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उन पर करारा हमला बोला है। राहुल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, जब किसी व्यक्ति में सच बोलने की हिम्मत नहीं होती, तो उसकी चुप्पी ही उसकी बात कह देती है। शाह की चुप्पी ही उनका कबूलनामा है। इधर, पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल ने कहा कि विपक्ष गृह मंत्री का बयान सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं रखता। उन्होंने कहा, जब मैं 'हम' कहता हूं, तो मेरा मतलब देश की युवा पीढ़ी से है। छात्रों पर गोली किसने चलाई? कील लगी लाठियों से छात्रों को पीटने का आदेश किसने दिया? क्या हमारे बच्चों पर गोली चलाने का आदेश अमित शाह ने दिया था? अगर उन्होंने ऐसा किया है, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि गृह मंत्री पिछले 20 दिनों से गायब हैं और उनमें सदन में आने की हिम्मत नहीं है। झारखंड के मुद्दे पर अपनी स्थिति साफ करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं झारखंड के मुद्दे पर चुप नहीं हूं। मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट कर दिया है कि हम छात्रों के खिलाफ हुई किसी भी हिंसा की सराहना नहीं करते हैं। मैं खुलकर अपनी बात रख रहा हूं। संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों की कार्यवाही लगातार ▶▶ शेष पेज 5 पर

गुरुवार को राजधानी में होगी डॉ.एस.जयशंकर के साथ मुलाकात

आज से भारत के दो दिवसीय दौरे पर लाइबेरिया की विदेश मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में चल रहे अमेरिका और ईरान युद्ध के बीच लाइबेरिया की विदेश मंत्री सारा बेसोलोव न्यांती गुरुवार से भारत की दो दिवसीय (13 से 14 अगस्त तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी। जिसके तहत उन की राजधानी के हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के संबंधों से जुड़े मामलों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए चुनौतीपूर्ण हालात को लेकर भी विचार-विमर्श किया जा सकता है। जिसमें महत्वपूर्ण वैश्विक जलमार्गों से नौवहन की सुरक्षा, व्यापारिक जहाजों की स्वतंत्र आवाजाही और नाविकों पर किए जा रहे हमलों का मुद्दा भी शामिल किए जाने की संभावना है। शुक्रवार 14 अगस्त को लाइबेरियाई विदेश मंत्री की नई दिल्ली की यह यात्रा संपन्न हो जाएगी और वह वापस अपने देश ▶▶ शेष पेज 5 पर

एन चंद्रशेखरन के अचानक इस्तीफे के बाद 400 अरब डॉलर वाले टाटा समूह के नए बॉस की तलाश तेज

चंद्रशेखरन के बाद टाटा समूह का अगला बॉस कौन होगा?

एजेंसी ▶▶ जमशेदपुर

एन चंद्रशेखरन के अचानक इस्तीफे के बाद 400 अरब डालर वाले टाटा समूह के नए बॉस की तलाश तेज हो गई है। बुधवार को उनके 2027 में पद छोड़ने के ऐलान के साथ ही उत्तराधिकारी को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं। टाटा संस ने आधिकारिक रूप से कोई शार्टलिस्ट जारी नहीं की है, लेकिन नोएल टाटा, सौरभ अग्रवाल और टीवी नरेंद्रन जैसे वरिष्ठ दिग्गजों के नाम प्रमुखता से उभर रहे हैं। इस दौड़ में सबसे मजबूत दावेदार नोएल टाटा हैं। रतन टाटा के निधन के बाद वे टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन हैं, जिसकी टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है। टाटा संस के ग्रुप सीएफओ सौरभ अग्रवाल एक मजबूत ▶▶ शेष पेज 5 पर

ड्यूटी शेड्यूल और नींद की कमी पर भी उठे सवाल

एयर इंडिया के फुकेत-दिल्ली विमान की घटना में नए खुलासे, पायलट दो बार ड्रग टेस्ट में पॉजिटिव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

फुकेत से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान में 4 अगस्त को हुई करीब 300 फीट की अचानक नीचे आने की घटना की जांच में विमान के पायलट-इन-कमांड से जुड़े ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिन्होंने विमानन सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एयर इंडिया की आंतरिक रिपोर्ट के अनुसार, पायलट ने जांच के दौरान बताया कि वह कुछ समय से नींद में कठिनाई का सामना कर रहा था और इसके लिए डॉक्टर द्वारा दी गई दवा ले रहा था। उसने यह भी कहा कि फुकेत में 24 घंटे रुकने के दौरान उसे आसानी से नींद नहीं आई थी। बताया जा रहा है कि पायलट के टेस्ट में दो बार मारिजुआना के लिए पॉजिटिव आया है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि सिर्फ पॉजिटिव टेस्ट के आधार पर यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि घटना के समय पायलट मारिजुआना के प्रभाव में था या इसी वजह से विमान की एल्टीट्यूड में अचानक गिरावट आई। इसकी पुष्टि जांच के निष्कर्षों से ही होगी।

300 फीट नीचे गया विमानः 4 अगस्त को फुकेत से दिल्ली आ रहा एयर इंडिया का विमान हवा में अचानक करीब 300 फीट नीचे चला गया। विमान में 137 यात्री और आठ क्रू मेंबर सवार थे। घटना के बाद कई यात्रियों और क्रू मेंबर्स को चोटें आईं और विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली में उतरा। उपलब्ध रिपोर्टों में 20 यात्रियों और चार क्रू मेंबर्स के घायल होने की खबर है।

घटना के वक्त कप्तान अपनी सीट पर नहीं थाः जांच में सामने आए सबसे महत्वपूर्ण सवालों में से एक यह है कि एल्टीट्यूड लॉस के समय पायलट इन कमांड अपनी कॉकपिट सीट पर नहीं था। रिपोर्टों के अनुसार उस समय को-पायलट के नियंत्रण में विमान था। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में लैंडिंग के बाद पायलट को चलने में अस्थिरता महसूस हुई और उसे बैठने में मदद करनी पड़ी। यहां तक कि यूरिन सैंपल देने के दौरान भी उसे दूसरों की मदद लेनी पड़ी।

लेकिन टेस्ट का सवाल सबसे गंभीर : पायलट की नींद की समस्या का मामला अपनी जगह है। लेकिन जांच में मारिजुआना के लिए दो बार ▶▶ शेष पेज 5 पर

मंगलवार रात दिल्ली से पुणे जा रही एसजी-105 में हंगामा

यात्रियों की सजगता से टला बड़ा हादसा, गर्भवती महिला समेत कई यात्रियों की तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से पुणे जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान में मंगलवार रात उस समय गंभीर स्थिति पैदा हो गई, जब विमान में सवार होने के बाद उसका एयर-कंडीशनिंग सिस्टम काम नहीं कर रहा था। बंद केबिन में तापमान और उमस बढ़ने से यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी और कई यात्री पसीने से तर-बतर हो गए। स्पाइसजेट की उड़ान एसजी-105 को दिल्ली से पुणे के लिए रात करीब 9:45 बजे रवाना होना था। तकनीकी समस्या के कारण उड़ान में देरी हुई। यात्रियों के विमान में बैठने के बाद उन्हें पता चला कि केबिन का एसी काम नहीं कर रहा है। इसके बावजूद विमान टेकऑफ के लिए बढ़ता रहा।

बंद केबिन में बढ़ती गर्मी से मची अफरा-तफरीः यात्रियों के मुताबिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए दी मंजूरी, घने कोहरे में भी ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में मिलेगी मदद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने उत्तर पूर्व रेलवे के इज्जतनगर मंडल के 660 रूट किलोमीटर हिस्से में कवच संस्करण 4.0 लगाने की मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर करीब 295 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। रेल मंत्रालय के अनुसार यह कार्य भारतीय रेलवे के शेष हिस्सों में लॉन्ग-टर्म इवोल्यूशन आधारित संचार नेटवर्क के साथ कवच प्रणाली उपलब्ध कराने वाली व्यापक परियोजना के तहत मंजूर किया गया है। इसके अंतर्गत इज्जतनगर मंडल के वे शेष रेल खंड शामिल किए गए हैं, जहां अभी यह प्रणाली उपलब्ध नहीं है।



ट्रेन टक्कर रोकने में अहम भूमिकाः 'कवच' भारत में विकसित ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है। इसका मुख्य उद्देश्य ट्रेन चालकों की ▶▶ शेष पेज 5 पर

अहमदाबाद में उद्योगपतियों से सीधे संवाद में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव

8 हजार 635 करोड़ के निवेश प्रस्ताव 5 हजार 785 से अधिक रोजगार के मौके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित निवेश संवाद के दौरान मध्यप्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में 8 हजार 635 करोड़ रुपए के निवेश प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों से 5 हजार 785 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। निवेश संवाद में गुजरात के अहमदाबाद, सूरत, भावनगर, राजकोट और वडोदरा सहित प्रमुख औद्योगिक केंद्रों से 500 से अधिक उद्योगपतियों, निवेशकों एवं कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों ने सहभागिता की और मध्यप्रदेश में निवेश के प्रति विशेष रुचि दिखाई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुजरात के साथ मप्र के संबंधों को और प्रगाढ़ करते हुए अरविंद समूह मप्र में भी अपनी इकाई स्थापित की ▶▶ शेष पेज 5 पर

सरकारी सूत्र बोले, संसद के शीतकालीन सत्र में जस्टिस वर्मा के खिलाफ लाया जा सकता है महाभियोग

इस साल अप्रैल महीने में ही जस्टिस वर्मा ने राष्ट्रपति को सौंप दिया था अपना इस्तीफा

समिति ने लोकसभा में पेश की रिपोर्ट दागदार निकला जस्टिस वर्मा का दामन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कैश कांड को लेकर इलाहाबाद उच्च-न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ गठित की गई तीन सदस्यीय संसदीय समिति की जांच रिपोर्ट आ गई है। जिसमें उन्हें दोषी पाया गया है। बुधवार को विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने इस रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा। समिति ने रिपोर्ट के साथ ही अपनी कार्यवाही का रिकॉर्ड, संबंधित दस्तावेज और साक्ष्य सक्षम प्राधिकारी को सौंप दिए हैं। अब इसके आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर, लोकसभा द्वारा न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ शुरू की गई जांच की यह पूरी प्रक्रिया न्यायाधीश जांच अधिनियम 1968 के तहत की गई थी। जिसे लेकर कानूनी जानकारों का मानना है कि इस अधिनियम का इस्तेमाल केवल पद पर कार्यरत न्यायाधीश के खिलाफ ही किया जा सकता है। वर्मा ने इस साल अप्रैल महीने में ही अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दिया था।

तीन सदस्यीय समिति का परिचय

यहां बता दें कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उक्त समिति का गठन किया था। जिसकी अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार ने की। उनके अलावा इसमें कर्नाटक उच्च-न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी.वी.आचार्य और बाद में शामिल हुए बॉम्बे उच्च-न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रशेखर शामिल थे। पूर्व में समिति में मद्रास उच्च-न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिंदर मोहन श्रीवास्तव सदस्य के रूप में शामिल हुए थे। इस पूरे मामले के सामने आने के बाद सर्वोच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई चंद्रचूड़ के आदेश पर की गई एक आंतरिक जांच में जस्टिस वर्मा के खिलाफ निष्कर्ष आने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने न्यायाधीश जांच अधिनियम के तहत इस तीन सदस्यों वाली समिति का गठन किया था। इस बाबत लोकसभा में लाए गए प्रस्ताव को विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों ने अपना समर्थन भी प्रदान किया था।

शीतकालीन सत्र में आएगा महाभियोग?

वहीं, सरकार के सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ संसद के शीतकालीन सत्र में महाभियोग का प्रस्ताव लाया जा सकता है। समिति की जांच में वर्मा पर लगाए गए सभी तीनों आरोप सिद्ध हो गए हैं। जिनमें अघोषित नकदी, साक्ष्यों के संरक्षण में लापरवाही और टालमटोल के साथ संतोषजनक जवाब न देना मुख्य रूप से शामिल है। हालांकि जांच के दौरान जस्टिस वर्मा खुद गवाही देने के लिए कभी समिति के समक्ष नहीं आए। इसके अलावा उन्होंने अपने परिवार के किसी सदस्य, निजी कार्यालय, घरेलू कर्मचारियों और सुरक्षा में लगे कर्मियों में से भी किसी व्यक्ति को गवाह नहीं बनाया।

पिछले साल सामने आया यह मामला

गौरतलब है कि यह पूरा मामला पिछले साल 14-15 मार्च की मध्यरात्रि को नई दिल्ली स्थित न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में लगी आग के बाद सामने आया था। जिसमें आग पर काबू पाने के बाद स्टोर रूम में कुछ जली हुई और कुछ आधी जली हुई 500 रुपए के नोटों की गड्डियां और इनका ढेर बरामद होने का तथ्य सामने आया था। घटना के दौरान वर्मा दिल्ली उच्च-न्यायालय में न्यायाधीश थे और उन्होंने इस पूरे प्रकरण को उनके खिलाफ की गई साजिश करार दिया था। जबकि घटना के साथ ही एक वीडियो भी चर्चा में रहा। जिसका संबंध नोटों के जलने से था।

आरोपी पत्नी प्रेमी संग हुई गिरफ्तार

प्रेमी के साथ मिलकर पति को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

संगम विहार मर्डर केस पुलिस ने 48 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। मृतक की पत्नी को उसके प्रेमी के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में महिला ने कबूला कि हत्या में मदद करने के लिये प्रेमी को पांच लाख रुपये दिये थे। पुलिस ने केस में एक और शख्स को पाबंद किया है। इस पर मुख्य आरोपियों को पनाह देने का आरोप है।

डीसीपी अनंत मित्तल ने बताया कि संगम विहार पुलिस ने स्पेशल स्टाफ के साथ मिलकर 55 वर्षीय मुन्ना लाल की हत्या का मामला सुलझाया है। मृतक की पत्नी मंजू उर्फ नाजिया (45) और उसके साथी चमन (20) को गिरफ्तार किया गया। एक और आरोपी किशन को आरोपियों को पनाह देने के आरोप में पाबंद किया गया है। पुलिस के मुताबिक मृतक मुन्ना लाल 10 अगस्त की सुबह करीब पांच बजे रतिया मार्ग, संगम विहार में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला था। बाद में एम्स ट्रॉमा सेंटर में उसे मृत घोषित कर दिया गया था। इसके बाद संगम विहार थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटनास्थल की जांच के दौरान पुलिस ने देखा कि फर्श को

साफ करने और खून के निशान मिटाने की कोशिश की गई थी। घर के अंदर मौजूद सामान की हालत देखकर भी शक हुआ कि चोरी का झूठा मामला दिखाने की कोशिश की गई थी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच करने पर घर के पास एक महिला और एक अन्य व्यक्ति की संदिग्ध हरकतें दिखाई दीं। सीसीटीवी फुटेज में यह भी दिखा कि एक नकाबपोश आदमी रात करीब पौने दो बजे घर में घुसा और सुबह करीब सवा तीन बजे निकला। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी मंजू उर्फ नाजिया ने चमन के साथ मिलकर साजिश रचने में अपनी भूमिका कबूल की। जांच से पता चला कि इस घटना के पीछे घरेलू झगड़े, पैसों की दिक्कतें और मारपीट व बेइज्जती जैसे कारण मुख्य थे।

नींद की गोलियां दी, गला घोंटा, करंट लगाया और डंडे से मारा पीटा

देश के कई शहरों में महिलाओं द्वारा अपने पतियों की हत्या का ट्रेंड चल रहा है। कहीं नीले ड्रम में पतियों को मारकर भरा जा रहा है तो कहीं पहाड़ से धक्का देकर तो कहीं मारकर बाथरूम के फर्श के नीचे दबा दिया जा रहा है। ऐसा ही मामला संगम विहार का भी है। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुये बताया कि मृतक को पहले नींद की गोलियां दी गई थी। इसके बाद उसका गला घोंटा। इससे भी बात नहीं बनी तो बिजली का झटका दिया गया और आखिर में डंडे से मारा पीटा गया। चमन ने कथित तौर पर इस काम में मदद के लिये पांच लाख रुपये लिये थे। मंजू ने घटना के समय उसे 20 हजार दिए थे।

119 मामलों में शामिल अपराधी पकड़ा

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिले के स्पेशल स्टाफ ने मथुरा में पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर फायरिंग करने और भागने की कोशिश कर रहे कुख्यात बदमाश वसीम उर्फ लम्बू को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। इस घटना में एक पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हुआ है। बदमाश और पुलिसकर्मी दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डीसीपी आकांक्षा यादव के अनुसार इंस्पेक्टर सोमिल शर्मा के नेतृत्व में टीम ने वसीम को 10 अगस्त को बंगाल से गिरफ्तार किया था। पुलिस टीम उसे दिल्ली लेकर आ रही थी। रास्ते में मथुरा पहुंचने पर वसीम ने एक पुलिसकर्मी की पिस्टल छीन ली। इसके बाद उसने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग की और मौके से भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसे रोकने के लिए जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान वसीम के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। पुलिसकर्मियों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। फायरिंग में एक पुलिसकर्मी के बाजू में भी गोली लगी है। उसे भी मथुरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार वसीम के खिलाफ हत्या, लूट, हथियार तस्करी समेत करीब 119 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **आर.के. सचदेवा, मेसर्स न्यू पंजाब मोटर्स एंड ट्रैक्टर वर्क्स, केयर ऑफ–सी-36, वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110052 यहा भीः केयर ऑफ–डी-8/16,मॉडल टाउन पार्ट-II, दिल्ली-110009** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरूद्ध **CC No.1446/2021 U/S 138 NI Act** के तहत एक मामला **थाना आनंद विहार, शाहदरा जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **आर.के. सचदेवा** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **आर.के. सचदेवा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **CC No.1446/2021 U/S 138 NI Act, थाना आनंद विहार, शाहदरा जिला, दिल्ली** के अभियुक्त उक्त **आर.के. सचदेवा** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 30.09.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, अभिनव अहलावत
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-02
कमरा नंबर 38, भूतल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/11205/SHD/2026
(अदालती मामला)

कबूतर मार्केट में पांच दुकानों पर छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

■ 863 पक्षियों, जानवरों को कराया गया मुक्त

दिल्ली पुलिस द्वारा पशु कल्याण संगठनों और वन एवं वन्यजीव विभाग के साथ मिलकर जामा मस्जिद के पास कबूतर मार्केट में पांच दुकानों पर संयुक्त छापेमारी की गई। इस दौरान 863 पक्षियों और जानवरों को छुड़ाया गया।

यह कार्रवाई 'पीपल फॉर एनिमल्स' (पीएफए) से मिली सूचना के आधार पर की गई, जिसमें बाजार की दुकानों में संरक्षित पक्षियों और जानवरों की अवैध बिक्री और गैर कानूनी ढंग से कैद करके रखने का आरोप लगाया गया था। सूचना पुलिस, वर्ल्ड वाइड एनिमल और वन एवं वन्यजीव विभाग के अधिकारियों के साथ साझा की गई, जिसके बाद एक संयुक्त अभियान चलाया गया। मुक्त कराए पक्षियों और जानवरों को बेहद तंग, खराब और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में पिंजरों में कैद पाया गया, जिनमें से कई को तत्काल देखभाल की आवश्यकता थी। बरामद किए गए 863 पशु पक्षियों में से 431 की प्रथम दृष्टया पहचान ऐसे पशु पक्षियों के रूप में की गई, जो वन्यजीव कानूनों के तहत संरक्षित, प्रतिबंधित या अनुसूचित प्रजातियों में आते हैं। संरक्षित या अनुसूचित पक्षियों में 72 टुइया तोते, 183 गुलाबी माला तोता (रोज-रिंग्ड पैराकीट), 63 हीरामन तोते और 113 मुनिया पक्षी शामिल थे। बरामद किए गए पक्षियों और जानवरों को अपने कब्जे में रखने वाले पांच व्यक्तियों की पहचान इकबाल खान, आकाश, कानी राम, मोहम्मद आदिल खान और राशिद खान के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि इन पांचों व्यक्तियों को कानून के मुताबिक पाबंद किया गया है। पीएफए से जुड़े एक कार्यकर्ता और 'न्यूजपेपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया' के सलाहकार बोर्ड के एक सदस्य की शिकायत पर 10 अगस्त को जामा मस्जिद थाने में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। यह मामला वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

नीट प्रश्नपत्र लीक मामला

अदालत ने सीबीआई के आरोपपत्र का लिया संज्ञान

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई के आरोपपत्र का बुधवार को संज्ञान लिया। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने 13 आरोपियों के खिलाफ एजेंसी की अंतिम रिपोर्ट का संज्ञान लिया।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबआई) ने हाल में प्रश्नपत्र लीक और सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों के इस्तेमाल से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली त्वरित अदालत के सामने अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश की थी। अदालत संभवतः बृहस्पतिवार से आरोपों पर दलीलें सुनना शुरू करेगी।

एजेंसी ने कार्यवाही के दौरान अदालत से कहा कि जिन गवाहों के नाम मीडिया में छापे जा रहे हैं, उनमें से कुछ नाबालिग भी हो सकते हैं और आरोपपत्र के कुछ हिस्से लगातार अखबारों में प्रकाशित किए जा रहे हैं। अदालत ने इस मामले में गवाहों के नाम अखबारों में प्रकाशित किए जाने पर नाखुशी जताई।

अदालत ने कहा कि यह बहुत चौंकाने वाली बात है... जो बातें अभी तक अदालत में नहीं कही गई हैं और जो अभी आरोपपत्र का हिस्सा हैं... उनका मीडिया में सार्वजनिक होना बेहद चौंकाने वाला है।'' अदालत ने कहा कि जिम्मेदार मीडिया को ऐसी चीजों से बचना चाहिए।

SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED

Regd. Off.: 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036
Corp. Off.: 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-48, Gurugram (Haryana)-122002, Ph.: 0124-2719000
CIN: L26912DL1991PLC045449, Website: www.sainikfinance.com,
Email: info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com

Extract of Statement of Standalone Financial Results for the quarter ended on 30 June 2026

(Rs. in Lakhs)

Sl.	Particulars	3 months ended (Unaudited) 30.06.2026	3 months ended (Audited) 31.03.2026	Corresponding 3 months ended in the previous year (Unaudited) 30.06.2025	Year ended (Audited) 31.03.2026
1	Total Income from operations	442.02	482.96	361.99	1,695.11
2	Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items)	123.23	165.00	92.22	442.00
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items)	123.23	165.00	92.22	442.00
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items)	92.21	125.51	94.56	416.56
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	92.21	125.51	94.56	408.36
6	Equity Share Capital (face value of the share : Rs.10 each)	1,088.00	1,088.00	1,088.00	1,088.00
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as per previous financial year	-	-	-	3,739.64
8	Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) 1. Basic : 2. Diluted :	0.85 0.85	1.15 1.15	0.87 0.87	3.83 3.83

Notes:-

1. The above is an extract of the detailed format of quartery Financial Result for the quarter ended 30 June 2026 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2. The detailed financial results and this extract were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their meeting held on 12 August 2026. The auditors have carried out Limited Review of the financial results, as required under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015.

By order of the Board
For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Sarvesh Sindhu
Director
(DIN-06545787)

Place: Gurugram (Haryana)
Date: 12 August, 2026

पटरी पर कूदा यात्री सेवाएं हुई प्रभावित

नई दिल्ली। केंद्रीय सचिवालय और लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन के बीच पड़ने वाले सेवा तीर्थ स्टेशन (पूर्व में उद्योग भवन) पर बुधवार को एक यात्री के पटरी पर कूद गया। इससे येलो लाइन पर ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने उसे पटरी से हटाया। इस दौरान दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा यात्रियों को इस मार्ग पर सेवाएं बाधित होने की जानकारी देते हुए एक सूचना भी जारी करनी पड़ी। डीएमआरसी ने कहा कि सेवा तीर्थ मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर होने के कारण येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं में देरी हुई। मेट्रो संचालक ने यात्रियों को बताया कि अन्य सभी लाइनों पर ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं।

आईबी अधिकारी हत्या मामला

हाईकोर्ट ने दो दोषियों की अपील पर पुलिस से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने आसूचना ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में दो दोषियों की अपील पर बुधवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 के दंगों के दौरान भीड़ ने अंकित शर्मा पर हमला कर दिया था और उनका शव नाले में फेंक दिया था। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति विकास महाजन की पीठ ने नाजिम और कासिम की अपील सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए अभियोजन पक्ष को नोटिस जारी किया। अदालत ने आजीवन कारावास की सजा निलंबित करने के अनुरोध वाली दोषियों की याचिका पर भी नोटिस जारी किया और मामलों को सुनवाई के लिए दो दिसंबर को सूचीबद्ध किया। दोनों अपीलकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि अधीनस्थ अदालत द्वारा उन्हें दोषी ठहराए जाने का फैसला कायम नहीं रह सकता। उन्होंने दलील दी कि इस मामले में आरोपियों की शिनाख्त परेड नहीं कराई गई थी और गवाह के बयान की पुष्टि किसी स्वतंत्र साक्ष्य से नहीं हुई थी। पीठ ने कहा कि (अपील को सुनवाई के लिए) स्वीकार किया जाता है। हम नोटिस जारी कर रहे हैं। अभियोजन पक्ष की ओर से पेश अधिवक्ता रजत नायर ने कहा कि राज्य भी अधीनस्थ अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दायर करेगा क्योंकि उसने छह आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने इस मामले में 31 जुलाई को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या), 153ए (शत्रुता को बढ़ावा देना), 149 (गैर कानूनी रूप से एकत्र होना), 355 के साथ पठित 149 (आपराधिक बल एवं हमला), 148 (घातक हथियार से लैस होकर दंगा करना) और 147 (दंगा करना) के तहत दोषी ठहराया था। अदालत ने 31 जुलाई को हुसैन और चार सह-दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। यह मामला अंकित शर्मा के पिता रवींद्र कुमार की शिकायत पर दयालपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी से संबंधित है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	जीएमडीए गुरूग्राम	सेक्टर-107, गुरूग्राम में 11 वर्षीय त्रुटि जिम्मवारी सह रखरखाव अवधि (3 माह के टायल रन अवधि के पश्चात 3 वर्षीय त्रुटि जिम्मेदारी अवधि) समेत 200 एमएलडी मेन पम्पिंग स्टेशन (एमपीएस) और 100 एमएलडी एसटीपी के साथ-साथ पावर जनरेशन की डिजाइन व निर्माण तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।	06.08.2026 31.08.2026	1,97,70,64,315/-	https://www.gmda.gov.in	9773972700 xen4infra2.gmda@gov.in
2	जीएमडीए गुरूग्राम	सेक्टर-9ए, गुरूग्राम में 168 एमएलडी एमपीएस और धनवापुर में 68 एमएलडी क्षमता एसटीपी का प्रचालन व रखरखाव और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 3 कार्य।	07.08.2026 24.08.2026	10,63,63,640/-	https://www.gmda.gov.in	9773972700 xen4infra2.gmda@gmda.gov.in
3	जीएमडीए गुरूग्राम	बसई चौक फ्लाईओवर गुरूग्राम के नीचे मौजूदा मास्टर सीवर लाइन आकार 1600 मिमी आई/डी और 1800 मिमी आई/डी पाइप लाइन का मजबूतीकरण / पुनः स्थापना सहित मशीन वाउंड स्पायरल लाइनिंग (एमडब्ल्यूएसएल) टेक्नोलॉजी समेत स्थल सर्वेक्षण, यांत्रिकी साधनों द्वारा गाद निकालना, पम्पिंग का प्रावधान और बाइपास व्यवस्थाएं, गाद/कूडा -कर्कट का निपटान, सभी प्रकार से पूर्ण सभी सामग्रियों, लेबर की आपूर्ति और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य (3 वर्षीय निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत)।	07.08.2026 24.08.2026	8,39,12,280/-	https://www.gmda.gov.in	9773972700 xen4infra2.gmda@gmda.gov.

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/120/48131/I/88/7 दि. 12.08.26

अंतरराज्यीय मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

■ तीन नाबालिग समेत नौ पकड़े, 10 पीड़ितों को बचाया

अंबेडकर नगर पुलिस ने अंतरराज्यीय मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह के चंगुल में फंसे 10 पीड़ितों को बचाया गया है। छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके अलावा तीन नाबालिग भी पकड़े गये हैं।

पुलिस के अनुसार दिल्ली, गुजरात और उत्तर प्रदेश से 10 पीड़ितों को बचाया गया। यह गिरोह सोशल मीडिया के जरिए अच्छी नौकरी का लालच देकर लड़कियों खासकर नाबालिगों को अपने जाल में फंसाता था। पुलिस का कहना है कि पकड़े गये आरोपियों का एक साथी प्रिंस अभी भी फरार है। उसे पकड़ने की कोशिशें जारी हैं।

अच्छी नौकरी का करते थे वादा

पुलिस के अनुसार इसी साल 9 मई को दक्षिणपुरी से लापता हुई एक 15 वर्षीय लड़की के केस से जांच शुरू हुई थी। जांच के दौरान पता चला कि पीड़िता को सोशल मीडिया के जरिए अच्छी नौकरी, आकर्षक वेतन और बेहतर जीवनशैली का लालच देकर फंसाया गया था और फिर उसे दिल्ली से बाहर ले जाया गया था। टेक्निकल सर्विलांस और डिजिटल सबूतों की जांच से पता चला कि गायब लड़की को गुजरात के मुंद्रा ले जाया गया था। पुलिस टीम ने एक दिन में लगभग 1,500 किलोमीटर का सफर तय किया और स्थानीय पुलिस की मदद से पीड़ित लड़की को गुजरात के कच्छ जिले के मुंद्रा में टीजीआर होटल में चल रहे एक स्पा से रेस्क्यू करवाया गया। ऑपरेशन के दौरान, स्पा ऑपरेटर दामनी सुशील हरेश उर्फ सुशील, रिसेप्शनिस्ट लक्ष्य और दो नाबालिगों को पकड़ा गया। आगे की टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर उत्तर प्रदेश के बलिया और दिल्ली के गणेश नगर में कोऑर्डिनेटेड ऑपरेशन चलाए गए। बलिया के मेलोडी स्पा सेंटर से सात लड़कियों को बचाया गया, जहां आरोपी मोनू शर्मा और संजीव मौर्य उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद दिल्ली के गणेश नगर से दो नाबालिग लड़कियों को बचाया गया और आरोपी खुशी उर्फ पूजा को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल चमोला पुत्र स्व. श्री गीतराम चमोला निवासी सी–901, शुभकामना अपार्टमेंट, सेक्टर–50, नोएडा, उत्तर प्रदेश** ने कोर्ट केस **एफआईआर नं. 157/2017, अंतर्गत धारा 420/467/468/471 आईपीसी, दिनांक 09.08.2017, थाना नारायणा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल चमोला** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल चमोला** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि कोर्ट केस **एफआईआर नं. 157/2017, अंतर्गत धारा 420/467/468/471 आईपीसी, दिनांक 09.08.2017, थाना नारायणा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल चमोला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.09.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री अंकित गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-08
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/10903/WD/2026
(Court Matter)

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प हिसार	हिसार में लोनिवि कार्यालय परिसर में निर्माण सदन का निर्माण (विद्युत सब स्टेशन, डीजी सैट, एयर कंडशनिंग सिस्टम, हाईमास्ट और स्ट्रीट / सिक्योरिटी लाइट का प्रावधान केवल)।	10.08.2026 17.08.2026	172.45 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in
2	लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र	कुरुक्षेत्र जिले में सेक्टर-30 चौक सहित थानेसर उमरी रोड पर जंक्शन का सुधार।	10.08.2026 17.08.2026	26.79 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in
3	लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र	कुरुक्षेत्र जिले में शाहाबाद ठोल रोड से ठसकाली (रोड आईडी 8135) तक रोड की विशेष मरम्मत।	10.08.2026 17.08.2026	6.70 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in
4	लोनिवि भ व प नरवाना	जीन्द जिले में पीडी नरवाना के तहत उचाना निर्वाचन क्षेत्र के 2 अदद रोड ग्रुप नं. 2 की विशेष मरम्मत (I) जीन्द जिले में बुडैन से केन्द्रीय विद्यालय रोड (रोड आईडी 11975) (II) जीन्द जिले में उचाना लिंक रोड (रोड आईडी 6805) + 4 कार्य।	11.08.2026 20.08.2026	1949.11 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8398098075 pwdnarwana@gmail.com
5	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी	बाढ़ का पानी निकालने के लिए एलडब्ल्यूएस (एम) उपमंडल सं. 2, चरखी दादरी के अधिकार-क्षेत्र के तहत स्टोर में सामग्री की आवश्यकता और एक अन्य कार्य के सम्बन्ध में।	बंद होने की तिथि 21.08.2026	15.21 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01250-220058 xenlwsmech@gmail.com
6	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला	यांत्रिकी मण्डल फरीदाबाद हेतु मौजूदा मैनुअल एचओटी से ईओटी में कनवर्जन द्वारा 5 टन क्षमता के 02 अदद 06 डायरेक्शनल ईओटी क्रेन अनुमोदित मेक की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन।	12.08.2026 25.08.2026	14 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0172582542 xenproc@gmail.com
7	पंचायती राज भिवानी	गांव कालोड, ब्लॉक सिवानी में राजकीय विद्यालय में शौचालय का निर्माण, एसकेयूवाई + 7 कार्य।	11.08.2026 17.08.2026	77.91 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in
8	पंचायती राज रेवाड़ी	गांव सबान, ब्लॉक बावल, जिला रेवाड़ी में सबान से रामसिंह पुरा तक आईपीबी रास्ता का निर्माण + 3 कार्य।	10.07.2026 17.08.2026	154.98 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466112077 xenpr.rwr@gmail.com
9	पंचायती राज कुरुक्षेत्र	जलालुद्दीन माजरा, गांव जलालुद्दीन माजरा, ब्लॉक बाबैन में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण।	11.08.2026 18.08.2026	1265.18 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in
10	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल	केसीजीएमसी, करनाल में प्रयोगशाला के कंज्यूमेबल मदों (ब्रेन हार्ट इनफ्यूजन ब्रोथ, मल्लारहिन्टन अगार इत्यादि) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में।	17.08.2026 26.08.2026	ईएमडी 10000	https://etenders.hry.nic.in	9467076884 director.kcghc-hry@gov.in
11	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल	केसीजीएमसी करनाल में प्रयोगशाला के कंज्यूमेबल मदों (एलिसा फॉर 1, 3- बेटा डी ग्लूकान (यूएस एफडीए अनुमोदित) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में।	17.08.2026 26.08.2026	ईएमडी 10000	https://etenders.hry.nic.in	9467076884 director.kcghc-hry@gov.in
12	नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा	किंग एयर बी200जीटी, वीटी-एचसीए (रॉकवैल कॉलिंस प्रो लाइन फ्यूजन डिजिटल एवियोनिक्स सुइट सहित सुसज्जित, फेज-3 अपग्रेड) एयरक्राफ्ट का व्यापक बीमा।	11.08.2026 10.09.2026		https://etenders.hry.nic.in	1722709386 cavation@hry.nic.in
13	राजकीय महाविद्यालय अहरवाला, बिलासपुर, यमुनानगर	राजकीय महाविद्यालय अहरवाला (बिलासपुर) जिला यमुनानगर, हरियाणा-135102 में कैंटीन सेवाओं के प्रावधान हेतु निविदा।	14.08.2026 29.08.2026	ईएमडी 10000	https://etenders.hry.nic.in	9034313634 gcbilaspurinformation@gmail.com
14	बागवानी विभाग, सीओई, फॉर खरीफ अनियन प्यानंगावा, नूह	वर्ष 2026-27 हेतु राष्ट्रीय समाचार-पत्रों में सीओई, पिनांगवान (नूह) में ''नये एल्यूमीनेट नेट, ग्रीन शैड नेट, पॉलीनेट हाउस और संरक्षित संरचना में अन्य नई मदें की स्थापना और मरम्मत'' हेतु ई-निविदा (वस्तु एवं सेवाएं) के पुनःआमंत्रण के सम्बन्ध में।	14.08.2026 15.09.2026	ईएमडी 26000/-	https://etenders.hry.nic.in	9354801351 coepinangawa0@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/280/48136/I/88/7 दि. 12.08.26

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय से अंतिम मंजूरी का इंतजार

दिल्ली के मास्टर प्लान-2047 को मंजूरी, डीडीए की बैठक में फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के अगले दो दशकों के विकास की दिशा तय करने वाले मास्टर प्लान-2047 (एमपीडी-2047) को बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने मंजूरी दे दी। उपराज्यपाल एवं डीडीए के अध्यक्ष सरदार तरनजीत सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई प्राधिकरण की बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। अब एमपीडी-2047 को अंतिम मंजूरी और अधिसूचना के लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय को भेजा जाएगा।

उपराज्यपाल संधू ने बताया कि प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत-2047' के विजन के अनुरूप तैयार इस मास्टर प्लान में आवास, परिवहन, आर्थिक विकास, पर्यावरण, बुनियादी ढांचे, विरासत संरक्षण और शहरी पुनर्विकास पर जोर दिया गया है। बैठक में डीडीए के उपाध्यक्ष एन. सरवण कुमार सहित प्राधिकरण के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक का एक बड़ा फैसला उत्तर-पश्चिम दिल्ली, खासकर नरेला सब-सिटी के लिए रहा। डीडीए ने रिठाला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर के प्रस्तावित मेट्रो डिपो के लिए 19.63 हेक्टेयर जमीन का लैंड यूज बदलने को मंजूरी दी है। यह जमीन अभी 'रिक्रिएशनल' और 'पब्लिक एंड सेमी पब्लिक' श्रेणी में है, जिसे अब 'ट्रांसपोर्टेशन' में बदला जाएगा। रिठाला-कुंडली रेड लाइन विस्तार से नरेला, रोहिणी और उत्तर-पश्चिम दिल्ली की कनेक्टिविटी हरियाणा से मजबूत होगी। इससे सड़क पर वाहनों का दबाव और यात्रियों का सफर का समय कम होने की उम्मीद है। डीडीए की नई आवासीय परियोजनाओं और प्रस्तावित नरेला यूनिवर्सिटी हब को भी इसका सीधा लाभ मिलने की संभावना है। मेट्रो के साथ इलाके में आवासीय, व्यावसायिक, होटल और सेवा क्षेत्र में निवेश बढ़ने तथा रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद जताई गई है।

'50 साल पुराने मकानों के पुनर्विकास का रास्ता खुला'

डीडीए ने पुरानी दो मंजिला आवासीय इकाइयों के पुनर्निर्माण और पुनर्विकास के लिए एक समान नीति को भी मंजूरी दी है। यह नीति नारायणा विहार समेत दिल्ली की अन्य पुरानी डीडीए आवासीय योजनाओं पर लागू होगी। डीडीए -1962 के दौर में बनी कई डीडीए कॉलोनियों में व्यक्तिगत भूखंडों पर बने मकान 50 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके हैं। इनके लिए अब तक पुनर्विकास का एक समान प्रावधान नहीं था। नई नीति के तहत इन निर्मित दो मंजिला मकानों को खाली आवासीय भूखंडों के समान पुनर्विकास अधिकार मिलेंगे। हालांकि पुनर्निर्माण के लिए भूखंड का आकार, एफएआर, ग्राउंड कवरेज, भवन की ऊंचाई, संरचनात्मक सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा और यूनिफाईड बिल्डिंग बाय लॉज (यूबीबीएल) का पालन करना होगा। लागू कन्वर्जन चार्ज, बेटरमेंट लेवी और अन्य शुल्क भी देने होंगे।

'बिल्डिंग परमिट की प्रक्रिया होगी आसान'

डीडीए ने यूबीबीएल-2016 में संशोधन को भी मंजूरी दी है। अब भवन निर्माण की अनुमति लेने के लिए पहले से डीपीसीसी, मुख्य कारखाना निरीक्षक, दिल्ली जल बोर्ड और वन विभाग से एनओसी लेने की आवश्यकता को खत्म करने का प्रावधान किया गया है। डीडीए का कहना है कि इससे अनावश्यक प्रक्रियागत देरी कम होगी और भवन योजनाओं को तेजी से मंजूरी मिल सकेगी।

'स्वच्छ वातावरण के लिए गाजीपुर में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट'

डीडीए के अनुसार, गाजीपुर में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, मंगोलपुरी-केशोपुर औद्योगिक क्षेत्रों का डीनोटिफिकेशन स्वच्छ और हरित दिल्ली की दिशा में डीडीए ने गाजीपुर के इंटीग्रेटेड फ्रेट कॉम्प्लेक्स (आईएफसी), पॉकेट-सी में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट के लिए जमीन का लैंड यूज 'कमर्शियल' से 'यूटिलिटी' करने को मंजूरी दी है। वहीं पॉकेट-बी में 752.51 वर्गमीटर जमीन को रिक्रिएशनल उपयोग में बदलकर क्षतिपूरक हरित क्षेत्र विकसित किया जाएगा। इसके अलावा बेहतर रखरखाव और नगर निकाय संबंधी कार्यों के लिए मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 और केशोपुर इंडस्ट्रियल एरिया के डीनोटिफिकेशन को भी मंजूरी दी गई।

विधानसभा के मानसून सत्र में चार विधेयक पारित, 52 मामले उठे : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के मानसून सत्र में चार विधेयक पारित किए गए। 13 घंटे 19 मिनट की चली सदन की कार्यवाही में नियम 280 विशेष उल्लेख के तहत 23 सदस्यों को अपने क्षेत्र के मुद्दे उठाने का अवसर दिया गया। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रेसवार्ता में दी।

प्रेसवार्ता में विजेंद्र ने मानसून सत्र को बेहद सफल बताते हुए कहा कि सत्र के दौरान चार महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए गए और पारित किए गए। इनमें दिल्ली बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रतिष्ठान (निरसन) विधेयक, 2026, नागरिकों को समयबद्ध और सुगम सेवाओं की उपलब्धता के अधिकार से संबंधित विधेयक, 2026, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2026, तथा दिल्ली अग्निशमन सेवा (संशोधन) विधेयक, 2026 शामिल है।

अध्यक्ष विजेंद्र ने कहा कि नियम 280 के तहत सदस्यों ने कुल 52 जनहित के मामले उठाए। विजेंद्र ने बताया कि 22 विपक्षी सदस्यों वाली विधानसभा में विपक्ष के लगभग 20 सदस्य सदन में उपस्थित थे। वहीं, सत्तापक्ष की भी मजबूत उपस्थिति थी जिनमें 48 में से लगभग 44–45 सदस्य सदन में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सदन में उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों में राजनीतिक नेताओं की भूमिका और सजा के मुद्दे पर दो दिवसीय अल्पकालिक चर्चा भी हुई। इसके अलावा, दिल्ली लक्ष्मी योजना के संबंध में सदन ने सर्वसम्मति से बधाई प्रस्ताव पारित किया। अध्यक्ष ने कहा कि आठवीं विधानसभा के अब तक हुए छह सत्रों में कई सालों से रूकी 19 कैग की रिपोर्टों को सदन में पेश किया गया और उन पर चर्चा की गई। सभी रिपोर्टों को संबंधित सरकारी विभागों को एक्शन टेकन रिपोर्ट के लिए भेज दिया गया है।

गुप्ता ने सदन और विधानसभा परिसर में कुछ विपक्षी सदस्यों के अमर्यादित आचरण की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही में व्यवधान पैदा करने, चावल जैसी वस्तुएं फेंकने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने और तीनों दिन मार्शलों के हस्तक्षेप की स्थिति पैदा करने जैसी घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

- विशेष उल्लेख नियम 280 के तहत एक ही दिन में 23 सदस्यों को मुद्दे उठाने का मिला अवसर, सदन में 13 घंटे 19 मिनट की चली कार्यवाही

सड़कों पर गड्ढों एवं टूटे हुए मेनहोल को ढ़के अधिकारीः सत्या शर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बारिश के दौरान सड़कों पर गड्ढों एवं टूटे हुए मेनहोल को ढ़कने लिए निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में प्राथमिकता के आधार पर सड़कों की तत्काल मरम्मत तथा खुले मेनहोल एवं क्षतिग्रस्त गली ग्रेट्स को दुरुस्त करने के दिए निर्देश हैं। सत्या शर्मा ने कहा कि लगातार हो रही बारिश के कारण कई सड़कों की स्थिति खराब हो गई है तथा अनेक स्थानों पर सड़कें टूटने और गड्ढे होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इन गड्ढों के कारण वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा दुर्घटनाओं और यातायात संबंधी समस्याओं की आशंका बनी रहती है। बारिश के दौरान पानी भर जाने के कारण कई गड्ढे स्पष्ट रूप से दिखाई भी नहीं देते, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है।

दिल्ली विधानसभा के मानसून सत्र में गूंजी नागरिक समस्याएं

सदस्यों ने कूड़ा निस्तारण, जलभराव और आवारा पशु सहित कई समस्याओं को सदन में जोरशोर से उठाया

विनोद मणि गौतम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के मानसून सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों द्वारा नागरिक समस्याओं को जोरशोर से उठाया गया। तीन दिन 7, 10 और 11 अगस्त को चले सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने विशेष उल्लेख (नियम संख्या 280) के तहत जहां कूड़ा निस्तारण, जलभराव, आवारा पशु, पीडब्ल्यूडी की सड़कों और बिजली के बिलों सहित कई समस्याओं को सदन में रखा। सदस्य डॉ. अनिल गोयल ने नियम 280 के तहत कूड़ा

जमा होने वाले स्थानों, खुले कूड़ेदानों, अपर्याप्त कूड़ा उठाने की व्यवस्था तथा स्वच्छता से संबंधित चिंताओं को सदन के समक्ष रखा। सदन में इस विषय पर सत्तापक्ष के सदस्य अभय वर्मा, पवन शर्मा और तरविंदर सिंह मारवाह ने भी सहमति जताई। वहीं सत्तापक्ष के सदस्य हरीश खुराना ने आवारा पशुओं का मुद्दा उठाया और सदन को बताया कि कुछ अनधिकृत डेयरी संचालकों द्वारा दूध निकालने के बाद पशुओं को सड़कों पर छोड़ दिया जाता है।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सड़कों पर खुले में घूमते पशु दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं और आम जनता को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मामले को दिल्ली नगर निगम संबंधी विशेष समिति को सौंपते हुए निगम को विधानसभा के समक्ष की जा रही कार्रवाई की जानकारी देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सत्तापक्ष के सदस्य गजेंद्र यादव ने महरौली में स्थित दिल्ली सरकार की खाली पड़ी इमारत में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण कार्य की प्रक्रिया में तेजी लाने का अनुरोध किया। वहीं विपक्ष के सदस्य इमरान हुसैन ने बल्लीमारान क्षेत्र में लगातार हो रही भीषण ट्रैफिक जाम की समस्या, स्कूली बच्चों को हो रही असुविधा, जर्जर सड़कों की मरम्मत न होने और संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर के बजाय अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में गाड़ियों की अनधिकृत पार्किंग का मुद्दा उठाया। इनके अलावा सत्तापक्ष के सदस्य प्रवेश रत्न ने पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र में सीवर ब्लॉक की समस्या और सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठाया। संजय गोयल ने अदालतों में लंबित मामलों को तेजी से निपटाने के लिए बुनियादी ढांचे और फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग।

चंदन कुमार चौधरी ने संगम विहार क्षेत्र में पानी टैंकर माफिया की मनमानी रोकने और पाइप लाइन बिछाने की मांग। अभय कुमार वर्मा ने लक्ष्मी नगर क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम के सुधार और ट्रैफिक सिग्नल दुरुस्त करने की मांग रखी।

साईकिल मामले पर आमने सामने आप–भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारा हाल में स्कूली छात्राओं को वितरित की गई साईकिलों के बाद आम आदमी पार्टी नेताओं और भाजपा की दिल्ली सरकार के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और विधायक संजीव झा ने साईकिल खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए दिल्ली सरकार पर घोटाले के आरोप लगाए हैं। आप प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की सात हजार वाली घोटाला साइकिल से 4200 वाली साइकिल बेहतर है। प्रेसवार्ता में दोनों साइकिलों को दिखाया गया। सरकारी साइकिल पर स्काइलर का नकली स्टीकर लगा है, कंपनी ने यह मॉडल बनाना बंद कर दिया है। हमारी साइकिल के टायर, रिम और ब्रेक ब्रांडेड हैं, लेकिन सरकारी साइकिल के लोकल व सस्ते हैं।

सीएम व शिक्षा मंत्री खुद बताएं, कौन सी साइकिल असली : भारद्वाज

जनकल्याणकारी योजनाओं से बौखला रहे हैं आप नेता : सूद

वहीं, दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार की सफल जनकल्याणकारी योजनाओं से बौखलाकर आप नेता लगातार झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। सूद ने कहा कि साइकिल खरीद पर आप नेता झूठे आरोप लगा रहे हैं। फर्जी आंकड़ों और भ्रामक अभियान को बेनकाब करते हुए सूद ने कहा कि 3000 से अधिक छात्राओं के लिए सफल साइकिल योजना की सफलता से आप पार्टी बौखलाई हुई है। सूद ने कहा कि पांच दिनों में आप के आरोपों में 70 प्रतिशत, 40 प्रतिशत, 43 प्रतिशत, 66 प्रतिशत और 75 प्रतिशत जैसे बदलते आंकड़े उसकी बेबुनियाद राजनीति को उजागर करते हैं।

भारत मंडपम में भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 का हुआ शुभारंभ

नई दिल्ली। भारत की व्यापारिक शक्ति, उद्यमशीलता, नवाचार क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को समर्पित भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 का बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भव्य शुभारंभ हुआ। 12 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव का उद्घाटन केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कैट की रणनीतिक सलाहकार स्मृति ईरानी, स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ नेता कश्मीरी लाल, कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल सहित देशभर से आए हजारों व्यापारी, एमएसएमई, स्टार्टअप्स, निर्माता, निर्यातक, महिला उद्यमी एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लक्ष्मी योजना में पंजीकरण की गति बहुत धीमी : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की गरीब महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा शुरू की गई दिल्ली लक्ष्मी योजना में जटिलताओं के कारण पंजीकरण की गति बहुत धीमी है। यह बात बुधवार को दिल्ली दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही।

उन्होंने कहा कि इस योजना में पंजीकरण के लिए दस साल का निवास प्रमाण और 2400 यूनिट का दायरा जैसी कई शर्तों से महिलाएं परेशान हो रही हैं। यादव ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगता है कि रेखा सरकार की महिलाओं को 2500 रुपए देने की नियत नहीं है। यादव ने कहा कि स्थानीय समन्वय केंद्रों पर कई तकनीकी कठिनाइयों के कारण, योजना में पंजीकरण प्रक्रिया बहुत ही धीमी गति से चल रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा 1 अगस्त, 2026 को योजना शुरू होने के बाद पहले 12 दिनों के भीतर केवल 5 लाख महिलाएं ही दिल्ली लक्ष्मी योजना पोर्टल पर पंजीकरण करने पर सफलता हासिल कर पाई हैं।

'पुस्तकालय सिर्फ किताबों का संग्रह नहीं, सभ्यता का मौन प्रहरी'

नई दिल्ली। पुस्तकालय सिर्फ किताबों का संग्रह ही नहीं होता है बल्कि सभ्यता का मौन प्रहरी और ज्ञान का अमर मंदिर है। यह केवल सामूहिक चेतना का भंडार ही नहीं बल्कि इतिहास की स्मृति, वर्तमान का विवेक और भविष्य की आशा है। यह विचार तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में पुस्तकालय दिवस के आयोजन पर बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। बता दें कि 12 अगस्त को पद्मश्री डॉ. एस.आर. रंगनाथन की जयंती के अवसर पर देशभर में पुस्तकालय दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में प्रो. बलराम पाणि (डीन ऑफ कॉलेजेज, डीयू), प्रो. पायल मागो (निदेशक, सीओएल, डीयू), विभागाध्यक्ष प्रो के. पी. सिंह, डॉ. अजय शंकर पांडेय, (सेवानिवृत्त आईएएस), प्रो. आर. के. भट्ट, प्रो. एम. पी. सिंह उपस्थित रहें। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने प्रो. मनोज कैन को विद्यार्थियों में पुस्तकालय के प्रति अभिरूचि विकसित करने के लिए अवार्ड से सम्मानित किया। राज्यपाल शुक्ला ने कहा कि पुस्तकालयों के विकास और शोध के क्षेत्र में डॉ. रंगनाथन का योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम में राज्यपाल शुक्ला ने कहा कि जिस समाज में अच्छे ग्रंथों का सम्मान होता है, वहां संस्कृति जीवित रहती है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन भारत में ज्ञान को श्रुति और स्मृति के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित रखा गया। बाद में विभिन्न विषयों पर भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़े और लकड़ी जैसे माध्यमों पर पांडुलिपियां लिखी गईं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिक

इंडिया गेट से कर्तव्य पथ तक भाजपा नेताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के सांसद व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को इंडिया गेट से कर्तव्य पथ तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। दिल्ली सरकार की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम देशभर में चल रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित किया गया।

इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों आदि ने भी भागीदारी की और हाथों में तिरंगा थामकर राष्ट्र के प्रति गौरव और सम्मान की भावना को व्यक्त किया। यह तिरंगा यात्रा इंडिया गेट से शुरू होकर रफी मार्ग, कर्तव्य पथ तक निकाली गई। यात्रा में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, रविन्द्र इन्द्राज सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा एवं नागरिक भी उपस्थित थे।

'हर घर तिरंगा' जनभागीदारी का एक सशक्त अभियानः नितिन नबीन

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद नितिन नबीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' आज जनभागीदारी का एक सशक्त अभियान बन चुका है। तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रगौरव की भावना से देश का हर वर्ग उत्साहपूर्वक इस अभियान से जुड़ रहा है। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि इस स्वतंत्रता दिवस अपने अमर शहीदों को नमन करते हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ें और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को और मजबूत करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

देश की उपलब्धियों और विकास यात्रा को करें यादः रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 15 अगस्त केवल स्वतंत्रता का उत्सव ही नहीं, बल्कि भारत की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों को याद करने का भी अवसर है। आजादी के बाद भारत ने अनेक चुनौतियों को पार करते हुए विकास, विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था, शिक्षा और आधारभूत संरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह यात्रा देश के करोड़ों नागरिकों के परिश्रम, संकल्प और सामूहिक योगदान की कहानी है। हर राष्ट्र की यात्रा में चुनौतियां और सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है, लेकिन स्वतंत्रता दिवस हमें यह देखने का अवसर देता है कि हमने कहां से शुरुआत की थी और आज कहां तक पहुंचे हैं। भारत की उपलब्धियों पर गर्व करते हुए हमें आने वाले वर्षों के लिए और बड़े संकल्प लेने चाहिए।

खबर संक्षेप

सातवें दिन भी हड़ताल जारी, जोरदार प्रदर्शन

फरीदाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर चल रही राज्यव्यापी हड़ताल के सातवें दिन आज नगर निगम फरीदाबाद में फील्ड से लेकर कार्यालयों तक सफाई, सीवर, हॉर्टिकल्चर, इंजीनियरिंग विभाग सहित विभिन्न शाखाओं का कामकाज प्रभावित रहा। हड़ताली कर्मचारी आज नगर निगम मुख्यालय, बी के चौक पर सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर की अध्यक्षता में एकत्रित हुए सरकार की नीतियों एवं वादाखिलाफी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

चोरी के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। ऊंचा गांव स्थित गैस एजेंसी से खाली सिलेंडर चोरी करने का मामले में कार्रवाई करते हुये क्राईम ब्रांच सेक्टर-16 की टीम ने अजय व अलताफ निवासी आशियाना सेक्टर-62 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। जिनसे चोरी किये गये चारों सिलेंडर बरामद कर लिये गये हैं।

अवैध हथियार रखने वालों पर पुलिस का प्रहार जारी

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन ट्रेकडाउन के अंतर्गत अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिसके निरंतर में 11 अगस्त को अपराध शाखाओं की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 देसी कट्टे बरामद किये हैं। पुलिस के अनुसार 11 अगस्त को अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने इमरान निवासी गांव कुरैशीपुर धौज फरीदाबाद को अवैध देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया, रितिक निवासी राहुल कालोनी एसजीएम नगर फरीदाबाद को अवैध देसी डबुआ मंडी से, टीम ने ध्रुव निवासी त्रिखा कालोनी फरीदाबाद को अवैध देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया।

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने जटिल गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल पुनर्निर्माण सर्जरी में दर्ज की महत्वपूर्ण

सर्जरी के लगभग एक वर्ष बाद मरीज सामान्य रूप से भोजन करने में सक्षम

पहली बार गंभीर इसोफेगल सिकुड़ने से पीड़ित महिला का सफल इसोफेगल बाईपास हुआ, जटिल ऑपरेशन डॉ. राहुल गौतम, लीड गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन के नेतृत्व में सर्जरी टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ईएसआईसी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज फरीदाबाद के गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विभाग ने जटिल गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। संस्थान में पहली बार कोरोसिव इंजेशन के बाद गंभीर इसोफेगल सिकुडन से पीड़ित 30 वर्षीय महिला का सफल इसोफेगल बाईपास किया गया। सर्जरी के लगभग 12 महीने बाद मरीज सामान्य रूप से भोजन कर रही है और स्वतंत्र रूप से अपनी दैनिक गतिविधियां करने में सक्षम है।

30 वर्षीय महिला का सफल इसोफेगल बाईपास किया गया

इस उपलब्धि में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डीन डॉ. कालीदास चव्हाण दत्तात्रेय, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. संदीप कुमार तथा डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. सुमित चक्रवर्ती के निरंतर मार्गदर्शन, समर्थन और प्रोत्साहन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके अतिरिक्त सर्जरी विभाग, एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर, नर्सिंग तथा अन्य सहायक टीमों ने पेरिऑपरेटिव देखभाल में समन्वित भूमिका निभाई।

यह जटिल ऑपरेशन डॉ. राहुल गौतम, लीड गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन के नेतृत्व में सर्जरी टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। सर्जरी का उद्देश्य क्षतिग्रस्त इसोफेगल भाग को बाईपास करते हुए भोजन के लिए एक सुरक्षित एवं कार्यात्मक मार्ग तैयार करना था। इस प्रकार की पुनर्निर्माण प्रक्रियाएं तकनीकी रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण मानी जाती हैं और इनके लिए सूक्ष्म सर्जिकल योजना तथा बहु.विषयक पेरिऑपरेटिव देखभाल की आवश्यकता होती है। सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी संतोषजनक रही। पोस्टऑपरेटिव दिन-12 पर ओरल फीडिंग प्रारंभ की गई, जिसके बाद उसके भोजन ग्रहण करने की क्षमता में लगातार सुधार हुआ। वर्तमान में मरीज स्वयं भोजन करने, चलने-फिरने तथा सामान्य जीवन गतिविधियों को स्वतंत्र रूप से करने में सक्षम है।

डॉ. ने बताया कि मरीज को लगभग एक वर्ष पूर्व संक्षारक पदार्थ के सेवन के बाद फूड पाइप में गंभीर क्षति और सिकुडन की समस्या हो गई थी। इसके कारण उसे भोजन निगलने में लगातार कठिनाई हो रही थी और उसका सामान्य ओरल इनटेक गंभीर रूप से प्रभावित हो गया था। विस्तृत क्लिनिकल एवं रेडियोलॉजिकल मूल्यांकन के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों ने निश्चित सर्जिकल पुनर्निर्माण का निर्णय लिया।

बीएलओ स्तर पर प्राप्त आवेदनों की नियमित निगरानी करें अधिकारी

प्रत्येक दावे एवं आपत्ति का निर्धारित समय सीमा में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करें निपटारा: निर्वाचन अधिकारी सिन्हा

» मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना एसआईआर.2026 का मुख्य उद्देश्य

» स्थानांतरित, मृत अथवा डुप्लीकेट मतदाताओं से संबंधित मामलों का भी नियमानुसार सत्यापन कर की जाए आवश्यक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आयुष सिन्हा ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर-2026 की पूरी प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि दावे एवं आपत्तियां लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण करते हुए नियमानुसार निर्णय लिया जाए। किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से न छूटे तथा अपात्र नामों को नियमों के तहत हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आयुष सिन्हा ने सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक एसआईआर कार्य की नियमित समीक्षा करें। बीएलओ द्वारा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों की जानकारी समय पर संबंधित स्तर पर उपलब्ध करवाई जाए तथा सत्यापन प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जहां किसी प्रकरण में अतिरिक्त दस्तावेज अथवा सत्यापन की आवश्यकता हो, वहां नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करते हुए संबंधित नागरिक को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष सिन्हा ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। इसलिए इसके पुनरीक्षण कार्य में प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

80 फीट लंबे तिरंगे के साथ आये छात्रों को मंत्री राजेश नागर ने दी बधाई

फरीदाबाद। हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर ने कहा कि देशभक्ति केवल एक दिन नहीं बल्कि हर पल निबाहने की चीज है। उन्होंने कहा कि हमें अपना हर काम करने से पहले उसके देश पर पडने वाले परिणामों पर विचार करना चाहिए। वह 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रेडिएंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगांव द्वारा देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर स्कूल के कक्षा छठी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने 80 फीट लंबे राष्ट्रीय ध्वज के साथ पूरे उत्साह, अनुशासन और गर्व के साथ यात्रा में भाग लिया। विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई यह तिरंगा यात्रा हरियाणा सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर के निवास तक पहुंची।

पूर्व मंत्री शर्मा ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

बढ़ा टैक्स वापस नहीं हुआ तो बाजार बंद कराने की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की गई भारी वृद्धि के खिलाफ व्यापारियों का आक्रोश अब निर्णायक चरण की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। नवयुग मार्केट में हाउस टैक्स विरोधी संघर्ष समिति के नेतृत्व में चल रहा व्यापारियों का धरना बुधवार को सातवें दिन भी जारी रहा।

हाउस टैक्स के खिलाफ आंदोलन में आया नया मोड़

उधर पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने दी आमरण अनशन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि नगर निगम ने बढ़े हुए हाउस टैक्स को वापस लेकर जनता को राहत देने की दिशा में शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो वे आमरण अनशन पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। धरना स्थल पर आयोजित बैठक में व्यापारियों ने कहा कि लगातार एक सप्ताह से आंदोलन चलने के बावजूद नगर निगम प्रशासन की ओर से समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे व्यापारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। बैठक में आंदोलन को और व्यापक बनाने तथा जरूरत पड़ने पर शहर के बाजारों को बंद कराने की रणनीति पर भी विचार किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि जनहित से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा। सरकार और नगर निगम को करदाताओं की परेशानी को समझते हुए तत्काल ठोस निर्णय लेना चाहिए। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले सात दिनों से व्यापारी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहे हैं। अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए, बातचीत के प्रयास किए गए और धरने के माध्यम से अपनी मांग सरकार तक पहुंचाई गई, लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आया।

सेक्टर-12 स्थित हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित होगा जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का पूर्वाभ्यास जारी, एडीसी अंजलि श्रोत्रिया ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में आगामी 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर सेक्टर-12 स्थित हेलीपैड ग्राउंड एवं खेल परिसर में पूर्वाभ्यास जारी है। आज बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया ने रिहर्सल स्थल का निरीक्षण कर

तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फरीदाबाद एसडीएम डॉ हनी बंसल और सीटीएम अंकित कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एडीसी अंजलि श्रोत्रिया ने समारोह के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार होने वाले कार्यक्रमों के अभ्यास की समीक्षा की। रिहर्सल में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, देशभक्ति गीतों, पीटी शो तथा अन्य आकर्षक प्रस्तुतियों का पूर्वाभ्यास किया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह के आयोजन में अनुशासन, समयबद्धता एवं सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए, जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य, गरिमामय एवं अनुशासित तरीके से आयोजित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

मेवाड़ में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन

उद्देश्य आत्म जागरूकता बढ़ाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में अंतराष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में 'प्रेम देना है' विषय के माध्यम से विद्यार्थियों को सच्चे प्रेम, आत्मचिंतन एवं प्रेरणा की सीख दी गई। जिसका प्रमुख उद्देश्य आत्म-जागरूकता, भावनात्मक दृढ़ता, जीवन-मूल्यों, स्वस्थ संबंधों, करुणा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

यह कार्यक्रम मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, ब्रह्माकुमारीज एवं कर्मा फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से आयोजित किया।

व्हाट्सऐप पर ही म्यूचुअल फंड निवेश और भुगतान, यूटीआई ने शुरू की नई सुविधा

गुरुग्राम। यूटीआई म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए व्हाट्सऐप पर ही निवेश प्रक्रिया पूरी करने और भुगतान करने की सुविधा शुरू की है। व्हाट्सऐप पर इन-चैट पेमेंट सुविधा देने वाला म्यूचुअल फंड उद्योग का पहला फंड हाउस है। सीएएमएसपे, कन्वर्सेशनल प्लेटफॉर्म गपशप और मेटा के व्हाट्सऐप बिजनेस प्लेटफॉर्म के सहयोग से शुरू की गई है। यूटीआई एएमसी के ग्रुप प्रेसिडेंट एवं हेड-सेल्स, प्रोडक्ट एंड डिजिटल पेशोतन दस्तूर ने कहा कि कंपनी निवेश को सरल, तेज और अधिक सुलभ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

ग्रीन एनर्जी से सेकेंडरी स्टील उद्योग को मिली बड़ी राहत

शुरुआती निवेश एक से दो वर्ष में वसूल होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेकेंडरी स्टील क्षेत्र की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम एमएसएमई इकाइयों की बिजली लागत नवीकरणीय ऊर्जा के सामूहिक उपयोग से 34 प्रतिशत तक कम हो सकती है। रायपुर में आयोजित सीआईआई ग्रीन स्टील समिट में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, ग्रुप कैप्टिव मॉडल अपनाने पर इकाइयों को सालाना 2.2 करोड़ से 2.4 करोड़ रुपए तक की बचत हो सकती है, जबकि शुरुआती निवेश एक से दो वर्ष में वसूल होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली सेकेंडरी स्टील इकाइयों की परिचालन लागत का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा है। कई राज्यों में नवीकरणीय ऊर्जा की कीमत 4.5 से 6 रुपए प्रति यूनिट है, जबकि ग्रिड बिजली 7 से 8 रुपए प्रति यूनिट तक मिल रही है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **राजेंद्र, पुत्रः गोपाल, निवासीः जी–3, न्यू सीलमपुर, दिल्ली दूसरा पताः शिवम मेडिकोज, शॉप नं. 65, नई बस्ती मुख्य बाजार, सीलमपुर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 505/2024 U/S 18/27 औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना सीलमपुर, उत्तर–पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **राजेंद्र** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **राजेंद्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 505/2024 U/S 18/27 औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, थाना सीलमपुर, उत्तर–पूर्वी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **राजेंद्र**, को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 18.09.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, किरण दीप कौर,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
उत्तर–पूर्व जिला, कमरा नंबर 73,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली।

DP/11237/NE/2026
(अदालती मामला)

शिशु को वाट्सएप पर फोटो भेजकर तय करते थे अपहृत शिशु की कीमत

नवजात शिशुओं की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो महिलाओं समेत 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना टीला मोड़ पुलिस ने बुधवार को नवजात शिशुओं की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 05 पुरुष आरोपी तथा व 02 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से अपहृत नवजात 03 माह के शिशु को सकुशल प्राप्त कर परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने बताया कि 11 अगस्त को फुरकान पुत्र सहरुद्दीन निवासी करन गेट ने थाना टीलामोड़ पर तहरीर दी। जिसमे बताया कि 09 अगस्त को मेरे 03 माह के पुत्र को नौशाद व उसकी पत्नी रुकसार ने अपहृत कर लिया है।

प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना टीला मोड़ पर धारा 137(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया। उन्होंने बताया कि थाना टीला मोड़ पुलिस ने मैनुअल इनपुट, सीसीटीवी फुटेज, सुरागरसी-पतारसी एवं सर्विलांस के माध्यम से सूचना संकलित की गई। आज सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों में ऐनुल निवासी ग्राम कनखौदिया, थाना पलासी, जनपद अररिया, बिहार, नौशाद निवासी ग्राम दतियाना, थाना कोतवाली, जनपद मुजफ्फरनगर, नागेन्द्र उर्फ सुक्का निवासी ग्राम एदलपुर, थाना काठी, जनपद मुजफ्फरपुर, बिहार, नसीम निवासी मौहल्ला दरबार खुर्द, कैराना, थाना कैराना, जनपद शामली, आबिद निवासी ग्राम सिलावर, थाना आदर्श मंडी, जनपद शामली, सुमित्रा निवासी तैय्यबपुर, थाना ठाकुरगंज, जनपद किशनगंज, बिहार तथा रुकसार निवासी ग्राम दतियाना, थाना कोतवाली, जनपद मुजफ्फरनगर हैं।

Alankit
अलंकित लिमिटेड
CIN: L74900DL1989PLC036860
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
Website: www.alankit.in Email for investors: investor@alankit.com
Tel No.: 011-42541234/904

37वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अलंकित लिमिटेड (यहां इसके पश्चात "दि कम्पनी" के रूप में संदर्भित) के सदस्यों की 37वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये कम्पनी अधिनियम, 2013 ("एक्ट") के लागू प्रावधानों, कम्पनी मामलों का मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020 और इस सम्बन्ध में जारी अनुवर्ती सरकुलर्स, नवीनतम 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर 2025 और सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 ("लिस्टिंग रेगुलेशंस") और समय-समय पर जारी सम्बद्ध सेबी सरकुलर्स के अनुपालन में वीडियो कांफ्रेंसिंग ("वीसी") के माध्यम से **मंगलवार 08 सितम्बर 2026 को पूर्वा. 11.00 बजे आईएसटी** आयोजित की जानी है।

एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट पर www.alankit.in, स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट अर्थात बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट्स www.bseindia.com और www.nseindia.com क्रमशः पर भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और ई-वोटिंग के लिए प्रक्रिया एवं निर्देश निहित एजीएम की सूचना की इलैक्ट्रोनिक प्रतियां केवल इलैक्ट्रोनिक मोड द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजी जाएंगी जिनके ई-मेल पते कम्पनी/डिपॉजिटरीज के पास शुक्रवार 07 अगस्त 2026 के अनुसार पंजीकृत हैं। सदस्य जो अभी तक ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि इलैक्ट्रोनिक रूप में धारित शेयरों के मामले में, सम्बन्धित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास इन्हें पंजीकृत करवाएं और यदि भौतिक रूप में शेयरधारित हैं, 37वीं एजीएम की सूचना इलैक्ट्रोनिकली के साथ-साथ वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 प्राप्त करने के लिए ई-मेल पता, मोबाइल नं., स्व-सत्यापित पैन प्रति प्रदान करते हुए आग्रह-पत्र की हस्ताक्षरित स्कैंड प्रति सहित investor@alankit.com और rta@alankit.com पर एक आग्रह भेजकर प्राप्त करें।

कम्पनी दूरस्थ ई-वोटिंग और एजीएम में ई-वोटिंग दोनों के माध्यम से इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस पर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए इसके सदस्यों को सुविधा प्रदान कर रही है। वीसी के माध्यम से भाग लेने के लिए निर्देश और ई-वोटिंग की प्रक्रिया, तरीका जिसमें भौतिक रूप में सदस्य शेयरधारण करते हैं, समेत अथवा जो अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं, एजीएम की सूचना के भाग के रूप में उपलब्ध करवाए गए हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते अलंकित लिमिटेड
हस्ता/-
साक्षी थापर
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12.08.2026

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, सीनियर डिविजनल इंजीनियर/संपत्ति, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e–निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	समापन अवधि	निविदा खुलने की तिथि
1.	ADEN/Hort./NDLS के अंतर्गत SSE/Hort./SPM के अधीन रेल इको पार्क में गोल्फ कोर्स में सुधार।	रु. 1,87,87,358.66	रु. 3,75,800/-	24 माह	08.09.2026

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट पर 08.09.2026, 15.00 बजे तक ही भरी जायेगी।

पत्र सं.: 128-W-269-O.E.T-10-26-27-WE दिनांक: 12.08.2026 2785/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

यात्रीगण कृपया ध्यान दें!
महत्वपूर्ण जानकारी
ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि में विस्तार

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है:–

रेलगाड़ी संख्या	स्टेशन		आवृति/ चलने के दिन	पूर्व अधिसूचित तिथि तक	विस्तारित अवधि	फेरे
	से	तक				
04014	आनन्द विहार टर्मिनल	लौकहा बाजार	प्रतिदिन	15.08.2026	16.08.2026 से 15.09.2026 तक	31
04013	लौकहा बाजार	आनन्द विहार टर्मिनल	प्रतिदिन	16.08.2026	17.08.2026 से 16.09.2026 तक	31

नोटः शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

अयोध्या राम मंदिर में संतों को मिलेगा खास तोहफा, एक साल के लिए जारी हो सकता है 'विशेष दर्शन पास'

आगामी धर्म समिति की बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या के साधु-संतों के लिए एक वर्ष का दर्शन पास जारी करने पर विचार कर रहा है। इस प्रस्ताव पर आगामी धर्म समिति और ट्रस्ट की बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट रामनगरी के साधु संतों को एक वर्ष का दर्शन पास जारी कर सकता है। इसके लिए पहले चरण की मंत्रणा भी हो गई। दर्शन पास के स्वरूप, प्रवेश द्वार आदि के बारे में चर्चा हुई। आगामी धर्म समिति की बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा। साथ ही ट्रस्ट की बैठक में इस महत्वपूर्ण प्रारूप का अध्ययन करने के बाद ही इस पर मुहर लगाई जाएगी।

धर्म समिति के सदस्यों ने अयोध्या के संतों का दर्द पहली वर्चुअल बैठक में इसमें शामिल ट्रस्टियों से साझा किया। इस पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया है। दो सितंबर को आयोजित होने वाली ट्रस्ट बैठक के पहले यह निर्णय हो सकता है।

संतों का दर्द वर्चुअल बैठक में ट्रस्टियों से साझा किया था

आगामी 2 सितंबर को होगी ट्रस्ट की बैठक



रामलला के पुजारियों का ड्रेस कोड बनाया गया

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बाद से संतों की नाराजगी बढ़ी थी। इसे नियंत्रित करने के लिए पहले धर्म समिति में स्थानीय संतों को जगह दी गई और अब उन्हें रामलला के दर्शन की सुविधा सुलभ कराने पर विचार हो रहा है। गत दिनों धर्म समिति की बैठक में रामलला के झूलनोत्सव का प्रारूप बनाया गया। तय किया गया कि इस बार तृतीया तिथि से पूर्णिमा तक रामलला का झूलनोत्सव चलेगा। सांस्कृतिक संध्या के लिए बाहर के साथ ही स्थानीय कलाकारों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। धर्म समिति के एक प्रतिनिधि ने बताया कि यह प्रस्ताव ट्रस्टियों के समक्ष रखा गया है। उम्मीद है कि जल्द ही यह व्यवस्था लागू हो सकती है। संतों व महांतों की सूची बनायी जा रही है। उधर रामलला के पुजारियों का ड्रेस कोड बनाया गया है। पुजारी पीले रंग की धोती व उत्तरीय पहने नजर आएंगे।

खबर संक्षेप

18वें दिन भी नहीं थमा छात्रों का आंदोलन

रांची। झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितता के खिलाफ राजधानी रांची में छात्रों का आंदोलन मंगलवार को 18वें दिन भी जारी रहा। हजारों की संख्या में आंदोलनरत छात्रों ने जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से फिरायालाल चौक तक मौन मार्च निकाला। हाथों में मोबाइल की फ्लैश लाइट, चेहरे पर मास्क हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर छात्र पूरी तरह खामोश रहे।

10 हजार युवाओं को दिलाएंगे नौकरी: प्रशांत

बांकीपुर। बांकीपुर उपचुनाव में जीत के बाद जन सुराज के सूत्रधार और विधायक प्रशांत किशोर ने अपने विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को लेकर बड़ा ऐलान किया है। यारपुर राजपूताना में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बांकीपुर के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं का बायोडाटा और सीवी उनके कार्यालय में जमा कराया जाए। उन्होंने दावा किया कि अगले एक से दो साल में कम से कम 10 हजार परिवारों के बच्चों को नौकरी दिलाने की व्यवस्था करने की कोशिश की जाएगी।

मालगाड़ी की चपेट में आया युवक, मौके पर मौत

पटना। सीवान-भटनी रेलखंड के मैरवा रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा स्टेशन परिसर में हुआ, जिसके बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। यात्रियों और आसपास मौजूद लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। मृतक की पहचान मैरवा बाजार के वार्ड नंबर-3 निवासी स्वर्ण व्यवसायी अशोक वर्मा के पुत्र राजीव कुमार वर्मा उर्फ रिंकू वर्मा के रूप में हुई है।

एंटी भूमाफिया पोर्टल से ऑनलाइन शिकायतों की निगरानी, 99 प्रतिशत का हुआ निस्तारण

योगी सरकार का भूमाफियाओं पर प्रहार, अवैध कब्जे से मुक्त कराई 2 लाख एकड़ जमीन

यूपी में नहीं रुकेगा विकास, राजस्व विभाग की सख्त कार्रवाई से उपलब्ध हो रहा बड़ा 'लैंडबैंक' कब्जामुक्त जमीनों के जरिए प्रदेश में उद्योगों से लेकर रोजगार सृजित करने में मिलेगी बड़ी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जों के खिलाफ योगी सरकार का एंटी भूमाफिया अभियान लगातार चर्चा में रहा है। राजस्व विभाग के मुताबिक सख्त कार्रवाई और विभिन्न अभियान के तहत बीते साढ़े नौ साल में प्रदेश में 84,005 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। यह क्षेत्रफल लगभग 2.08 लाख एकड़ के बराबर है।

भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के साथ शिकायतों के निस्तारण, मुकदमों की पैरवी और चिह्नित भूमाफियाओं के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई ने इस अभियान को और व्यापक रूप दिया। बीते वर्षों में इन कार्रवाइयों ने भूमाफियों के खिलाफ योगी सरकार ने अपनी मंशा साफ जाहिर की है।

2 लाख एकड़ से अधिक भूमि अतिक्रमण

यूपी में एंटी भूमाफिया अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 84,005 हेक्टेयर से अधिक भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया जाना है। इससे प्रदेश के विकास को रफ्तार देने के लिए लगभग 2.08 लाख एकड़ जमीन उपलब्ध हो गई है। इसमें बड़े स्तर पर सरकारी लैंडबैंक भी शामिल है, जिसका इस्तेमाल विभिन्न विकास योजनाओं के लिए किया जाना संभव होगा।

भूमाफिया पर कसा कानूनी शिकंजा

एंटी भू-माफिया पोर्टल अभियान की निगरानी का महत्वपूर्ण माध्यम बना है। अवैध कब्जों के मामलों में प्रशासनिक कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई को भी आगे बढ़ाया गया। गत वर्षों में अभियानों के तहत 25,068 राजस्व वाद, 1,168 सिविल वाद और 4,751 एफआईआर दर्ज कराई गईं। वहीं अभियान के तहत 1,413 अतिक्रमणकर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिह्नित किया गया।

चार स्तरों पर गठित टास्क फोर्स के जरिए कार्रवाई

राजस्व विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में सार्वजनिक संपत्तियों पर हुए अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए चार स्तरीय - राज्य, मंडल, जनपद और तहसील स्तर पर एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया। इसका उद्देश्य अवैध कब्जों की पहचान से लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई और जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने तक की प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाना है। इसके तहत अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज कराने और की गई कार्रवाई की प्रभावी निगरानी के लिए एंटी भू-माफिया पोर्टल विकसित किया गया।

अलग-अलग कानूनों के तहत हुई कार्रवाई

राजस्व विभाग के मुताबिक 1,621 अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत 1,621 मामले, 109 लोगों के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता के तहत, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 3 के खिलाफ, गैंगस्टर एक्ट के तहत 70 लोगों, गुंडा एक्ट के तहत 206 लोगों व अन्य धाराओं के तहत 1,745 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

लैंडबैंक का हो पाएगा विकास कार्यों में इस्तेमाल

अतिक्रमण से मुक्त कराई गई सरकारी जमीन को योगी सरकार लैंडबैंक के रूप में विकसित कर औद्योगिक निवेश और बुनियादी ढांचे के विस्तार का आधार बनाती आ रही है। अब खाली कराई गई भूमि को व्यवस्थित तरीके से चिन्हित कर उद्योगों, फार्मास्युटिकल और मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों, लॉजिस्टिक पार्क, विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज व अन्य बड़े निवेश प्रस्तावों के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। इससे निवेशकों को जमीन उपलब्ध कराने में तेजी आएगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। राजस्व विभाग के प्रदेशव्यापी अभियान ने योगी सरकार के विकास से जुड़े विजन को और मजबूती प्रदान करने का काम किया है।

70 हजार की रिश्वत लेते पकड़े गए थे केएम त्रिपाठी, डीए केस में 16 साल बाद फैसला

आईआरसीटीसी के तत्कालीन चीफ रीजनल मैनेजर को 3 साल की जेल 14.75 लाख रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

लखनऊ की सीबीआई अदालत ने आईआरसीटीसी के तत्कालीन चीफ रीजनल मैनेजर केएम त्रिपाठी को आय से अधिक संपत्ति यानी डीए मामले में दोषी करार दिया है। अदालत ने उन्हें तीन साल के कारावास की सजा सुनाने के साथ 14.75 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

सीबीआई के मुताबिक, वर्ष 2009 में 70 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए कृष्ण मोहन त्रिपाठी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। इसी रिश्वतखोरी मामले की जांच के दौरान उनकी संपत्तियों और आय से जुड़े रिकॉर्ड की पड़ताल में आय से अधिक संपत्ति का मामला सामने आया।

सीबीआई ने 24 फरवरी 2010 को डीए केस दर्ज किया और 13 दिसंबर 2011 को चार्जशीट दाखिल की थी। जांच में 1 करोड़ 44 लाख 2 हजार 221 रुपए की अनुपातहीन संपत्ति सामने आने का दावा किया गया। करीब 16 साल चली कानूनी प्रक्रिया के बाद 10 अगस्त 2026 को अदालत ने दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

पासपोर्ट शिकायत निवारण के लिए 17 अगस्त से पूर्व अपॉइंटमेंट अनिवार्य

आरपीओ लखनऊ में अब बिना अपॉइंटमेंट नहीं होगी शिकायतों की सुनवाई

17 अगस्त से शिकायत के लिए केवल पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर आने वाले आवेदकों की ही सुनवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

नागरिकों को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और समयबद्ध पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ ने शिकायत निवारण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। 17 अगस्त से शिकायत के लिए केवल पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर आने वाले आवेदकों की ही सुनवाई की जाएगी।

शिकायत निवारण के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करने की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ज्ञानवीर सिंह ने बताया कि पासपोर्ट संबंधी शिकायत या समस्या के समाधान के लिए आवेदकों को पहले पासपोर्ट सेवा पोर्टल www.passportindia.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करना होगा। निर्धारित तारीख और समय पर अपॉइंटमेंट की पुष्टि के साथ संबंधित दस्तावेज लेकर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय पहुंचने पर शिकायत का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए आवेदक को पासपोर्ट सेवा पोर्टल के होम पेज पर जाकर विकल्प चुनकर उपलब्ध तारीख और समय के अनुसार अपॉइंटमेंट बुक किया जा सकेगा। आवेदकों को अपॉइंटमेंट स्लिप को सेव अथवा प्रिंट कर कार्यालय पहुंचते समय अपने साथ लाने की सलाह दी गई है। पासपोर्ट कार्यालय ने आवेदकों से यह भी कहा है कि पंजीकरण के समय इस्तेमाल की गई लॉगिन आईडी और पासवर्ड सुरक्षित रखें, क्योंकि भविष्य में अपॉइंटमेंट बुक करने अथवा अन्य संबंधित सेवाओं के लिए इनकी आवश्यकता पड़ सकती है।

पेज एक का शेष

कोविंद को मुश्किल ...

और मुझे आशीर्वाद देती रहीं, इसके बावजूद मैं मां की कमी महसूस करता हूं। ऐसे हालात में कोई भी टूट सकता है, लेकिन मुश्किल हालात ने उन्हें और मजबूत बनाया।

उन्होंने कभी विनम्रता नहीं छोड़ी: पीएम मोदी ने कहा कि मुझे याद है कि प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान मैं उनसे राष्ट्रपति भवन में मिलने जाता था। प्रोटोकॉल के बावजूद, वे अक्सर आम औपचारिकताओं से हटकर बातचीत करते थे। वे प्रधानमंत्री को विदा करने के लिए कार के दरवाजे तक आते थे। शुरू में मैंने उनसे ऐसा न करने का आग्रह किया था। फिर भी, उन्होंने कभी भी उस विनम्रता को नहीं छोड़ा।

मैं विपक्ष के एक...

के सामने सारी बातें स्पष्ट हो जाएँगी - दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने विपक्ष की माँग पर कहा कि कोई मुझसे कहता है कि आप एक बयान दे दो, मगर इतने गंभीर मसले पर इस तरह चर्चा नहीं हो सकती। संसद में चर्चा करने के नियम और तरीके बने हैं, संसदीय पद्धति में विस्तार से चर्चा होती है और संसदीय परंपरा के अनुसार ही स्टेटमेंट दी जाएगी। शाह ने कहा कि जब से संसद सत्र शुरू हुआ है, वे लगातार संसद आ रहे हैं, मगर विपक्ष दोनों सदनों में संसद को चलने ही नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सरकार हर प्रकार की चर्चा के लिए तैयार है, चर्चा के लिए समय सुनिश्चित किया जाए और विपक्ष तैयार हो जाए। विपक्ष पहले यही माँग कर रहा था, सरकार ने हाँ बोल दिया है। अंत में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अब विपक्ष को तय करना है कि उसे चर्चा करनी है या हंगामा, और जनता तय करेगी कि कौन चर्चा करना चाह रहा है और कौन भाग रहा है।

राहुल ने कहा- ...

बाधित रही है। एक तरफ विपक्ष गृह मंत्री के सदन में जवाब न देने को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है, तो दूसरी तरफ एनडीए सांसद झारखंड में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के मुद्दे पर लामबंद हैं। सत्र का अब महज एक दिन बचा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह बना हुआ है कि क्या अंतिम दिन गृह मंत्री जवाब देंगे या यह सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ जाएगा?

आज से भारत के...

रवाना हो जाएंगी।

लाइबेरियाई जहाज से बचाए थे 15 भारतीय: ज्ञात हो कि इस साल की शुरुआत में सोमालिया के तट से लगभग 300 किलोमीटर की दूरी पर लाइबेरिया के ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज एमवी लीला नोरफोक पर समुद्री डाकुओं ने हमला किया था। जहाज में चालक दल में शामिल कुल 15 भारतीय सवार थे। हमले की सूचना मिलने पर भारतीय नौसेना तुरंत एक्टिव हुई और उसने अपने जंगी युद्धपोत आईएनएस चेन्नई और समुद्री विमानों को भेजकर देश के सभी नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया था।

चंद्रशेखरन के...

अंदरूनी विकल्प हैं। किसी बड़ी कंपनी के मुख्य कार्यकारी (सीईओ) के तौर पर अनुभव की कमी उनकी दावेदारी में एकमात्र बाधा है। टाटा स्टील के ग्लोबल सीईओ व एमडी टीवी नरेंद्रन के पास लंबा और ठोस औद्योगिक अनुभव है। 1988 से टाटा से जुड़े नरेंद्रन ने कंपनी का कर्ज घटाने, भारत में क्षमता बढ़ाने और ग्रीन स्टील तकनीक में शानदार काम किया है। टाटा का कारोबार 100 से अधिक देशों में फैल चुका है, ऐसे में किसी वैश्विक तकनीक, वित्त या विमानन विशेषज्ञ (बाहरी व्यक्ति) को भी कमान मिल सकती है।

चेयरमैन पुनर्नियुक्ति नहीं मांगेंगे : एन. चंद्रशेखरन ने स्पष्ट किया है कि वे 20 फरवरी 2027 को अपना वर्तमान कार्यकाल खत्म होने के बाद पुनर्नियुक्ति नहीं मांगेंगे। उन्होंने बोर्ड को सूचित किया कि वे पद से हट जाएंगे और उत्तराधिकारी जल्द तय करने को कहा, ताकि समूह में नेतृत्व सुचारू रहे। वर्ष 2017 में चंद्रशेखर टाटा समूह के 149 वर्ष पुराने इतिहास में पहले गैर पारसी और टाटा परिवार से अलग के चेयरमैन बनाए गए थे। हाल के दो वर्षों में टाटा समूह के प्रमुख प्रवर्तकों के बीच चंद्रशेखरन को लेकर कई तरह के विवाद सामने आए हैं। चंद्रशेखरन के कार्यविस्तार को लेकर सितंबर, 2025 से ही समूह के भीतर विवाद चल रहा है। तब समूह के दो प्रमुख प्रवर्तक संगठन सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट की तरफ से चंद्रशेखरन के कार्यकाल को एकमुश्त पांच वर्ष के विस्तार की सर्वसम्मति से सिफारिश की थी। टाटा संस के नॉमिनेशन एंड रिम्यूनरेशन कमेटी और बोर्ड ने भी इसे मंजूरी दी थी। लेकिन 24 फरवरी 2026 की बोर्ड बैठक में एक सदस्य के विरोध के कारण प्रस्ताव पास नहीं हो सका। माना जाता है कि विरोध करने वाले सदस्य नोएल टाटा (टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन और टाटा संस बोर्ड के सदस्य) थे।

8 हजार 635 करोड़...

जा रही है। पीएम मित्र पार्क में अगले वर्ष तक उत्पादन प्रारंभ करने का लक्ष्य है। इससे प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद समूह 3 स्थानों पर अपनी इकाइयां स्थापित करेगी। इनमें देवास के निकट बरलाई, धार स्थित पीएम मित्र पार्क और इंदौर का बेटमा शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात बुधवार को गुजरात के अहमदाबाद में अरविंद लिमिटेड के वाइस चेयरमैन कुलीन लालभाई से चर्चा के बाद कही। गुजरात और मप्र के बीच सहयोग से दोनों राज्यों के संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे। औद्योगिक निवेश से एक ओर जहां प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिलेगा, दूसरी ओर उद्योगों से प्राप्त होने वाले कर राजस्व से राज्य के विकास के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होंगे। दूसरी बैठक टोरेंट ग्रुप के साथ हुई। इस ग्रुप की ओर से संचालित एवं विकासाधीन विभिन्न परियोजनाओं से प्रदेश में 43 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया जा रहा है, जिससे 15 हजार से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। मप्र में कंपनी के प्रस्तावित निवेश, पीएम मित्र पार्क में उद्योग की स्थापना, रोजगार सृजन, वस्त्र एवं परिधान (टेक्सटाइल) क्षेत्र में निवेश, औद्योगिक क्षेत्रों में जल के पुनः उपयोग तथा सिंहस्थ-2028 के लिए आधुनिक संचार व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने पीएम मित्र पार्क में उद्योग की स्थापना और निवेश प्रक्रिया को गति देने पर भी चर्चा की। इस दौरान अपर मुख्य सचिव (उद्योग) नीरज मंडलोई, सचिव, उद्योग जॉन किंसले तथा एमडी एमपीआईडीसी चंद्रमौली शुक्ला मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने जीआईएस-2027 के लिए किया आमंत्रित: मुख्यमंत्री ने कुलीन लालभाई को मप्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। साथ ही उन्हें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)-2027 में सहभागिता के लिए भी आमंत्रित किया। अरविंद लिमिटेड देश के प्रमुख टैक्सटाइल समूहों में शामिल है। वर्ष 1931 में स्थापित कंपनी का मुख्यालय अहमदाबाद में है। कंपनी डेनिम, परिधान, फैब्रिक्स एवं टैक्सटाइल वैल्यू चेन के क्षेत्र में कार्यरत है। समूह की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में 60 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त है तथा कंपनी एक लाख से अधिक कपास उत्पादन करने वाले कृषकों से कच्चे माल की खरीद करती है।

सिंहस्थ-2028 में आधुनिक संचार व्यवस्था के उपयोग की तैयारी : सिंहस्थ-2028 में मिशन-क्रिटिकल कम्युनिकेशन नेटवर्क के उपयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। अरविंद लिमिटेड एवं जेएम बक्सी समूह के संयुक्त उद्यम आर्य ऑम्निटॉक सॉल्यूशंस द्वारा मिशन-क्रिटिकल वायरलेस कम्युनिकेशन, वॉकी-टॉकी नेटवर्क, पीएमआरटी तथा सार्वजनिक सुरक्षा संचार समाधान उपलब्ध कराए जाते हैं। सिंहस्थ-2028 में पुलिस, सुरक्षा बल, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आयोजन प्रबंधन के लिए इस प्रकार के मिशन-क्रिटिकल कम्युनिकेशन नेटवर्क के उपयोग की संभावनाओं पर विचार किया गया।

अरविंद लिमिटेड को 105 एकड़ भूमि आवंटित: अरविंद लिमिटेड द्वारा पीएम मित्र पार्क में लगभग 1200 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। इस कंपनी को 105 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर में संचालित पेपकोन प्राइवेट लिमिटेड के साथ कंपनी के अनुबंध के तहत प्रतिवर्ष लगभग 70 लाख परिधानों का निर्माण किया जाता है।

रेलवे ने सुरक्षा ...

मानवीय भूल या किसी अन्य कारण से सिग्नल पार होने पर खतरे की स्थिति तथा ट्रेन टक्कर जैसी घटनाओं को रोकना है। प्रणाली ट्रेन की गति और उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखती है। आवश्यकता पड़ने पर यह स्वचालित रूप से ब्रेक लगा सकती है, जिससे ट्रेन को निर्धारित सुरक्षित सीमा में नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

अधिकतम अनुमत गति पर सुरक्षित संचालन: रेलवे के मुताबिक कवच प्रणाली ट्रेनों को अधिकतम अनुमत गति पर भी सुरक्षित तरीके से संचालित करने में मदद करती है। इससे परिचालन की विश्वसनीयता बढ़ती है और ट्रेन संचालन को अधिक सुरक्षित बनाया जा सकता है। इसकी एक महत्वपूर्ण विशेषता प्रतिकूल मौसम में उपयोगिता भी है। घने कोहरे जैसे कम दृश्यता वाले हालात में कवच ट्रेन की सुरक्षित आवाजाही में अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है।

रेल सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण विस्तार: इज्जतनगर मंडल के 660 रूट किलोमीटर में कवच 4.0 की मंजूरी रेलवे के उन प्रयासों का हिस्सा है, जिनका उद्देश्य देश के अधिक से अधिक रेल मार्गों को आधुनिक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली से लैस करना है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद संबंधित रेल खंडों में ट्रेन की गति, सिग्नल अनुपालन और आपातकालीन ब्रेकिंग की निगरानी अधिक प्रभावी तरीके से की जा सकेगी। इससे दुर्घटनाओं की रोकथाम और यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

यात्रियों की सजगता...

विमान में वेंटिलेशन और कूलिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। गर्मी और घुटन बढ़ने के साथ कई यात्री बेचैन हो गए। कुछ यात्रियों ने चालक दल से एसी चालू करने और विमान को रोकने की मांग की। विमान में बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी थीं। एक गर्भवती महिला की तबीयत बिगड़ने और उसे सांस लेने में परेशानी होने की बात सामने आई। स्थिति बिगड़ने पर यात्रियों ने जोरदार विरोध शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि बेहाल यात्रियों को पंखे के रूप में मेन्यू कार्ड और पत्रिकाओं का इस्तेमाल करना पड़ा। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में भी यात्रियों को गर्मी से परेशान होकर खुद को हवा करते देखा जा सकता है।

यात्रियों ने कहा—दरवाजा खोलिए, हमें बाहर निकालिए : स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब यात्रियों ने विमान को टेकऑफ के लिए आगे बढ़ाने का विरोध किया। उन्होंने विमान को रोकने और दरवाजे खोलकर उन्हें बाहर निकालने की मांग की। यात्रियों ने चालक दल से टेकऑफ रोकने को कहा और विमान को वापस बे की ओर लाया गया। इसके बाद यात्रियों को विमान से उतारा गया। कुछ यात्रियों को गर्मी और खराब वेंटिलेशन के कारण चक्कर आने की शिकायत हुई और कुछ महिला यात्रियों को व्हीलचेयर से टर्मिनल तक ले जाना पड़ा।

करीब नौ घंटे की देरी, बदला गया विमान : विमान से उतरने के बाद भी यात्रियों का इंतजार खत्म नहीं हुआ। रिपोर्टों के मुताबिक, यात्री करीब दो घंटे तक तकनीकी टीम के आने का इंतजार करते रहे। कुछ यात्रियों ने भोजन और जलपान की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की भी शिकायत की। बाद में तकनीकी जांच के बाद विमान बदलने का फैसला किया गया। करीब नौ घंटे की देरी के बाद यात्रियों को वैकल्पिक विमान से पुणे भेजा गया। रिपोर्टों के अनुसार, विमान ने बुधवार सुबह करीब 5:00-5:30 बजे दिल्ली से उड़ान भरी और लगभग 7 बजे पुणे पहुंचा।

स्पाइसजेट ने ये कहा : घटना पर स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि 11 अगस्त को एसजी-105 में अंतिम समय में तकनीकी समस्या आई थी। एयरलाइन के मुताबिक, इसके बाद वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई और उड़ान को पुणे के लिए रवाना किया गया। कंपनी ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया।

सबसे बड़ा सवाल: खराब AC के बावजूद विमान रनवे तक क्यों गया?: इस घटना ने विमानन सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। यदि यात्रियों के मुताबिक केबिन में गर्मी और घुटन इतनी बढ़ गई थी कि लोग सांस लेने में परेशानी महसूस कर रहे थे और एक गर्भवती यात्री की तबीयत बिगड़ गई, तो सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में विमान को टैक्सी करने और टेकऑफ की तैयारी करने की अनुमति क्यों दी गई?

एयर इंडिया के ...

पॉजिटिव रिपोर्ट की खबर ने मामले को और गंभीर बना दिया है। डीजीसीए के मौजूदा रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में ऑपरेटर्स के लिए एविएशन पर्सनल्स की सब्सटांस जांच की व्यवस्था है। डीजीसीए के मार्च 2026 के प्रावधानों में ऑपरेटर्स के लिए ऐसे परीक्षण की उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात स्पष्ट रूप से दर्ज है।

फुकेत में क्रू के साथ पार्टी भी जांच के घेरे में : जांच में एक और दिलचस्प घटनाक्रम सामने आया है। दिल्ली से फुकेत आने वाली फ्लाइट के दौरान पायलट कुछ समय के लिए वॉशरूम गया था और प्रोटोकॉल के तहत एक केबिन अटेंडेंट को कॉकपिट में उसकी सीट पर बैठाया गया था। सूत्रों के अनुसार पायलट ने बाद में अटेंडेंट को ऑपरेशनल हैंडलिंग को लेकर रिप्रीमंड किया। इसके बाद कथित तौर पर संबंध सामान्य करने के लिए उसने फुकेत में सभी क्रू मेंबर्स को एक पार्टी में बुलाया। अब जांच टीम यह भी देख रही है कि पार्टी कब हुई, उसमें कौन शामिल था और रिटर्न फ्लाइट से पहले केबिन स्टाफ को पर्याप्त रेस्ट मिला या नहीं।

दोनों पायलट फिलहाल उड़ान से हटाए गए: घटना के बाद दोनों पायलट्स को इन्क्वारी पूरी होने तक ड्यूटी रोस्टर से हटाए जाने की जानकारी सामने आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एयर इंडिया के सीईओ सहित शीर्ष अधिकारियों ने भी नागरिक उड्डयन मंत्रालय के आला अधिकारियों के साथ चर्चा की है।

बिहार कैबिनेट की बैठक में 10 एजेंडों पर मुहर

विभाग में 221 नए पदों को मंजूरी 2031 तक चलेगी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में 10 फैसलों को मंजूरी दी गई। बैठक में युवाओं की स्किल ट्रेनिंग, गांवों तक तेज इंटरनेट, सोलर सिस्टम पर अतिरिक्त मदद, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड और बिजली विभाग में नई भर्तियों से जुड़े फैसले लिए गए। साथ ही सीबीसी प्लांट लगाने और आईटीआई टीआईटी दाखिले के नियमों में भी बदलाव किया गया। बिहार के शहरों में निकलने वाले जैविक कचरे को अब बेकार नहीं जाने दिया जाएगा। नगर निकायों में कंप्रेस्ड बायोगैस यानी सीबीजी प्लांट लगाए जाएंगे।

युवाओं को एआई, ड्रोन और कोडिंग की ट्रेनिंग

बिहार के युवाओं को नई तकनीक के हिसाब से तैयार करने के लिए कुशल युवा कार्यक्रम को अगले पांच साल के लिए जारी रखने का फैसला हुआ है। यह योजना 2026-27 से 2030-31 तक चलेगी। इसके लिए सरकार ने 430.08 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। ट्रेनिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, डिजिटल मार्केटिंग, बैंकिंग और कोडिंग जैसी स्किल शामिल होंगी।

आज के दौर में बड़ी समस्याएं ही नहीं छोटी-छोटी बातों से भी लोग तनाव में रहते हैं। इसे माइक्रो स्ट्रेस कहते हैं। मेंटली हेल्दी-हैप्पी रहने के लिए इनको जानना और इनसे बचना बहुत जरूरी है।

माइक्रो स्ट्रेस से ऐसे बचें रहें मेंटली हेल्दी-हैप्पी

मेंटल हेल्थ
ललिता गोयल

आजकल स्ट्रेस सबकी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन गया है। डेली रुटीन की सुबह से लेकर शाम तक होने वाली छोटी-छोटी परेशानियां जिन पर हम अकसर ध्यान भी नहीं देते, इन छोटे-छोटे स्ट्रेस को माइक्रो स्ट्रेस कहते हैं।

तन-मन पर पड़े बुरा असर: माइक्रो स्ट्रेस बहुत चुपके से जिंदगी में दाखिल होता है और अंदर ही अंदर मेंटली बीमार करता रहता है। जैसे किसी छोटी-सी बात पर किसी से बहस हो जाना, ऑफिस में जरूरी मीटिंग में प्रेजेंटेशन वाला स्ट्रेस, बहुत सारे काम एक साथ मैनेज न कर पाने पर कॉन्फिडेंस की कमी महसूस करना, अपनों को समय न दे पाने का प्रेशर। ये बातें देखने में छोटी लगती हैं, लेकिन इन छोटे-छोटे स्ट्रेस का मन और शरीर पर बड़ा असर होता है। हर समय थकान, चिड़चिड़ापन होने लगता है और अगर इस पर ध्यान न दिया गया तो माइक्रो स्ट्रेस गंभीर रूप ले सकता है।

माइक्रो स्ट्रेस के प्रकार: कुछ ऐसी बातों से माइक्रो स्ट्रेस हो सकता है। जैसे-सुबह ऑफिस के लिए निकलते समय गाड़ी की चाबी का न मिलना। वॉट्सएप पर किसी का मैसेज देखकर तुरंत जवाब देने का दबाव महसूस होना। ट्रैफिक जाम में फंस जाना। काम के बीच अचानक और कोई नया काम आ जाना। अचानक कहीं से आए इनविटेशन पर जाने का प्रेशर। काम की छोटी-छोटी डेड लाइंस का प्रेशर। परिवार या कलीग्स से छोटी बातों पर बहस। हर समय अवेलेबल रहने की उम्मीद रखना। देखने में ये बातें इतनी छोटी होती हैं कि इन पर गुस्सा या दुःख जाहिर नहीं कर पाते, लेकिन ये माइक्रो स्ट्रेसर्स शरीर के कॉर्टिसोल स्ट्रेस हार्मोन को निरंतर बढ़ाते हैं, जिससे धीरे-धीरे फोकस में कमी और मूड स्विंग्स होने लगते हैं और ओवरऑल हेल्थ इफेक्ट होती है।

प्रमुख लक्षण: माइक्रो स्ट्रेस की स्थिति में व्यक्ति दिनभर की छोटी-छोटी बातों को सोचता रहता है, जिसके कारण उसे आराम नहीं मिल पाता और उसकी सेहत पर नेगेटिव असर होता है। इस वजह से व्यक्ति में चिंता, बेचैनी, गुस्सा, चिड़चिड़ापन, थकान, उदासी, फोकस की कमी, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, अनिद्रा, इम्यूनिटी वीक होने लगती है।

इन्हें है ज्यादा रिस्क: सेंसिटिव लोगों को माइक्रो स्ट्रेस का जोखिम ज्यादा रहता है। एजुकेशन और हेल्थ केयर से जुड़े लोग या कॉर्पोरेट एंप्लॉई या फिर हर काम में परफेक्शन की चाह रखने वाले लोगों में माइक्रो स्ट्रेस का रिस्क ज्यादा दिखाई देता है। कुछ केसेज में पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस न होना, हॉबीज के लिए समय न मिल पाना, मोबाइल या लैपटॉप का ज्यादा इस्तेमाल, खुद से बहुत ज्यादा उम्मीदें रखना, हर काम को परफेक्ट करने की कोशिश करना, परिवार या दोस्तों के लिए समय की कमी, हर वक्त नोटिफिकेशन रिंग से डिस्टर्ब होना भी माइक्रो स्ट्रेस को बढ़ाने का कारण बन सकती है।

कंट्रोल करने के तरीके: माइक्रो स्ट्रेस को कंट्रोल करना आसान है लेकिन इसके लिए पहले उन बातों को पहचानने की जरूरत होती है जो बातें रोज की जिंदगी में बार-बार परेशान कर रही हैं। जब भी अचानक बिना किसी बड़ी वजह के उदासी या गुस्सा आए, तो दो मिनट रुकें और खुद से पूछें कि सुबह से ऐसी कौन-सी छोटी-छोटी बातें हुईं, जिनसे मूड खराब हुआ। जब आप समस्या को पहचान लेते हैं, तो दिमाग शांत होने लगता है रोजाना की आदतों और लाइफस्टाइल में बदलाव करके माइक्रो स्ट्रेस को कंट्रोल किया जा सकता है। जो काम करना संभव न हो उसके लिए 'ना' कहें। काम के बीच में छोटे-छोटे ब्रेक लें, सुबह-शाम खुली हवा में वॉक करें। स्क्रीन टाइम लिमिट करें। बार-बार फोन चेक करने की आदत को कम करें। दिन में कुछ समय डिजिटल डिटॉक्स के लिए निकालें। मेडिटेशन और ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें। छोटी-छोटी खुशियों जैसे पसंदीदा संगीत सुनना, चाय की चुस्की लेने जैसी हैबिट को अपनी लाइफ में जगह दें। परिवार और दोस्तों से जुड़े रहें। स्ट्रेस को ज्यादा समय तक मन में न रखें। पर्याप्त नींद लें। *

(साइकोलॉजिस्ट मीनाक्षी मनचंदा से बातचीत पर आधारित)

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. नीलम अत्रि
नेत्र रोग विशेषज्ञ, श्रॉफ आई सेंटर, दिल्ली

हमारे शरीर की बहुत कोमल और महत्वपूर्ण अंग होती हैं आंखें। लेकिन अकसर देखने में आता है कि लोग आइज हेल्थ को लेकर ज्यादा सजग नहीं होते हैं। इसीलिए जाने-अंजाने ऐसी हैबिट्स को अपनाए रहते हैं, जो आंखों के लिए हार्मफुल होती हैं। इनके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए, ताकि इन्हें छोड़कर अपनी आंखों को हमेशा स्वस्थ रख सकें।

ये बैड हैबिट्स होती हैं आंखों के लिए हार्मफुल

हम अकसर यह सोचते हैं कि हमारी आंखों को सबसे ज्यादा नुकसान फोन की स्क्रीन से होता है। रात को देर तक मोबाइल चलाना, टीवी के सामने घंटों बैठे रहना, यही सब उन्हें आंखों का असली दुश्मन लगता है। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि हमारी कुछ बुरी आदतें भी ऐसी हैं, जो हर रोज बिना किसी वार्निंग के आंखों को धीरे-धीरे कमजोर कर रही होती हैं। इनकी वजह से भविष्य में आंखों से संबंधित कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। जब तक पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। ऐसे में हमें इनके प्रति सजग रहना जरूरी है।

गलत दूरी-पोश्चर में पढ़ना

बहुत पास से किताब पढ़ना, लेटकर मोबाइल चलाना या कम रोशनी में काम करना, ये सब आदतें आंखों पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। खासकर बच्चों में यह आदत निकट दृष्टि दोष (मायोपिया) बढ़ाने का बड़ा कारण बनती हैं।

क्या करें: पढ़ते समय किताब को आंखों से कम से कम 12-14 इंच की दूरी पर रखें। स्क्रीन को आंखों के लेवल से थोड़ा नीचे और लगभग एक हाथ की दूरी पर रखें। हमेशा पर्याप्त रोशनी में ही पढ़ने-लिखने का काम करें।

बार-बार आंखें मलना

दिन भर काम करते-करते जब भी आंख में हल्की-सी खुजली होती है, हम बिना सोचे-समझे हाथ से आंख को रगड़ने लगते हैं। यह बहुत नॉर्मल लगता है। आमतौर पर हमें लगता है कि यह आलस या नींद पूरी न होने की वजह से हो रहा है। जबकि इसके पीछे एलर्जी, ड्राई आइज या इंफेक्शन की शुरुआत होने जैसे कारण हो सकते हैं। लेकिन हमें एहसास ही नहीं होता कि इस आदत के कारण अपनी आंखों का कितना बड़ा नुकसान कर रहे हैं। दिन भर में हमारे हाथ कई चीजों को छूते हैं, जिन पर मौजूद जर्म्स और बैक्टीरिया हमारे हाथों पर चिपक जाते हैं। जब हम आंखें मलते हैं, तो वे आंख के अंदर पहुंच जाते हैं। इससे इंफेक्शन का खतरा तो बढ़ता ही है, आंखों को नुकसान भी पहुंचता है। बार-बार जोर से आंख मलने से कॉर्निया यानी आंख का वह पतला सामने वाला हिस्सा कमजोर पड़ने लगता है। धीरे-धीरे वह अपनी नेचुरल शेप खो देता है और कोन जैसी शेप में बदल सकता है। इसे कैरेटोकोनस कहा जाता है। ध्यान न देने पर यह आगे चलकर आंखों की रोशनी कम हो सकती है।

क्या करें: जब आंख में खुजली हो तो उसे मलने की बजाय ठंडे पानी से धोएं। अगर खुजली बार-बार हो रही है तो समुचित उपचार के लिए नेत्र विशेषज्ञ से अवश्य मिलें।

सस्ते सनग्लासेस पहनना

गर्मी के मौसम में धूप में निकलते समय हम डार्क कलर के लेंस वाले और सस्ते सनग्लासेस पहनते हैं। इन्हें अकसर अनब्रांडेड ही लेते हैं। बेशक अल्ट्रावॉयलेट रेज से आंखों का बचाव करने के लिए सनग्लासेस पहनना उचित है। लेकिन ऐसे सनग्लासेस फायदे की जगह उल्टा नुकसान पहुंचा सकते हैं। लेंस का डार्क कलर देखकर हमारा ब्रेन समझता है कि बाहर अंधेरा है और आंखों की काली पुतली (प्यूपिल) अपने आप फैल जाती है, जिससे हार्मफुल अल्ट्रावायलेट किरणें आंखों के रेटिना और लेंस तक ज्यादा मात्रा में पहुंचने लगती हैं। लंबे समय तक इनके इस्तेमाल से मैकुलर डिजनरेशन जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है, जिनसे आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

क्या करें: सनग्लासेस यथासंभव आइज-स्पेशलिस्ट को कंसल्ट करके या किसी अच्छी दुकान से ही खरीदें। खरीदते समय हमेशा लेबल या पैकेजिंग पर लिखी जानकारी जरूर पढ़ें। चेक करें कि उस पर यूवी 400 या शत-प्रतिशत यूवी प्रोटेक्शन लिखा हो। सनग्लासेज के लेंस के रंग का भी ध्यान रखें यानी बहुत डार्क कलर के सनग्लासेज लेना अवॉयड करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

कांटेक्ट लेंस से जुड़ी लापरवाही

समयाभाव या आलस के चलते रात में सोने से पहले कई लोग कांटेक्ट लेंस नहीं उतारते और उन्हें पहनकर ही सो जाते हैं। या उन्हें बिना ठीक से साफ किए इस्तेमाल करते रहते हैं। इसका आंखों पर बहुत असर पड़ता है, क्योंकि सोते समय हमारी आंखें बंद रहती हैं और कॉर्निया तक ऑक्सीजन की सप्लाई नेचुरली कम मात्रा में हो पाती है। ऊपर से अगर सोते हुए कांटेक्ट लेंस लगाने पर ऑक्सीजन की सप्लाई और भी कम हो जाती है, क्योंकि लेंस एक तरह की परत की तरह काम करता है। इस कंडीशन को हाइपोक्सिया कहा जाता है। हाइजीन का ध्यान न रखने पर आंखों में कैरेटाइटिस इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। जो कॉर्निया को बुरी तरह नुकसान पहुंचाता है और कुछ मामलों में व्यक्ति को पूरी तरह से विजन लॉस तक हो सकता है।

क्या करें: चाहे कितनी भी थकान क्यों न हो, सोने से पहले कांटेक्ट लेंस जरूर निकालें। डॉक्टर की सलाह के अनुसार साफ करें और सही तरीके से सॉल्यूशन में स्टोर करें। लेंस पहनने-उतारने से पहले हाथों को अच्छी तरह धोएं। साथ ही नहाते या स्विमिंग करते समय कांटेक्ट लेंस न पहनें क्योंकि पानी में मौजूद बैक्टीरिया भी उतनी ही आसानी से आंख में इंफेक्शन फैला सकते हैं। भले ही कांटेक्ट लेंस देखने में कितने भी अच्छे क्यों न लगें, एक्सपायरी डेट खत्म होने के बाद उन्हें इस्तेमाल न करें।

बहुत कम या तेज रोशनी में पढ़ना

कम रोशनी में पढ़ने से आंखों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है और जल्दी थकान महसूस हो सकती है। इसी तरह बहुत तेज या सीधे आंखों पर पड़ने वाली रोशनी भी असुविधा पैदा कर सकती है। इससे आंखों में तनाव और असहजता बढ़ सकती है।

क्या करें: पढ़ते या काम करते समय कमरे में पर्याप्त और समान रोशनी रखें। रोशनी सीधे आंखों में पड़ने के बजाय किताब या काम की जगह पर पड़े। रात में मोबाइल की तेज रोशनी में लंबे समय तक पढ़ने से बचें।

रुटीन आई चेकअप ना करवाना

ज्यादातर लोग तभी डॉक्टर के पास जाते हैं, जब आंखों में धुंधला दिखना या दर्द होने जैसी कोई समस्या होने लगती है। लेकिन असली खतरा ग्लूकोमा जैसी बीमारियों से होता है, जिसे साइलेंट थीफ ऑफ साइट भी कहा जाता है। ग्लूकोमा चुपचाप बिना किसी दर्द या तकलीफ के आंखों को नुकसान पहुंचाता रहता है। जब तक व्यक्ति को कुछ महसूस होता है तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है। इसीलिए रेग्युलर आई चेकअप बहुत जरूरी है। रेग्युजर आई चेकअप व्यक्ति की आंखों की रोशनी बचा सकता है। बहुत से लोग सोचते हैं कि जब तक चश्मे का नंबर नहीं बदला तब तक डॉक्टर के पास जाने की कोई जरूरत नहीं। लेकिन यह सोच गलत है। आई एग्जामिनेशन सिर्फ नंबर चेक करने के लिए नहीं होता बल्कि उसमें आंखों के अंदर की प्रेशर, रेटिना की कंडीशन और नसों की सेहत भी देखी जाती है। जो सिर्फ मशीन के द्वारा एक्सपर्ट आइज स्पेशलिस्ट डॉक्टर ही देख सकते हैं।

क्या करें: साल में कम से कम एक बार आंखों की जांच जरूर कराएं। खासकर अगर आपके परिवार में किसी को पहले ग्लूकोमा, डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी रही है, तो आपके लिए यह जांच और भी जरूरी हो जाती है। क्योंकि इन बीमारियों का सीधा असर आंखों की सेहत पर भी पड़ता है। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

बुक शेल्फ
रेणु खंतवाल

फिटनेस के लिए उपयोगी सूत्र

फिट इंडिया एंबेसडर और आईआरएस नरेंद्र कुमार यादव की किताब 'फिटनेस और भारत @ 2047' हाल ही में छपकर आई है। यह किताब फिटनेट के महत्व और उसकी जरूरत को बहुत व्यापक रूप में प्रस्तुत करती है। यह फिटनेस को राष्ट्र की जरूरत के रूप में देखने की सोच, नजरिया पेश करती है। किताब यह बताने का प्रयास करती है कि जब भारत 2047 में आजादी के 100 वर्ष मना रहा होगा, उस समय वह एक मजबूत राष्ट्र के रूप में तो होगा ही लेकिन क्या देश की जनता भी स्वस्थ शरीर के साथ राष्ट्र का नेतृत्व कर रही होगी?

जिस तरह लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों से हम घिरे हुए हैं, क्या एक कमजोर शरीर के साथ एक मजबूत सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकते हैं? किताब यह संदेश देती है कि मजबूत देश के निर्माण का भागीदार बनने के लिए हमें अपने शरीर पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि राष्ट्रीय प्राथमिकता भी होनी चाहिए।

किताब अच्छी लाइफस्टाइल पर सबसे ज्यादा जोर देती है। इसमें हेल्दी-फिट रहने के लिए कई ऐसे सूत्र दिए गए हैं, जिन्हें आसानी से अपना सकते हैं। जैसे- रोज अच्छी भरपूर नींद, संतुलित आहार युक्त थाली, रोज की वॉकिंग और प्रति सप्ताह न्यूनतम 150 मिनट मध्यम स्तर की शारीरिक गतिविधि को अनिवार्य बताया गया है। लेखक इस बात को बार-बार दोहराते हैं कि रोज का 24 मिनट का दैनिक व्यायाम, भविष्य की 240 घंटों की बीमारी को रोक सकता है। कुल मिलाकर यह किताब कई उदाहरणों और प्रसंगों के माध्यम से यह समझाने का प्रयास करती है कि आपका शरीर केवल आपका नहीं, राष्ट्र का भी है। व्यक्तियों से ही राष्ट्र बनता है और वही देश का निर्माण करते हैं। इसलिए यदि देश का हर नागरिक स्वस्थ होगा, तभी हम एक सशक्त राष्ट्र बनकर देश के विकास को स्वर्णिम अक्षरों में लिख सकते हैं। *

पुस्तक: फिटनेस और भारत @ 2047, **लेखक:** नरेंद्र कुमार यादव, **मूल्य:** 400 रुपए, **प्रकाशक:** प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली

डाइट सजेशन
जास्मिन कौर
डाइटीशियन-एम्स, नई दिल्ली

आपके बच्चे हेल्दी, एनर्जेटिक रहें इसके लिए आप हर संभव प्रयास करते हैं। लेकिन इसके लिए सबसे जरूरी है कि आप बच्चे को रेग्युलर न्यूट्रिशस डाइट दें। कैसी हो बच्चों की डाइट, जानिए।

बच्चों को दें न्यूट्रिशस फूड रहेंगे हेल्दी-एनर्जेटिक

यह सही है कि बच्चों को पिज्जा, बर्गर, फ्रेंच फ्राइज, पोटैटो चिप्स, कैंडी जैसे स्नैक्स अपनी ओर ज्यादा आकर्षित करते हैं। ताजे फल या ताजे फलों के जूस के बजाय उन्हें पैक्ड जूस, फ्रूट ड्रिंक्स और सोडा लेना ज्यादा पसंद होता है। लेकिन इन सबके कारण कम उम्र में ही उनमें एनीमिया, तनाव, मोटापा, डिस्लीपेडिनिया यानी लिपिड और ब्लड कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए जरूरी है कि बच्चों की डाइट का खास ध्यान रखा जाए।

दें हेल्दी मील्स: बच्चों के साथ पूरा परिवार बैठकर ऐसी हेल्दी डाइट ले, जिसमें प्रचुर मात्रा में कैलोरीज और न्यूट्रीएंट्स मौजूद हों। इससे बच्चे में हेल्दी डाइट के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। पढ़ाई, खेल और अन्य एक्टिविटीज के बीच बच्चों को शॉर्ट मील्स लेने की आदत डालें। बच्चों को हर रोज तीन बार हेल्दी खाना और दो बार हेल्दी स्नैक्स दें, ताकि उनके शरीर को प्रचुर मात्रा में कैलोरीज मिल पाएं। स्कूल जाने वाले बच्चों के लंच बॉक्स में हेल्दी मील के अलावा दो शॉर्ट मील्स भी पैक करके दें। ताकि वह स्कूल की कैंटीन से अनहेल्दी फूड न ले।

कैल्शियम युक्त डाइट जरूरी: कैल्शियम, बच्चों की हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके लिए उनकी डाइट में संतरे का जूस, दूध, टोफु, केला, स्पिनेच, ब्रोकली, आलमंड चीज, कॉटेज चीज और योगर्ट शामिल करें। बींस, सोया फूड्स, टोफू, पीनट, बटर को फ्राई करने के बजाय बेक, बॉयल और ग्रिल्ड करके दें, इससे उनका बॉडी वेट कंट्रोल रहेगा।

ताजे फल-सब्जियां हों ज्यादा: बच्चों की आधी से ज्यादा खाने की प्लेट फ्रेश फलों और सब्जियों से भरी होनी चाहिए। ड्राई फ्रूट्स के बजाय उन्हें फ्रूट जूस दें। संभव हो तो ब्रोकली, स्पिनेच, रोमैन लेट्यूस और कोलार्ड ग्रीन्स जैसे डार्क ग्रीन वेजिटेबल्स के साथ-साथ गाजर, शकरकंद, विंटर स्क्वैश और रेड पेपर्स सब्जियां भी दें। ब्राउन राइस, होल व्हीट पास्ता, होल ग्रेन सीरीयल्स और ब्रेड समेत लो फैट डेयरी फूड्स भी डाइट में शामिल करें। मांसाहारी हों तो मछली, चिकन जैसे प्रोटीन युक्त फूड्स भी उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

फ्राइड नहीं रोस्टेड स्नैक्स: फ्राइड के बजाय उन्हें रोस्टेड स्नैक्स खाने के लिए प्रेरित करें। टिंड फूड, टिंड पैक्ड फूड अवॉइड करें। उन्हें समझाएं कि जो भी खाएं फ्रेश खाएं। जंक फूड या फास्ट फूड में अधिक मात्रा में फैट (खासकर सैचुरेटेड फैट), अधिक मात्रा में नमक, चीनी मौजूद होते हैं। इससे वजन बढ़ने, हाई बीपी, कब्ज, थकान और ध्यान एकाग्र करने में परेशानी होती है। इससे बचने के लिए ऐसा भोजन उन्हें न दें। दांतों की समस्या से बच्चों को बचाने के लिए एनर्जी ड्रिंक्स के बजाय ताजे फल या फलों का ताजा जूस, नीबू का रस, लाइम या संतरा फ्लेवर चुनें।

अनसैचुरेटेड फैट: सोयाबीन, कनोला, ऑलिव और सनफ्लावर ऑयल में मौजूद अनसैचुरेटेड फैट हेल्दी होता है। रेड मीट में आयरन, एग योगर्ट, फोर्टिफाइड सीरीयल्स सहित ब्रेड को बच्चों की डाइट में शामिल कर सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक स्वस्थ डाइट का केवल सात प्रतिशत हिस्सा सेचुरेटेड फैट, देसी घी, मक्खन वगैरह से आना चाहिए। इससे ज्यादा मात्रा स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है। वहीं, मोनो अनसैचुरेटेड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैट का कॉम्बिनेशन बच्चों के विकास में मदद करता है इसलिए सनफ्लावर ऑयल में पका खाना खिलाना और खाने में उन्हें मूंगफली देना भी अच्छा है।

नियमित व्यायाम जरूरी: अच्छी डाइट के अलावा बच्चे हर रोज कम से कम एक घंटा शारीरिक श्रम, व्यायाम या आउटडोर गेम्स जरूर खेलें। जैसे कि दौड़, वॉकिंग, स्विमिंग आदि, इससे भी वे लगातार फिट रह सकते हैं। *

प्रस्तुति: सुषमाश्री

भोपाल-विदिशा 4-लेन मार्ग निर्माण के लिए 1,757 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी

भोपाल मेट्रो-पोलिटिन क्षेत्र विकास के लिए कैबिनेट की ठोस पहल
भोपाल बायपास बनेगा 6 लेन, टोल वसूली भी 2031 तक बढ़ाने की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने भोपाल को मेट्रोपोलिटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस पहल करते हुए भोपाल-विदिशा मार्ग के 2-लेन से 4-लेन उन्नयन एवं निर्माण के लिए 1757.57 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसके निर्माण से तेजी से औद्योगिक निवेश बढ़ेगा और अधोसंरसचना का भी व्यवस्थित विकास हो पाएगा।

इसके साथ ही साथ भोपाल बायपास को 6-लेन बनाने व भोपाल बायपास- टोल टैक्स शुल्क संग्रहण की अनुमति 2031 तक बढ़ाने की मंजूरी दी है। सीएम की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए। स्थानीय मजदूरों और क्षेत्र के रहवासियों को लाभांश वितरण के लिए वन विभाग की ओर से संचालित संयुक्त वन प्रबंध समितियों को लाभांश का प्रदाय योजना के तहत वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखे जाने की 918 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।

संग्रहणकर्ता श्रमिकों और रहवासियों को मिलेगा लाभांश, 918 करोड़ रुपए की स्वीकृति

रानी दुर्गावती व रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार बढ़ाकर 2 लाख रुपए किया

सीएम की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रिपरिषद् की बैठक आयोजित हुई।

4-लेन: 1,757 करोड़ 55 लाख की राशि मंजूर

कैबिनेट ने भोपाल को मेट्रो-पोलिटिन सिटी के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने हाईब्रिड एन्यूटी मोडल (एचएएम) के लिए बनाए गए मॉडल कंसेशन एग्रीमेंट के आधार पर, भोपाल-विदिशा मार्ग लंबाई 44.830 किमी का 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण किये जाने के लिए 1,757 करोड़ 55 लाख रुपए की स्वीकृति दी है।

नेशनल सोयाबीन रिसर्च इंस्टीट्यूट के लिए 20 हे. जमीन मिलेगी

कैबिनेट ने किसान कल्याण वर्ष में किसानों को बड़ी सौगात देते हुए भारत सरकार के तहत गठित उपक्रम नेशनल सोयाबीन रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना के लिए सीहोर जिले की इछावर तहसील के गांव भाउखेड़ी में 20 हेक्टेयर भूमि स्थायी पट्टे पर आवंटित किए जाने का निर्णय लिया है। प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जन-स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण, बुनियादी ढांचे के विस्तार और महिला सशक्तिकरण को गति देने के लिए 47 हजार 990 करोड़ रुपए के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है।

पुरस्कार की राशि अब 2 लाख रुपए

कैबिनेट ने 'रानी दुर्गावती राज्य स्तरीय पुरस्कार' की राशि भी 2 लाख रुपए करने की स्वीकृति दी है। 'रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार' की राशि को एक लाख रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए करने की मंजूरी दी है। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के 5 वर्षों के संचालन के लिए 795 करोड़ 59 लाख रुपए की मंजूरी दी गई।

2031 तक टोल वसूली की मंजूरी

कैबिनेट ने मप्र सड़क विकास निगम के तहत भोपाल बायपास 4-लेन को 6-लेन बनाने के दृष्टिगत मार्ग लम्बाई 51.963 किमी पर 19 जुलाई 26 से 31 दिसंबर 2031 तक उपयोगकर्ता शुल्क संग्रहण (टोल वसूली) की अनुमति प्रदाय की है। साथ ही इसकी अवधि अतिरिक्त 5 वर्ष तक बढ़ाने के लिए लोक निर्माण विभाग को अधिकृत किया है।

अग्नि दुर्घटना जांच के लिए जांच आयोग का अनुमोदन

कैबिनेट ने देवास जिले में 14 मई 2026 को टोकंकला में स्थित पटाखा फैक्ट्री में घटित दुखद अग्नि दुर्घटना की न्यायिक जांच के लिए सुभाष काकड़े सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय जबलपुर की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग गठित किए जाने और जॉच आयोग के कार्यकाल में तीन माह 14 अगस्त 2026 तक की वृद्धि किए जाने के संबंध में जारी अधिसूचना का अनुसमर्थन किया गया।

खबर संक्षेप

सीएम भोपाल, विस अध्यक्ष तोमर ग्वालियर में करेंगे ध्वजारोहण

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य-स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे। इस अवसर पर राजधानी भोपाल सहित जिला मुख्यालयों पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ग्वालियर में ध्वजारोहण करेंगे। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मंदसौर और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रीवा में ध्वजारोहण करेंगे।
प्रदेश सरकार के मंत्री गण डॉ कुंवर विजय शाह खंडवा, कैलाश विजयवर्गीय देवास, प्रहलाद सिंह पटेल नरसिंहपुर, राकेश सिंह जबलपुर, करन सिंह वर्मा सीहोर, राव उदय प्रताप सिंह छिंदवाड़ा, सम्पतिया उइके मंडला, तुलसीराम सिलावट इंदौर, एदल सिंह कंषाना मुरैना, निर्मला भूरिया झाबुआ, गोविंद सिंह राजपूत सागर, विश्वास कैलाश सारंग खरगौन, नारायण सिंह कुशवाह दतिया, नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, प्रद्युम्न सिंह तोमर शिवपुरी, राकेश शुक्ला श्योपुर और मंत्री इन्दर सिंह परमार शाजापुर में ध्वजारोहण करेंगे।
राज्य मंत्री कृष्णा गौर टीकमगढ़, राज्य मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी दमोह, दिलीप जायसवाल अनूपपुर और राज्यमंत्री राधा सिंह सिंगरौली में ध्वजारोहण करेंगी।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि 311 करोड़ हितग्राहियों के खातों में ट्रांसफर

समर्पण भाव से सबकी सेवा हमारा धर्म अंत्योदय ही हमारा अंतिम लक्ष्य: सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 11 अगस्त को मंत्रालय से प्रदेश के लाखों पात्र हितग्राहियों के खातों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की पेंशन राशि तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को गैस सिलेंडर रिफिल की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। इस अवसर पर डॉ यादव ने प्रदेश के सभी जिलों में मौजूद हितग्राहियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के विकास और कल्याण के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सबके घरों में खुशहाली आए, यही हमारी भावना है। डॉ यादव ने कहा कि समर्पण भाव से सब की सेवा हमारा धर्म और अंत्योदय ही हमारा अंतिम लक्ष्य है। उन्होंने विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत प्रदेश के 35 लाख 25 हजार से अधिक पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में 211 करोड़ 53 लाख रुपए अंतरित किए। यह राशि जुलाई 2026 की पेंशन के रूप में संबंधित हितग्राहियों के खातों में पहुंचाई गई है।

महिलाओं को मिले प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के रुपए

मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से हितग्राहियों को अंतरित की प्रोत्साहन राशि।

पेंशन की राशि भले छोटी, पर सहारा बहुत बड़ा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि पेंशन की राशि भले छोटी हो, लेकिन इससे मिलने वाला सहारा बहुत बड़ा होता है। बुजुर्गों के चेहरे की मुस्कान से ही सरकार को लोक कल्याण के लिए और भी बेहतर काम करने की नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार उत्सव का अवसर ही नहीं, समाज के अंतिम व्यक्ति की खुशियों से जुड़ने का अवसर भी होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए नागरिकों के सम्मान और सबकी खुशी से बढ़कर दूसरा कोई त्यौहार नहीं है।

बहनें खुश न हों तो घर में रौनक नहीं होती

श्रावण मास और आगामी रक्षाबंधन पर्व का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेश की लगभग 22 लाख 20 हजार से अधिक बहनों के खातों में अप्रैल और मई 2026 की गैस सिलेंडर रिफिल की राशि भी सिंगल क्लिक से अंतरित की। इसके तहत करीब 99 करोड़ रुपए की दो माह की सब्सिडी बहनों के खातों में पहुंचाई गई है।

घरों पर तिरंगा लगाने का आह्वान

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेशवासियों को हरियाली तीज, स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए महाकाल की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश के सभी नागरिकों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया।

उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा हर घर तिरंगा अभियान: डॉ यादव

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकभवन में सौजन्य भेंट की।

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि प्रदेश में उत्साह और उल्लास के साथ हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। राज्य सरकार ने सभी शासकीय विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया आरंभ की है। पिछले दिनों प्रदेश के सभी पात्र अधिकारी और कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिला है। यह पदोन्नति प्रक्रिया लंबे समय से अटकी हुई थी, हमारे अधिकारी-कर्मचारी कई वर्षों से पदोन्नति प्रक्रिया आरंभ होने की प्रतीक्षा में थे। डॉ यादव राज्यपाल मंगुभाई पटेल से भेंट के बाद लोक भवन के बाहर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में पूरी जानकारी उन्होंने राज्यपाल को दी है। डॉ यादव ने कहा कि राज्यपाल पटेल को आगामी राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रदेश स्तर पर जारी व्यापक तैयारियों से अवगत कराया गया।

सीएम ने ली राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की बैठक

वन पर्यटन को दें विस्तार, होम स्टे के जरिए बढ़ाएं आय

सीएम ने मंत्रालय में ली मप्र राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वन विभाग प्रदेश में तेजी से बढ़ रही पर्यटन संभावनाओं से जुड़कर वन पर्यटन के विकास पर विशेष फोकस करे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में जहां-जहां वन पर्यटन के विकास और विस्तार की सहज संभावनाएं उपलब्ध हैं, वहां वन विभाग पर्यटन विभाग के साथ समन्वय करे और ठोस कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल करें।

उन्होंने कहा कि मप्र की प्राकृतिक संपदा, जैव विविधता और वन्यप्राणी पर्यटन की अपार संभावनाएं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मंगलवार को मंत्रालय में मप्र राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की 32वीं बैठक ली।

आम लोगों को विश्वास में लेकर करें कार्य

सीएम ने कहा कि दूसरे राज्यों से सतत सम्पर्क में रहें, उनसे युवा और स्वस्थ वन्य प्राणी लेकर अपने राज्यों में वन्य प्राणियों का आदान-प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आंध्रप्रदेश, आसाम, कर्नाटका राज्यों को मप्र में उपलब्ध बाघ देकर उनसे हाथी, गेंडे और अन्य वन्य प्राणी लिए जाएं। वन भूमि के उपयोग को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वन भूमि के अंदर किसी भी प्रयोजन के लिए डायवर्सन पर सख्त निगरानी रखी जाए। वन भूमि में अवैध उत्खनन कदापि न होने पाए। बैठक में कुल 30 प्रस्ताव अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 29 प्रस्तावों को बोर्ड ने विमर्श उपरांत मंजूरी प्रदान कर दी, एक प्रस्ताव को पुनर्विचार के लिए रखने के निर्देश दिए गए।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस सं. 34/2026-2027 दिनांक 12.08.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र. सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	07260452	प्राइमरी स्प्रिंग (आउटर) फॉर एल एच बी नॉन ए सी कोचेस	9600 नग	02.09.26
02	09262045	साइड फ्रेम फ्रिक्शन लाइनर	21985 नग	07.09.26
03	09262061	हॉरिजॉन्टल वियर लाइनर	3898 नग	09.09.26
04	09262507	आउटर स्प्रिंग	7407 नग	21.09.26
05	09262042	की बोल्ट विथ नट स्प्रिंग वॉशर	290528 नग	05.10.26

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
2790/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कपिल शर्मा पुत्र श्री प्रदीप शर्मा निवासी मकान नंबर बी-294, पहली मंजिल, हरि नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 1249/2021 U/S 379/411 IPC & 103 DP Act,** अन्तर्गत **थाना हरि नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।
अत: इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 1249/2021 U/S 379/411 IPC & 103 DP Act,** अन्तर्गत थाना हरि नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कपिल शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री मोक्षा बैंस
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11(पश्चिम)
कमरा नंबर 31
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/11163/WD/2026(Court Matter)

डीएलएफ रिटेल ने लॉन्च किया मिडटाउन प्लाजा

नई दिल्ली। डीएलएफ रिटेल ने आज डीएलएफ मिडटाउन प्लाजा के लॉन्च का ऐलान किया। यह कंपनी का पहला नेबरहुड लाइफस्टाइल प्लाजा है, जिसे आजकल के शहरी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक नए रिटेल कॉन्सेप्ट के रूप में तैयार किया गया है। लॉन्च पर बात करते हुए डीएलएफ रिटेल की ग्रुप एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और बिजनेस हेड, पुष्पा बेक्टर ने कहा, मिडटाउन प्लाजा आज के नेबरहुड रिटेल के बदलते रूप को दिखाता है। इसे एक ऐसी जगह के रूप में तैयार किया गया है, जहां शॉपिंग, डाइनिंग, एंटरटेनमेंट और रोजमर्रा की सुविधाएं एक ऐसे आसान और सुलभ फॉर्मेट में मिलती हैं, जो लोगों की जरूरतों से सीधा जुड़ा है। डीएलएफ रिटेल के पहले नेबरहुड लाइफस्टाइल प्लाजा के रूप में यह हमारे काम को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारी सोच ऐसी जगहें बनाने की है जो सिर्फ शॉपिंग तक सीमित न रहें, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाएं। मिडटाउन प्लाजा को एक ऐसी जगह के रूप में सोचा गया है, जहां शॉपिंग, खाने-पीने, एंटरटेनमेंट और कम्युनिटी एक्सपीरियंस एक साथ आसानी से जुड़ते हैं। यह वेस्ट दिल्ली के पुराने शॉपिंग मॉल्स के तरीके को बदलकर इसे एक जीवंत सोशल हब का रूप देता है।

गाजियाबाद की पूनम ने बनाई पहचान

गाजियाबाद। 19 वर्षीय पूनम ने खुदरा क्षेत्र में अपने प्रदर्शन से पहचान बनाई है। उन्हें देशभर में चल रहे सैमसंग दोस्त कार्यक्रम के 9,400 से अधिक बिक्री प्रशिक्षुओं में बेहतर प्रदर्शन करने वालों में चुना गया है। सीखने और अपने पेशेवर विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए उन्हें गुरुग्राम स्थित सैमसंग इंडिया के क्षेत्रीय मुख्यालय में सम्मानित किया गया।सैमसंग दोस्त, सैमसंग इंडिया का सामाजिक दायित्व कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य युवाओं को खुदरा क्षेत्र में रोजगार के लिए जरूरी कौशल और व्यावहारिक अनुभव देना है।पूनम ने प्रशिक्षण के दौरान उत्पाद जानकारी, संवाद कौशल, ग्राहक सहभागिता और उत्पाद प्रदर्शन की क्षमता विकसित की। इन कौशलों से उन्हें ग्राहकों के साथ बेहतर तरीके से बातचीत करने और अपनी जिम्मेदारियां आत्मविश्वास के साथ निभाने में मदद मिली।उत्तर प्रदेश में इस कार्यक्रम के तहत अब तक 2,237 युवाओं को प्रशिक्षित और प्रमाणित किया गया है। देशभर में 34,700 से अधिक युवा इससे लाभान्वित हुए हैं।कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र कौशल परिषद और दूरसंचार क्षेत्र कौशल परिषद के सहयोग से उद्योग द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाणन भी दिया जाता है। इसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार और खुदरा क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए तैयार करना है।

शैल्बी हॉस्पिटल्स ने गुजरात की पहली टेली-रोबोटिक बैरियाट्रिक सर्जरी पूरी की

अहमदाबाद। रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में अहम उपलब्धि हासिल करते हुए, शैल्बी मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स ने गुजरात की पहली टेली-रोबोटिक बैरिएट्रिक मेटाबोलिक सर्जरी सफलतापूर्वक की है। इस सर्जरी में, ऑपरेशन करने वाले सर्जन ने गुरुग्राम से दूर बैठकर रोबोटिक सिस्टम को कंट्रोल किया, जबकि मरीज की सर्जरी अहमदाबाद में हो रही थी।टेली-रोबोटिक बैरिएट्रिक सर्जरी का नेतृत्व शैल्बी हॉस्पिटल्स के कंसल्टेंट लैप्रोस्कोपिक, रोबोटिक, बैरिएट्रिक और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन डॉ. पराग पटेल ने किया, जिन्होंने गुरुग्राम के एसएस इनोवेशन सेंटर से दूर से ही ऑपरेशन किया। उन्होंने शैल्बी हॉस्पिटल, एसजी हाईवे, अहमदाबाद में बेडसाइड क्लिनिकल टीम के साथ मिलकर काम किया, जिसकी अगुवाई कंसल्टेंट रोबोटिक और लैप्रोस्कोपिक गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, बैरिएट्रिक और मेटाबोलिक सर्जन डॉ. सौरभ दामानी कर रहे थे। टीम में डॉ. मोहसिना सैय्यद, हार्दिक मैकवान, हार्दिक आचार्य के साथ-साथ पूरी एनेस्थीसिया, नर्सिंग, ऑपरेटिंग थिएटर और टेक्निकल टीमें भी शामिल थीं। लैप्रोस्कोपिक, रोबोटिक, बैरिएट्रिक और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन, डॉ. पराग पटेल ने कहा मोटापा मेटाबोलिक बीमारी है जो शरीर के लगभग हर अंग सिस्टम को प्रभावित करती है।

हादसे के बाद आरोपी चालक फरार

मातम में बदली बस्तर की ओर जा रहे बाइक राइडर्स की यात्रा, महिला की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

बस्तर की ओर बाइक से जा रहे राइडर्स के एक समूह की यात्रा धमतरी जिले में हुए सड़ हादसे के बाद मातम में बदल गई। मरकाटोला घाट के पास ट्रेलर की टक्कर से मुंबई निवासी 24 वर्षीय रिद्धि ठक्कर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मुंबई से करीब 23 राइडर्स का समूह बाइक से बस्तर की ओर रवाना हुआ था। इसी दल में कांदिवली वेस्ट निवासी रिद्धि ठक्कर भी शामिल थीं। बताया गया कि समूह के अधिकांश सदस्य आगे निकल चुके थे और रिद्धि कुछ साथियों के साथ पीछे चल रही थीं। इसी दौरान नेशनल हाईवे-30 पर मरकाटोला घाट के पास उनकी बाइक को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रिद्धि सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

डॉक्टर्स ने पूरी कोशिश की, नहीं बच सकी जान

धमतरी पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने रिद्धि की जांच की, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक ट्रेलर लेकर मौके से भाग निकला। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस फरार ट्रेलर और चालक की तलाश कर रही है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, रिद्धि के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

हरेली तिहार के मौके पर पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में नजर आए मुख्यमंत्री साय

सीएम हाउस में देखने को मिला ग्रामीण परंपरा और लोक संस्कृति का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरेली तिहार के अवसर पर नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण परंपरा और लोक संस्कृति का रंग दे खने को मिला। पूजा-अर्चना से लेकर पारंपरिक खेल, लोकनृत्य, छत्तीसगढ़ी व्यंजन और आधुनिक कृषि तकनीक तक, पूरे आयोजन में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और खेती-किसानी की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में नजर आए। वे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ महिला ऑटो चालक संगीता यादव के पिंक ऑटो से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। मुख्यमंत्री का यह अंदाज आयोजन में आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की शुरुआत गौरी-गणेश और नवग्रह पूजन से हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने शिवलिंग का अभिषेक किया और नांगर, रापा, कुदाल तथा फावड़ा जैसे कृषि उपकरणों की पूजा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष भी नमन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरेली के मौके पर भगवान शिव, गौमाता और कृषि उपकरणों की पूजा की। उन्होंने प्रदेश में अच्छी बारिश, बेहतर फसल, किसानों की खुशहाली और राज्य की समृद्धि की कामना की।

आम और नीम के पत्तों से सजाया गया मुख्यमंत्री निवास

उन्होंने बताया कि वे खेतों में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और कीटनाशकों का छिड़काव ड्रोन से करती हैं। अब तक वे 2500 एकड़ से अधिक क्षेत्र में छिड़काव कर चुकी हैं और करीब 7 लाख रुपए की आय अर्जित कर चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने उनकी सफलता को महिला आत्मनिर्भरता और आधुनिक कृषि का उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री निवास परिसर को नीम और आम के पत्तों, फूलों तथा ग्रामीण शैली की सजावट से सजाया गया था। यहां गेड़ी, बिल्लस, गोटी, बाटी और रहचुली जैसे पारंपरिक खेलों की व्यवस्था की गई। बच्चों और युवाओं ने इन खेलों में उत्साह से हिस्सा लिया। लोक कलाकारों ने मांदर और ढोलक की थाप पर छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री भी कलाकारों के बीच पहुंचे और लोकधुनों पर उनके साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में ठेठरी, खुरमी, बड़ा सहित कई पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री ने इन स्टॉलों का जायजा लिया और कलाकारों, किसानों तथा नागरिकों से बातचीत की।

D.D. VENTURES LIMITED
CIN No. :- L50102DL1984PLC017834
Regd. Office : 68-68/1, Basement-1, Najafgarh Road, Industrial Area, Moti Nagar, West Delhi, India, 110015
Email Id: a.bhaskar@ddmotors.net, Website: www.ddventures.in, Tel. No. 011 44400444

Extract of Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter ended June 30, 2026

(Rs. in Lakhs)

Sr. No.	Particulars	Quarter Ended 30.06.2026	Quarter Ended 31.03.2026	Year Ended 31.03.2026
		(Unaudited)	(Audited)	(Audited)
1	Total Income from Operations	0.00	8.16	8.16
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	-1.40	6.59	1.27
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	-1.40	6.59	1.27
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	-1.40	6.63	1.31
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	-1.40	6.63	1.31
6	Equity Share Capital	94.60	94.60	94.60
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet	-92.64	-92.64	-92.64
8	Earning Per Share (of Rs. 1/- each)			
	1. Basic :	-0.01	0.07	0.01
	2. Diluted :	-0.01	0.07	0.01

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30.06.2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Unaudited Financial Results is available on the websites of the Stock Exchange www.msei.in and the Company www.ddventures.in

For and on behalf of the Board of
D. D. Ventures Limited
Sd/-
(Renu Gambhir)
Director
DIN: 01239511

Place : New Delhi
Date : August 12 2026

चिंतन

कैश कांड : जजों की जवाबदेही भी तय हो

न्यायपालिका से जनता की सबसे बड़ी अपेक्षा निष्पक्षता, पारदर्शिता और नैतिक विश्वसनीयता की होती है। ऐसे में किसी न्यायाधीश के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में नकदी मिलने और उसके बाद सबूतों से कथित छेड़छाड़ के आरोपों का जांच समिति द्वारा सही पाया जाना बेहद गंभीर मामला है। जस्टिस यशवंत वर्मा मामले ने केवल यह सवाल उठाया कि नोटों से भरी बोरियां वहां कैसे पहुंचीं, बल्कि यह भी पूछा है कि आग के बाद महत्वपूर्ण सबूतों को सुरक्षित रखने में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई। न्यायपालिका की गरिमा किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि जवाबदेही और पारदर्शी प्रक्रिया से मजबूत होती है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास से नकदी बरामद होने के मामले में लोकसभा द्वारा गठित जांच समिति ने उनके खिलाफ लगाए गए तीनों आरोपों को सही पाया है। समिति का कहना है कि न्यायमूर्ति वर्मा स्टोर रूम में मिली नकदी के स्रोत और स्वामित्व को लेकर संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके। उनकी सफाई को टालमटोल वाला और असंतोषजनक माना गया। रिपोर्ट का संसद में पेश होना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मामला अब केवल न्यायपालिका के भीतर की जांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सार्वजनिक जवाबदेही के दायरे में आ गया है। इस प्रकरण की सबसे विचलित करने वाली बात केवल नकदी का मिलना नहीं है। असली चिंता यह है कि इतनी गंभीर घटना के बाद घटनास्थल और वहां मौजूद सामग्री को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया इतनी कमजोर क्यों रही। किसी भी जांच में घटनास्थल के साक्ष्य सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। यदि वही सुरक्षित न रहें तो बाद की पूरी जांच पर सवाल उठने लगते हैं। इसलिए यह पता लगाना भी उतना ही जरूरी है कि सबूतों की सुरक्षा में चूक किस स्तर पर हुई और इसके लिए जवाबदेह कौन है। न्यायाधीशों को स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, क्योंकि बिना स्वतंत्र न्यायपालिका के लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन स्वतंत्रता का अर्थ जवाबदेही से मुक्ति नहीं हो सकता। न्यायिक स्वतंत्रता और न्यायिक जवाबदेही एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। जिस संस्था को सरकार, प्रशासन और नागरिकों के आचरण पर निर्णय देने का अधिकार है, उसके भीतर भी आचरण के उच्चतम मानक लागू होने चाहिए। न्यायमूर्ति वर्मा ने अप्रैल 2026 में इस्तीफा दे दिया था और इसके साथ उनके खिलाफ संसद से पदच्युत करने की प्रक्रिया व्यावहारिक रूप से निष्प्रभावी हो गई। लेकिन इस्तीफा किसी गंभीर आरोप पर सार्वजनिक जवाबदेही का अंत नहीं होना चाहिए। समिति ने आरोपों को साबित माना है, इसलिए अब सवाल यह है कि इसके बाद संस्थागत और कानूनी स्तर पर क्या कार्रवाई संभव है। इस मामले में राजनीति से ऊपर उठकर संस्थागत सुधार की जरूरत है। न्यायपालिका के खिलाफ आरोप लगे तो जांच न्यायपालिका की गरिमा बचाने के लिए होनी चाहिए, किसी व्यक्ति को बचाने के लिए नहीं। इसी तरह संसद की भूमिका भी राजनीतिक प्रतिशोध से मुक्त और तथ्यों पर आधारित रहनी चाहिए। लोकतंत्र में संस्थाओं का सम्मान तभी कायम रहता है जब वे अपने भीतर उठे गंभीर सवालों का सामना करने का साहस दिखाती हैं। सबसे बड़ा नुकसान तब होता है जब जनता की यह धारणा बनने लगे कि आम नागरिक के लिए कानून की कठोरता और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए अलग कसौटी है। कुल मिलाकर न्याय की कुर्सी पर बैठे हर व्यक्ति की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

छात्र आंदोलनों में लोगों का दोहरा मापदंड

राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर जब देश भर के छात्रों की आवाज गूंज रही थी, तब पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था की खामियों, परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और कथित रूप से प्रश्नपत्र के अवैध तरीके से सार्वजनिक होने को लेकर एक बड़ी बहस छिड़ गई थी। उस समय दिल्ली में चले उस आंदोलन ने बहुत जल्द राष्ट्रीय विमर्श का रूप ले लिया था। सत्ता के गलियारों से सीधे और तीखे सवाल पूछे गए, शिक्षा व्यवस्था की पूरी जवाबदेही तय करने की मांग उठी और देश के भविष्य को लेकर बड़े और आदर्शवादी बयान सामने आए। उस आंदोलन के समर्थन में देश के कई नामी, प्रतिष्ठित और प्रभावशाली चेहरे भी दिखाई दिए, जिन्होंने छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का दावा किया।

राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर जब देश भर के छात्रों की आवाज गूंज रही थी, तब पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था की खामियों, परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और कथित रूप से प्रश्नपत्र के अवैध तरीके से सार्वजनिक होने को लेकर एक बड़ी बहस छिड़ गई थी। उस समय दिल्ली में चले उस आंदोलन ने बहुत जल्द राष्ट्रीय विमर्श का रूप ले लिया था। सत्ता के गलियारों से सीधे और तीखे सवाल पूछे गए, शिक्षा व्यवस्था की पूरी जवाबदेही तय करने की मांग उठी और देश के भविष्य को लेकर बड़े और आदर्शवादी बयान सामने आए। उस आंदोलन के समर्थन में देश के कई नामी, प्रतिष्ठित और प्रभावशाली चेहरे भी दिखाई दिए, जिन्होंने छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का दावा किया।

समाचार पत्रों के मुख्य पृष्ठों से लेकर हर वैचारिक मंच पर केवल युवाओं के अधिकारों की बात हो रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो पूरा देश छात्रों के दर्द को अपना दर्द मान चुका है। लेकिन आज जब वही सवाल, वैसी ही विसंगतियां और वैसा ही दर्द रांची की सड़कों पर खुले आसमान के नीचे खड़ा है, तो वह राष्ट्रीय आक्रोश कहीं खोया हुआ सा लगता है। झारखंड की राजधानी रांची में राज्य लोक सेवा आयोग और राज्य कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ छात्र बहुत लंबे समय से कड़ाके की ठंड और तमाम प्रशासनिक दुश्वारियों के बीच लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उनका यह संघर्ष 17 दिनों का लंबा सफर तय कर चुका है। राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और छात्रों के बीच बातचीत के कई दौर भी आयोजित हुए हैं, लेकिन विवाद पूरी तरह से समाप्त नहीं हो सका है और छात्रों का गहरा असंतोष जस का तस बना हुआ है। झारखंड जैसे राज्य में जहां अधिकतर छात्र ग्रामीण और अत्यंत सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं, उनके लिए सरकारी नौकरी केवल रोजगार नहीं बल्कि पूरे परिवार के सामाजिक और आर्थिक उत्थान का एकमात्र साधन होती है। ऐसे गंभीर समय में यह सवाल उठना पूरी तरह से स्वाभाविक है कि राजधानी दिल्ली में छात्रों के साथ हुए अन्याय पर अपनी आवाज बुलंद करने वाले वे तमाम नामी लोग और विचारक अब कहां छिपे हैं? क्या किसी छात्र की पीड़ा और उसका दर्द दिल्ली की सीमा समाप्त होते ही अचानक से कम हो जाता है? क्या परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता का सवाल केवल देश की राजधानी में ही अधिक महत्वपूर्ण होता है और रांची या किसी अन्य प्रांतीय शहर तक पहुंचते ही उसका महत्व पूरी तरह से शून्य हो जाता है? यह एक ऐसा कड़वा विरोधाभास है जो हमारी बौद्धिक और सामाजिक चेतना पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। प्रसिद्ध अभिनेता पीयूष मिश्रा ने रांची पहुंचकर इस पूरी बहस को एक नई और अत्यंत तीखी धार दे दी है। उन्होंने रांची में आंदोलन कर रहे छात्रों के बीच जाकर न केवल उनका खुला समर्थन किया, बल्कि दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की एक पुरानी टिप्पणी के संदर्भ में बहुत ही तीखा कटाक्ष भी किया। अभिनेता की भाषा, उनके तेवर और उनके शब्दों के चयन पर अलग से एक लंबी बहस हो सकती है और शायद एक स्वस्थ व लोकतांत्रिक समाज में यह बहस होनी भी चाहिए। लेकिन उन्होंने जिस मूल सवाल को पूरे देश के सामने लाकर खड़ा कर दिया है, उसे किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब यह सवाल केवल इस बात तक सीमित नहीं रह गया है कि

कौन सा अभिनेता या कौन सा प्रसिद्ध चेहरा किस वैचारिक गुट के साथ खड़ा है। असल और सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या देश में छात्र आंदोलन भी अब केवल किसी राजनीतिक सुविधा का विषय बन गए हैं? क्या अब केवल यह देखा जाएगा कि सत्ता के सिंहासन पर कौन बैठा है और उसी के आधार पर यह तय होगा कि किस राज्य के छात्र के लिए आंसू बहाने हैं और किस राज्य के छात्र को उसके हाल पर बेसहारा छोड़ देना है?

जब दिल्ली में आंदोलन सत्ता के शीर्ष केंद्र के ठीक सामने हो रहा था, तब उसकी गूंज राष्ट्रीय समाचार माध्यमों तक बहुत आसानी से और तेज गति से पहुंच गई थी। हर तरफ निरंतर चर्चा हो रही थी। हमें यह बिल्कुल नहीं भूलना चाहिए कि रांची के छात्र भी इसी देश के उतने ही महत्वपूर्ण नागरिक हैं। वे भी अपने जीवन के कई बहुमूल्य वर्ष छोटी-छोटी कोठरियों में बंद रहकर पढ़ाई करते हुए गुजारते हैं। वे भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अपना खून पसीना एक करते हैं। उनके माता पिता भी अपनी गाढ़ी कमाई का एक-एक पैसा और कई बार तो कर्ज लेकर भी, अपने बच्चों के भविष्य को संवारने में लगाते हैं। यदि उन्हें अपनी परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, भ्रष्टाचार, पक्षपात या धांधली दिखाई देती है, तो उनके सवालों का और उनके आक्रोश का महत्व दिल्ली के छात्रों के आक्रोश से एक प्रतिशत भी कम कैसे आंका जा सकता है? अन्याय का पैमाना भौगोलिक स्थान के आधार पर नहीं बदला जा सकता। यहां दिल्ली के आंदोलन का नेतृत्व करने वाले संगठन और उसके संयोजक अभिजीत दिपके को लेकर भी कई सामाजिक मंचों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। कुछ आलोचकों का कहना है कि वे रांची के मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं। फिर भी एक बहुत बड़ा और समाज को चुभने वाला प्रश्न हमारे सामने खड़ा रहता है। केवल किसी आंदोलन की तीव्रता में अंतर होने या किसी प्रसिद्ध चेहरे की अनुपस्थिति को सीधे तौर पर किसी बड़े षड्यंत्र का अकाट्य प्रमाण मान लेना सर्वथा अनुचित होगा। लोकतांत्रिक विमर्श में किसी की नीयत पर संदेह अवश्य किया जा सकता है, व्यवस्था से कड़े सवाल भी पूछे जा सकते हैं, लेकिन अंतिम निष्कर्ष हमेशा तथ्यों और ठोस सबूतों के आधार पर ही निकाला जाना चाहिए। छात्रों का दर्द न तो किसी सत्ताधारी दल की बपौती हो सकता है, न ही किसी विपक्षी दल की जागीर है और न ही किसी अन्य क्षेत्रीय दल का राजनीतिक हथियार हो सकता है। यह विशुद्ध रूप से भारत के युवाओं का और देश के भविष्य का दर्द है। परीक्षा चाहे राष्ट्रीय स्तर की हो या राज्य स्तर की, न्याय की गुहार और अन्याय का पैमाना पूरे देश में एक समान होना चाहिए। किसी भी युवा के साथ उसकी भौगोलिक स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। इसलिए आज यह सवाल उन तमाम नामी हस्तियों, साहित्यकारों, अभिनेताओं और विचारकों से भी है जो दिल्ली में छात्रों की बुलंद आवाज बन रहे थे।

यह सवाल उन सभी राजनीतिक शक्तियों से भी है जो अपनी सुविधा और अपने चुनावी गणित के अनुसार छात्र आंदोलनों को अपना समर्थन देते हुए दिखाई देते हैं। देश के छात्रों को किसी के उपकार या झूठी सहानुभूति की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल एक निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली, एक पारदर्शी व्यवस्था तथा अपने भविष्य के प्रति सच्चा न्याय चाहिए। यदि कोई आंदोलन सचमुच छात्रों के कल्याण के लिए है, तो उसकी अग्नि का ताप देश की राजधानी दिल्ली से लेकर झारखंड की राजधानी रांची तक बिल्कुल एक समान होना चाहिए। वरना आने वाली पीढ़ियां इतिहास के पन्नों में यही सवाल पूछेंगी कि क्या उस दौर में उठी आवाजें वास्तव में छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए थी, या फिर वे केवल किसी खास राजनीतिक मौसम का फायदा उठाने के लिए रची गई एक सुविधाजनक पटकथा का हिस्सा मात्र थीं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

कार्यवाही
ओ.पी. पाल

असहमति के शोर में गुम होती संसदीय मर्यादा

भारतीय लोकतंत्र का सबसे पवित्र मंदिर 'संसद' जनता की समस्याओं, राष्ट्रीय नीतियों और भावी कानूनों पर तर्कसंगत बहस का केंद्र माना जाता है। मसलन, संसद केवल कानून बनाने की मशीन नहीं है, बल्कि यह देश की सामूहिक चेतना और आकांक्षाओं का दर्पण है। संसद के वर्तमान मानसून सत्र में जो दृश्य सामने आ रहा है, वह विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। सत्र के पहले ही दिन से विपक्षी दलों द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय व राजनीतिक मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया जा रहा है। सदन के भीतर नारेबाजी और वेल (सदन के बीचों-बीच) में आकर तख्तियां दिखाने से लेकर संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा से लेकर नए भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन करना विपक्ष की रोजाना की दिनचर्या देखी जा रही है। यह भारतीय लोकतंत्र और जनता के प्रति जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही की दृष्टि से शुभ संकेत नहीं हैं। संसद के मानसून सत्र में बीते दो हफ्ते की तरह तीसरे सप्ताह की कार्यवाही के दौरान भी जिस तरह हंगामे के बीच बिना बहस के विधेयक पारित हो रहे हैं, वह भारतीय लोकतंत्र में विधायी कार्य और जवाबदेही का गहराता संकट पैदा करता नजर आ रहा है। यह सत्र अपने अंतिम पड़ाव पर है, तो सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों के पास अपनी जिम्मेदारी निभाने का आखिरी अवसर है। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक और आवश्यक है, लेकिन असहमति को प्रकट करने का जरिया 'संसदीय संवाद' होना चाहिए, 'संसदीय गतिरोध' नहीं। जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए यह अनिवार्य है कि दोनों पक्ष अपनी राजनीतिक रणनीतियों से ऊपर उठकर देश के विधायी और लोकतांत्रिक हितों को प्राथमिकता दें। यद्यपि सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि वह विपक्ष द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर नियम-नियमावली के तहत चर्चा कराने को तैयार है, वहीं विपक्ष का कहना है कि उनकी प्राथमिक मांगों पर तुरंत और बिना शर्त बहस कराई जाए। इस गतिरोध के बीच सबसे बड़ा नुकसान देश के उस विधायी ढांचे का हो रहा है, जिसकी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों को सौंपी गई है। संसद में विपक्ष की ओर से जारी व्यवधान के बीच केंद्र सरकार ने भी विधायी कामकाज निपटाने के लिए एक आक्रामक और व्यावहारिक रणनीति अपनाई है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह हंगामे के कारण विधायी एजेंडे को रुकने नहीं देगी। नतीजतन, शोर-शराबे और तख्तियों की आड़ में ही कई अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक बिना किसी विस्तृत चर्चा के दोनों सदनों से पारित कराए जा चुके हैं। पीठासीन अधिकारियों (लोक सभा अध्यक्ष और राज्य सभा के सभापति) द्वारा बार-बार सदस्यों से अपनी सीटों पर लौटने और बिलों पर चर्चा में भाग लेने की अपील की गई। इसके बावजूद, जब विपक्षी दल चर्चा में शामिल होने के बजाय वाकआउट (सदन का बहिष्कार) करने या नारेबाजी जारी रखने का विकल्प चुनते हैं, तो सरकार ध्वनिमत के जरिए विधेयकों को पारित करवा लेती है। संसदीय कार्यप्रणाली के दृष्टिकोण से यह स्थिति चिंताजनक है। जब कोई विधेयक बिना बहस के कानून का रूप लेता है, तो उसमें रह जाने वाली व्यावहारिक कमियों या खामियों पर विचार करने का अवसर समाप्त हो जाता है। प्रश्नकाल के दौरान सांसद अपने क्षेत्रों की समस्याओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, अर्थव्यवस्था, रक्षा और बुनियादी ढांचे से जुड़े तारांकित और अतारांकित प्रश्न पूछते हैं। चालू मानसून सत्र में लगातार व्यवधान के कारण अधिकांश दिनों में प्रश्नकाल शुरू होते ही स्थगित करना पड़ा या शोर-शराबे में डूब गया। इससे मंत्रियों से सीधे तीखे सवाल पूछने का जनता का अधिकार अप्रत्यक्ष रूप से छिन गया। सदन के लगातार बाधित रहने से न तो देश के ज्वलंत मुद्दों पर बात हो पा रही है और न ही दूर-दराज के क्षेत्रों के आम नागरिकों की आवाज दिल्ली तक पहुंच पा रही है। अब जब मानसून सत्र अपनी समाप्ति की ओर है, तब यह सवाल सबसे बड़ा है कि क्या बाकी बचे समय का उपयोग देशहित में किया जा सकता है? आगे की राह को आसान बनाने के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों को अपने अड़ियल रुख से पीछे हटना होगा। सरकार को चाहिए कि वह विपक्ष की मुख्य मांगों पर किसी बीच के रास्ते या विशेष नियम के तहत चर्चा कराने का औपचारिक आश्वासन दे। वहीं, विपक्ष को यह स्वीकार करना होगा कि सदन को ठप रखने से किसी समस्या का समाधान नहीं निकलता। अब, जो भी महत्वपूर्ण विधेयक पटल पर रखे जाने हैं, उन पर कम से कम संक्षिप्त बहस अवश्य कराई जाए। विपक्ष को वाकआउट करने के बजाय सदन में रहकर अपने संशोधन दर्ज कराने चाहिए और सरकार को भी विपक्ष के जायज सुझावों को शामिल करने का बड़प्पन दिखाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल

संकलित
दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए

संकलित
प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

युवाओं की देश-समाज के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका

12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। सारी दुनिया युवा शक्ति को पहचानती है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने तो वर्ष 1985 को अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया था। वर्ष 1998 के विश्व सम्मेलन में विभिन्न मंत्रियों के समूह के सुझावों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसंबर 1999 को इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया था। पहला अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस साल 2000 में मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं की मुख्य भागीदारी पर विचार विमर्श करना है। अगर हम अपने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कहानियों और इतिहास को पढ़ें तो हमें पता चलेगा कि देश को स्वतंत्र करवाने के लिए युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। युवाओं की भूमिका को स्वीकार करने का समय आ गया है। *–मनोज जोशी, रायपुर*

करंट अफेयर

न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे

अमेरिका के दो राज्यों, न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत की यात्रा और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के योगदान को मान्यता देने के लिए 15 अगस्त को उसके स्वतंत्रता दिवस को मनाने की घोषणा की है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होकुल ने 15 अगस्त 2026 को पूरे राज्य में भारत का स्वतंत्रता दिवस मनाने की घोषणा की। वहीं, न्यू जर्सी की गर्वनर मिकी शेरिल ने भी इसी तरह की घोषणा की है। न्यूयॉर्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि ये घोषणाएं भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोहों से पहले की गई हैं और

इनमें भारत की स्वतंत्रता यात्रा तथा भारत और अमेरिका के बीच साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को रेखांकित किया गया है। दोनों पड़ोसी राज्यों न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में अमेरिका के सबसे बड़े और प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य रहते हैं। दोनों राज्यों द्वारा जारी बयान के मुताबिक भारतवंशी व्यापार, स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और सार्वजनिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

ऑफ बीट

धीरे-धीरे दौड़ने के कई फायदे आए सामने

धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

ट्रेंड

सीबीएसई की शिक्षा

सीबीएसई स्कूल शुरू करने में कई चुनौतियाँ थीं, लेकिन हमने हर चुनौती को एक मौके में बदल दिया और 150 स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ा। आज, 24,000 बच्चे सीबीएसई स्कूलों में दाखिला ले चुके हैं। अब, उन्हें सिर्फ2,000 रुपये में सीबीएसई की शिक्षा मिल रही है।
-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश

तिरंगे की कहानी

आजादी की लड़ाई के संकल्प से लेकर 140 करोड़ भारतीयों के गर्व तक, भारत की पूरी गाथा तिरंगे में बुनी हुई है। बलिदान, वीरता, एकता और देश को सर्वोपरि रखने के अटूट संकल्प की गाथा। यह हमारे तिरंगे की कहानी है...
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

एनसीडीसी बिल

नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (संशोधन) बिल, 2026, गृह मंत्री अमित शाह के नाम से पेश किया जा रहा है, जो लगातार सदन से अनुपस्थित रहे हैं। आपको उन्हें तुरंत सदन में बुलाना चाहिए।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

समुदाय पर निर्भर

कोई व्यक्ति चाहे कितना भी काबिल क्यों न हो, वह अकेले नहीं रह सकता। हम उस समुदाय पर निर्भर होते हैं जिसमें हम रहते हैं। दूसरों की भलाई के लिए खुद को समर्पित करके, हम असल में अपना ही भला करते हैं।
- दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

लोकसभा में सिर्फ हंगामा ही हंगामा, बिना चर्चा पारित हुआ खान-खनिज संशोधन विधेयक

- हंगामे के बीच बोली सरकार, छात्रों के मुद्दे पर हम चर्चा को तैयार, विपक्ष चुनिंदा सवालों का गृहमंत्री से चाहता जवाब।
- विधेयक का उद्देश्य, देश में खनन क्षेत्र में एक समान, पारदर्शी नीतियों को लागू कर निवेश को बढ़ाना है।
- आज मानसून सत्र का अंतिम दिन, हंगामे के ही हैं आसार। स्पीकर बिरला ने सांसदों को दी सीख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र के गुरुवार को होने वाले औपचारिक समापन से ठीक एक दिन पहले यानी बुधवार को भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जारी तनातनी खत्म नहीं हुई। लोकसभा में सुबह 11 बजे से दोपहर सवा तीन बजे तक प्रदर्शनकारी छात्रों पर की गई पुलिस की कार्रवाई और राम मंदिर चंदा चोरी जैसे मामलों पर कुछ खास सवालों को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से सदन में आकर जवाब देने की मांग के साथ विपक्षी का हंगामा चलता रहा। जिसकी वजह से प्रश्नकाल और शून्यकाल दोनों बाधित हुए।

हालांकि इसी गतिरोध के बीच 2 बजे के बाद एक बार फिर से सदन में बिना किसी चर्चा के खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2026 (एमएमडीआर) ध्वनिमत से पारित हो गया है। जिसे बीते 10 अगस्त को केंद्रीय खान मंत्री जी.किशन रेड्डी ने लोकसभा में पेश किया था। पूर्व में भी कई अन्य विधेयकों को शोरशराबे के बीच इसी तरह से बिना चर्चा के पारित किया जा चुका है। सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित की गई। उधर, गुरुवार को मॉनसून सत्र का अंतिम दिन है। जिसमें विपक्ष का हंगामा थमने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। सत्र की शुरुआत पिछले महीने 20 जुलाई को हुई थी।

सदन चलाना सामूहिक जिम्मेदारी: बिरला

सुबह 11 बजे कार्यवाही की शुरुआत के साथ लोकसभा अध्यक्ष ने मौजूदा सत्र में पोस्टर, बैनर लेकर लगातार चल रहे विपक्ष के हंगामे को लेकर नाराजगी जताते हुए उन्हें नसीहत दी कि देश की आम जनता चाहती है कि सदन की कार्यवाही चले। लेकिन इसे लेकर सभी दलों की सामूहिक जिम्मेदारी बनती है। नीतियों, विचारों में गंभीर मतभेद हो सकता है। जिसे विचारों के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाना चाहिए। इस बाबत मैंने व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों तरह से अपने विचार तमाम राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष रखे हैं। उन्होंने पुनः दोहराया कि प्रश्नकाल एक महत्वपूर्ण समय होता है और इस दौरान तख्तियों और नारेबाजी के साथ सदन की

प्रतिष्ठा को न गिराएं।

युवाओं की मांग, उनके मुद्दों पर चर्चा हो

बिरला ने सदन में 12 अगस्त यानी अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का उल्लेख करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में भारत के युवाओं के योगदान की सराहना की है। उन्होंने कहा, युवाओं ने शिक्षा, विज्ञान, अंतरिक्ष, तकनीक और उद्यमिता जैसे कई क्षेत्रों में अपनी विशेष पहचान बनाई है। आज उनके सामर्थ्य की वजह से ही पूरी दुनिया में देश के नाम का डंका बज रहा है। युवा भी चाहते हैं कि उनके विषयों पर, छात्रों के मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार चर्चा करने के लिए राजी है और गृह मंत्री भी लोकसभा में आकर अपना बयान देने के लिए तैयार है। लेकिन इसे लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को सहमति बनानी चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष की इस भावुक अपील का भी हंगामा कर रहे विरोधी दलों के सांसदों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जिसे देखते हुए उन्होंने कार्यवाही को 11 बजकर 4 मिनट पर दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

खान-खनिज विधेयक से होगा यह लाभ

एमएमडीआर विधेयक मूल रूप से खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की जगह लेगा। इसका वास्तविक उद्देश्य देश के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों के अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ाना है। अब खनिज करों और शुल्कों के निर्धारण व विनियमन की मुख्य शक्ति केंद्र सरकार के दायरे में होगी। विधेयक का उद्देश्य देशभर में खनन क्षेत्र में एक समान और पारदर्शी नीतियों को लागू करना व निवेश में बढ़ोतरी करना है। साथ ही इसके माध्यम से एक प्रकार से राज्यों के कर लगाने के अधिकारों पर रोक लगाई गई है। विधेयक में बदलाव के जरिए लाए गए सुधार खनन क्षेत्र को उद्योगों के लिए खनिजों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। जिससे आत्मनिर्भर भारत को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा पट्टाधारकों को मौजूदा खनन पट्टे में कई खनिजों को जोड़ने की अनुमति होगी, खनिज अन्वेषण वित्तपोषण का दायरा बढ़ेगा और कैप्टिव खानों (अपनी जरूरत के लिए खनिज निकालने वाली खदानें) से खनिजों की बिक्री पर लगी सीमा की रोक समाप्त हो गई है। ये विधेयक खनिज पट्टा धारकों को अधिक लचीलापन प्रदान करता है। साथ ही किसी विशिष्ट खनिज के लिए दिए गए खनन पट्टा के धारक मौजूदा पट्टे में अन्य खनिजों को शामिल करने के लिए भी राज्यों को आवेदन कर सकेंगे।

शोर से भविष्य की पीढ़ी को क्या संदेश देंगे?

पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने विपक्ष के शोरशराबे पर तंज कसते हुए कहा कि मैंने विपक्षी सांसदों को अपने संशोधन प्रस्तुत करने के लिए उनके नाम पुकारे। लेकिन कोई तैयार नहीं हुआ। तभी एन.के.प्रेमचंद्रन ने कहा कि यह विधेयक देश की संसद, सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ है। जिसकी वजह से लोकसभा को इसे पारित करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें टोकते हुए पाल ने कहा कि अगर इस बिल का विपक्ष को वाकई में विरोध करना होता। तो वह वेल में हंगामा करने के बजाय अपने स्थान पर होता और संशोधनों पर मत प्रस्तुत किए जाते। लेकिन अब शोरशराबे से यह साफ हो गया है कि विरोधी दल इस विधेयक का विरोध नहीं करना चाहते थे। पाल ने कहा, इस तरह से शोर करके आप भविष्य की पीढ़ी को क्या संदेश देंगे?

दो दिन बचे हैं, छात्रों को समर्पित करें: रिजिजू

वहीं, संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि मैं, केसी वेणुगोपाल और अखिलेश यादव से यह अनुरोध करता हूं कि वो अनुशासन के साथ सदन में अपना विरोध जताएं। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है कि नीट पेपरलीक मामले पर अभी सदन में चर्चा की शुरुआत करवा दीजिए। सरकार पूरी तरह से तैयार है। अब हमारे पास मॉनसून सत्र के महज दो दिन ही शेष बचे हैं। जिसे हम पूरी तरह से छात्रों को समर्पित करेंगे। आप लोग भागिए मत, इस मामले पर चर्चा करते हैं। जगदंबिका पाल ने कहा कि विपक्ष वेल खाली कराए, मैं चर्चा की शुरुआत की घोषणा करता हूं। लेकिन सदन के हालात नहीं बदले, हंगामा जस का तस चलता रहा।

सदन में रखी गई संसदीय समितियों की रिपोर्ट

शोरशराबे के बीच 2 बजे के बाद पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाए। जिसमें कुछ केंद्रीय मंत्रालयों की संसदीय स्थायी समितियों की रिपोर्ट भी शामिल हैं। कृषि, रक्षा, वित्त, पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस, कोयला-खान एवं स्टील, सामाजिक न्याय व अधिकारिता, सहित यातायात, पर्यटन-संस्कृति मंत्रालय शामिल हैं।

खबर संक्षेप

रेवन्ना की जेल कोठरी में मिले अवैध सामान

बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के जेल कोठरी से मंगलवार को तलाशी के दौरान स्मार्टफोन समेत कई अन्य प्रतिबंधित साम्रगी बरामद की गई है। प्रज्वल रेवन्ना रेप मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं।

दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे सीजेआई

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत हैदराबाद की एनएएलएसएआर यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर श्रीकृष्णा देवा राव के कार्यालय ने पुष्टि की है। यह घोषणा छात्रों के एक वर्ग की ओर से किए गए विरोध के बावजूद की गई है। वे मांग कर रहे सीजेआई को आमंत्रित न करें।

हिमाचल में वाहन खाई में गिरा, 4 की मौत

शिमला। हिमाचल के सिरमौर जिले में गटलोग के पास मंगलवार देर रात अस्पताल से ग्रामीण का शव लेकर लौट रहे एक वाहन के खाई में गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। 9 अन्य घायल हो गए।

अखिलेश यादव बोले, बिल के विरोध में एकजुटता से खड़ा है समूचा विपक्ष

हंगामे के बीच लोकसभा में पारित एफसीआरए बिल को जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कार्यवाही और गृह मंत्री के जवाब की मांग को लेकर लोकसभा में बुधवार को हुए जोरदार हंगामे के बीच सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जिसके तहत केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक-2026 (एफसीआरए) को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने के लिए रखा गया प्रस्ताव पारित हो गया है।

अब यह समिति सदन में अपनी रिपोर्ट संसद के शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन पेश करेगी। गौरतलब है कि सरकार ने एफसीआरए विधेयक संसद के पिछले बजट सत्र के दौरान 25 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश किया था। जिसका एक मुख्य प्रावधान यह है कि अगर किसी एनजीओ या संगठन का एफसीआरए रजिस्ट्रेशन रद्द हो जाता है, समाप्त हो जाता या उसे सरेंडर करने की स्थिति में उसके द्वारा तैयार की गई संपत्तियों को एक प्राधिकरण के अधीन कर दिया जाएगा। इसके अलावा नियमों के उल्लंघन पर दी जाने वाली सजा को 5 साल से घटाकर 1 साल कर दिया गया है।

समिति में होंगे कुल 31 सदस्य

राय ने इस संबंध में प्रस्ताव रखते हुए बताया कि जेपीसी की कुल सदस्य संख्या 31 होगी। जिसमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य शामिल होंगे। दोनों सदनों के अध्यक्षों द्वारा सदस्यों का चयन किया जाएगा। समिति की आधिकारिक बैठक आयोजित करने के लिए न्यूनतम कोरम इसकी कुल सदस्य संख्या

यानी 31 का करीब एक तिहाई निर्धारित किया गया है। जेपीसी के कामकाज पर संसदीय समितियों से संबंधित लोकसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम लागू होंगे। जिनमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा आवश्यकतानुसार संशोधन किए जा सकेंगे। इसके अलावा इस प्रस्ताव के जरिए लोकसभा ने राज्यसभा से जेपीसी में शामिल होने और अपने 10 सदस्यों के नामों की औपचारिक सूचना देने की सिफारिश की है।

विपक्ष ने उठाई बिल को वापस लेने की मांग

कांग्रेस की अगुवाई में अन्य सभी विपक्षी दलों ने गृह राज्य मंत्री द्वारा विधेयक को जेपीसी को भेजने के प्रस्ताव के साथ ही इसका एकजुटता के साथ कड़ा विरोध किया।

कांग्रेस सांसद के.सी.वेणुगोपाल ने कहा कि हमें इस मामले को लेकर अभी इस वक्त ही जानकारी दी गई है। विधेयक के जरिए सरकार उन गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), संस्थाओं तथा खासतौर पर अल्पसंख्यक समुदाय और उनके अच्छे कार्यों को निशाना बनाने की कोशिश कर रही है। इसलिए हमारी मांग है कि केंद्र को इस विधेयक को वापस लेना चाहिए। इन सबके बीच हंगामा चला रहा और पीठासीन सभापति ने कार्यवाही को 2 बजकर 27 मिनट से 3 बजे तक स्थगित कर दिया।

अखिलेश-रिजिजू में हुई तीखी नोकझोंक

दोपहर 3 बजे पुनः शुरू हुई कार्यवाही के दौरान सदन में संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच तीखी नोंकझोंक भी देखने को मिली। अखिलेश ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह एफसीआरए संशोधन विधेयक देश के अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ है। इसलिए पूरा विपक्ष इसके विरोध में खड़ा है। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार आज तक जो विधेयक लेकर आई है। वह सभी अल्पसंख्यकों के खिलाफ ही थे। सपा प्रमुख के इन आरोपों को सरकार की तरफ से किरण रिजिजू ने दो टूक अंदाज में सिरे से खारिज करते हुए कहा कि विधेयक के माध्यम से केंद्र अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के बजाय देश को सुरक्षित करने के लिए नियम बना रही है।

झूठ और भ्रम फैला रहे सपा प्रमुख

संसदीय कार्यमंत्री ने यह भी कहा कि मैं, सपा प्रमुख को यह चुनौती देता हूं कि वो इस विधेयक में अल्पसंख्यकों के खिलाफ मौजूद एक भी प्रावधान दिखाएं। ऐसा कोई प्रावधान इस विधेयक में मौजूद नहीं है। इसका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ देश में आने वाले विदेशी धन को नियमित और नियंत्रित करना है। अखिलेश यादव ने सदन में विधेयक को लेकर केवल झूठ और भ्रम फैलाने का प्रयास किया है। जबकि इसके उलट यह विधेयक देश के किसी भी समुदाय के कल्याण और सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) सांसद टीआर.बालू ने कहा कि विधेयक को जेपीसी को भेजने के लिए यूं अचानक लाए गए प्रस्ताव के बीच हमारी मांग है कि इस विधेयक को सरकार को तुरंत वापस लेना चाहिए।

समिति को बताएं अपनी आपत्तियां

रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस समेत अन्य दलों ने पहले विधेयक को जेपीसी, सेलेक्ट कमेटी व अन्य संसदीय समितियों के पास भेजने की मांग की। जिसे सरकार ने पूरा कर दिया है। लेकिन अब भी अगर उन्हें कुछ मसला है तो वह अपनी आपत्ति को जेपीसी के समक्ष उठाने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। पहले जेपीसी की मांग की और अब अपनी ही बात से विपक्ष पलट रहा है।

सबने अपनी बात रखी, अब सदन चलने दें

पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने विपक्षी दलों को अध्यक्ष के आसन लगातार हंगामे करने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि मैंने एफसीआरए विधेयक पर लाए गए प्रस्ताव के संबंध में सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष से सभी को बोलने का अवसर दिया है। ऐसे में अब सदन चलाने में क्या समस्या है? केंद्र ने इस विधेयक की प्रति प्रत्येक दल के मुखिया और उनके तमाम सांसदों को भेज दी है। ताकि इस पर सदन में विस्तार से चर्चा हो सकेगी। मैं, सरकार का इसके लिए धन्यवाद करता हूं। विपक्ष को भी केंद्र के प्रति अपना आभार जताना चाहिए।

कोऑपरेटिव को बढ़ावा देने वाला एनसीडीसी संशोधन विधेयक राज्यसभा से पारित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) संशोधन विधेयक, 2026 को पारित कर दिया है। राज्यसभा ने बुधवार को विधेयक को मंजूरी दी। इससे पहले लोकसभा इसे पारित कर चुकी थी। अब यह विधेयक कानून बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य देश के करोड़ों किसानों के कल्याण और आर्थिक सशक्तीकरण को मजबूत करना है।

औद्योगिक वस्तुओं के क्षेत्र में भी एनसीडीसी की भूमिका: विधेयक के तहत राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अधिनियम, 1962 में संशोधन किया गया है। संशोधन के बाद एनसीडीसी को सहकारी क्षेत्र के विकास से जुड़ी गतिविधियों के साथ-साथ औद्योगिक वस्तुओं से संबंधित गतिविधियां संचालित करने का अधिकार मिलेगा। इसके अलावा राज्य सरकारें एनसीडीसी से प्राप्त वित्तीय सहायता को सहकारी विकास से जुड़े किसी भी संस्थान या इकाई तक पहुंचा सकेंगी। अब सीधे किसी सहकारी समिति या सहकारी विकास में लगी किसी अन्य इकाई को ऋण और अनुदान उपलब्ध कराया जा सकेगा।

12 वर्षों में वित्तीय सहायता में बड़ा इजाफा: मोहोल: मोहोल ने कहा कि एनसीडीसी की स्थापना 1963 में सहकारी क्षेत्र के संगठित और सतत विकास के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने दावा किया कि 1963 से 2014 तक पिछली सरकारों

के कार्यकाल में एनसीडीसी के माध्यम से लगभग 45 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई थी। 2014 के बाद 12 वर्षों में यह राशि बढ़कर 4 लाख करोड़ हो गई है।

देश में 8 लाख से अधिक सहकारी समितियां: मंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र दुनिया के सबसे बड़े सहकारी नेटवर्क में शामिल है। देश में 8 लाख से अधिक सहकारी समितियां हैं और लगभग 30 करोड़ लोग इनसे जुड़े हुए हैं। करीब 80 हजार प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है। इन पैक्स को लगभग 25 अलग-अलग प्रकार की कारोबारी गतिविधियां संचालित करने में सक्षम बनाया गया है।

सहकारी क्षेत्र के लिए प्रशिक्षित युवाओं पर जोर: मोहोल ने कहा कि सहकारी क्षेत्र के लिए प्रशिक्षित और कुशल मानव संसाधन तैयार करने के उद्देश्य से त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। विश्वविद्यालय के माध्यम से 5वर्षों में करीब 17 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो आगे सहकारी क्षेत्र में योगदान करेंगे। 5 वर्षों में सहकारी क्षेत्र में 163 से अधिक प्रमुख पहल शुरू की गई हैं। सरकार का कहना है कि एनसीडीसी संशोधन विधेयक से सहकारी संस्थाओं के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता बढ़ेगी और किसानों तथा सहकारी क्षेत्र से जुड़े करोड़ों लोगों के आर्थिक सशक्तीकरण को नई गति मिलेगी।

मैं पहली बार पूरी तरह से निराश महसूस कर रहा

संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कहा

सरकार संसद में चर्चा करना चाहती है लेकिन विपक्ष उससे भाग रहा: रिजिजू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर संसद में बहस से भागने का आरोप लगाते हुए अभूतपूर्व निराशा व्यक्त की है। उन्होंने बुधवार को कहा कि यह उनके जीवन में पहली बार है जब सरकार 'खुली, व्यापक और विस्तृत चर्चा' के लिए तैयार है, जबकि विपक्ष इससे बच रहा है, जो संसदीय लोकतंत्र के स्थापित सिद्धांतों के विपरीत है। रिजिजू ने इसे देश के लोकतांत्रिक भविष्य के लिए चिंताजनक बताया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि वे अपनी ज़िंदगी में पहली बार पूरी तरह से निराश महसूस कर रहे हैं। वे एक ऐसी स्थिति देख रहे हैं जहाँ सरकार संसद में चर्चा करना चाहती है, लेकिन विपक्ष उससे भाग रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति की कल्पना करना भी मुश्किल है, क्योंकि संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष ही चर्चा की मांग करता है और सरकार जवाब देती है। उन्होंने कहा कि मैं पूरी तरह से परेशान हूं। अपनी ज़िंदगी में पहली बार मैं ऐसा नज़ारा देख रहा हूं जहां सरकार संसद में चर्चा करना चाहती है, लेकिन विपक्ष उससे भाग रहा है।

उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि उन्होंने बार-बार इस मामले पर चर्चा करने की इच्छा जताई है, फिर भी विपक्ष सहमत होने से इनकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि नतीजतन, गृह मंत्री को एक और पत्र लिखना पड़ा, गृह मंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर फिर से कहा कि हम खुली, व्यापक और विस्तृत चर्चा के लिए तैयार हैं और उनसे विपक्ष के नेताओं को इसके लिए मनाने का आग्रह किया। क्या आपने कभी ऐसी कोई बात सुनी है? सरकार खुद अध्यक्ष से गंभीरता से अनुरोध कर रही है कि वे विपक्ष को चर्चा में भाग लेने के लिए मनाएं। आज भी, हमने बार-बार विपक्ष से तुरंत चर्चा शुरू करने का आग्रह किया, लेकिन उनमें हिम्मत की कमी है। यह देश के लिए अच्छा नहीं है।

रिजिजू ने यह भी पूछा कि अगर चर्चा ही नहीं होगी तो संसद कैसे काम करेगी और कहा कि अगर विपक्ष सुनना ही नहीं चाहता तो सरकार संसद में अपनी बात नहीं रख सकती और न ही जवाब दे सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने प्लेकार्ड दिखाना, नारे लगाना और यहां तक कि अपशब्द कहना भी आम बात बना दिया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सांसदों को शायद लगता है कि उनका एकमात्र काम नारे लगाना, प्लेकार्ड दिखाना और लोगों को अपशब्द कहना है। उन्होंने यह भी कहा कि वे भूल गए हैं कि संसद बहस और चर्चा के लिए होती है।

उन्होंने आगे कहा कि कल सत्र का आखिरी दिन है और हमने आज भी उनसे अपील की है। मैं बहुत भारी और दुखी मन से यह कह रहा हूं, मैं सचमुच निराश हूं कि विपक्ष संसद में बहस से भाग रहा है। यह सोचना भी मुश्किल है और समझ से परे है कि संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष बहस से भाग रहा है, जबकि सरकार पूरी चर्चा पर जोर दे रही है और जवाब देने के लिए भी तैयार है।

सैनी ने कहा, पिंजौर की हवाई पट्टी का किया जाएगा विस्तार

गुरुग्राम की ग्लोबल सिटी में विश्वस्तरीय आईकॉनिक टावर बनाने योजना तैयार हो

तीन माह में बिजली, पानी आदि मूलभूत योजनाएं भी पूरी करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को कहा कि सरकार द्वारा गुरुग्राम में विकसित की जा रही ग्लोबल सिटी के अन्दर तीन माह में बिजली, पानी आदि मूलभूत

योजनाएं पूरी करने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की जाए। इसके अलावा ग्लोबल सिटी में विश्व स्तर का आईकॉनिक टावर बनाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने पिंजौर की हवाई पट्टी का विस्तार करने के लिए भी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में राज्य प्रगति पोर्टल समीक्षा की चौथी मिटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ग्लोबल सिटी के पूर्ण हो जाने के बाद इसमें मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सुलभ हो सकेंगे। इस 1000 एकड़ में विकसित की जा रही ग्लोबल सिटी में 1000 करोड़ रुपए की लागत से भौतिक प्रगति का 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष कार्य आगामी दिसम्बर माह तक पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट एवं सुव्यवस्थित योजना पर आधारित विकसित की जा रही ग्लोबल सिटी में शिक्षण, स्वास्थय संस्थानों के अलावा मॉल, थिएटर, लग्जरी होटल, सामुदायिक केन्द्र, मेरिज पैलेस आदि बनाने के अलावा नमो भारत मैट्रो ट्रेन भी चलाई जाएगी। इसके अलावा विशेष वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा ग्रीन लेक भी बनाई जाएगी तथा इस सिटी को द्वारका एक्सप्रेस वे से जोड़ने का कार्य किया जाएगा ताकि आवागमन सुगम हो सके।

नांगल चौधरी के लॉजिस्टिक हब में 23 अगस्त से चलेगी ट्रेन

मुख्यमंत्री ने कहा कि नांगल चौधरी में एकीकृत बहु मॉडल लॉजिस्टिक हब परियोजना विकसित की गई है। इसमें बिजली, सिंचाई, सड़कें, बाहरी रेल साईडिंग, आंतरिक रेल यार्ड बनाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा आंतरिक इन मोशन वे ब्रिज भी स्थापित किया जा रहा है जो आगामी 6 माह में बनकर तैयार हो जाएगा। इस पर चलने वाली विशेष ट्रेन का मुख्यमंत्री 23 अगस्त को स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिसार में बनाए जा रहे आईएमसी में व्यापक स्तर पर बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है।

टिक्करताल में बनेगा एडवेंचर पार्क

उन्होंने बताया कि स्वदेश योजना 2 के तहत पंचकूला के यादविन्द्रा गार्डन को रोजगार सृजन एवं पर्यटक केन्द्र के रूप ओर अधिक विकसित किया जाएगा। गार्डन का नवीनीकरण करने के अलावा इसमें उच्च स्तरीय एकीकृत वेंडिंग, कन्वेंशन एवं हॉस्पिटेलिटी डेस्टीनेशन बनाए जाएगें।

इसके अलावा 100 कमरों का होटल बनाने के साथ पिंजौर की हवाई पट्टी का भी विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टिक्करताल में भी एडवेंचर पार्क बनाने का कार्य किया जाएगा तथा थापली के एडवेंचर पार्क को भी विकसित किया जाएगा।

खबर संक्षेप

एक्सिस बैंक ने बांड से जुटाए 30 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली। एक्सिस बैंक ने अपने कारोबार की वृद्धि के लिए विदेशी निवेशकों को बांड जारी कर 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 2,850 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने 5.348 प्रतिशत की कूपन दर पर 30 करोड़ डॉलर के बांड (सीनियर नोट) सफलतापूर्वक आवंटित किए हैं।

युलु ने 'सीरीज सी' के जरिए जुटाए 9.3 करोड़ रुपए

मुंबई। इलेक्ट्रिक परिवहन मंच युलु ने 'सीरीज सी' वित्त पोषण चक्र के तहत 9.3 करोड़ रुपये जुटाए हैं। उसकी योजना अगले दो साल में अपने इलेक्ट्रिक वाहन के बेड़े को चार गुना बढ़ाकर दो लाख करने, सेवा केंद्र का विस्तार करने, रणनीतिक व्यावसायिक साझेदारियों को और मजबूत करने के साथ ही बाजार में सूचीबद्ध होने की योजनाओं को तेज करने की है।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 10 अगस्त तक 23% बढ़ा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में 10 अगस्त तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 23.09 प्रतिशत बढ़कर 8.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 19.83 प्रतिशत बढ़कर करीब 2.70 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं, व्यक्तिगत आयकर समेत गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह 23 प्रतिशत बढ़कर 5.07 लाख करोड़ रुपये हो गया।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

महंगाई लगातार दूसरे महीने आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर

खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.45 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्याज और अदरक समेत रसोई में इस्तेमाल होने वाली जरूरी वस्तुओं के महंगे होने से जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.45 प्रतिशत पर पहुंच गई। इसके साथ ही महंगाई लगातार दूसरे महीने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चार प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर रही है। सरकार की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जून में 4.38 प्रतिशत थी। जुलाई में दर्ज महंगाई दर जनवरी से लागू 2024 आधार वर्ष वाली नई श्रृंखला में अब तक का उच्चतम स्तर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी सीपीआई आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 5.52 प्रतिशत हो गई, जो जून में 5.32 प्रतिशत थी।

रसोई में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं के महंगे होने से बढ़ी महंगाई

ईंधन और खाद्य वस्तुओं की वजह से बढ़ी महंगाई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि ऊंची महंगाई मुख्य रूप से ईंधन और खाद्य वस्तुओं की वजह से है तथा अभी तक कीमतों में व्यापक स्तर पर बढ़ोतरी के बहुत कम संकेत हैं। कीमती धातुओं को छोड़कर अन्य वस्तुओं की कीमतों में होने वाली मूल मुद्रास्फीति अब भी कम बनी हुई है।

जुलाई में प्याज 22.54 प्रतिशत हुई महंगी

जुलाई में प्याज की महंगाई दर बढ़कर 22.54 प्रतिशत हो गई, जो जून में 4.73 प्रतिशत थी। अदरक की कीमतों में वृद्धि की दर भी बढ़कर 83.62 प्रतिशत हो गई। लहसुन की महंगाई में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। दूसरी ओर, आलू, भिंडी, मटर और टमाटर की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

निकट अवधि में खुदरा महंगाई और बढ़ सकती है

मल्होत्रा ने कहा था कि पहले लगाए गए अनुमान के अनुसार निकट अवधि में खुदरा महंगाई और बढ़ सकती है तथा वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही में इसका स्तर सबसे ऊंचा हो सकता है। इसके बाद इसमें कमी आने की उम्मीद है। यह वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य और ईंधन की कीमतों के कारण होगी। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सीपीआई आधारित महंगाई का अनुमान पांच प्रतिशत रखा है, जो जून के अनुमान से मामूली कम है।

आने वाले महीनों में बढ़ सकती है महंगाई

खाद्य महंगाई में प्रतिकूल आधार प्रभाव, खाद्य तेलों की ऊंची कीमतें, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती का असर कम होना और खासकर परिवहन लागत में कच्चे माल की लागत का धीरे-धीरे उपभोक्ताओं तक पहुंचना आने वाले महीनों में महंगाई बढ़ा सकता है।/"

ईंधन की कीमतों का असर उपभोक्ताओं पर

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च की निदेशक मेघा अरोड़ा ने कहा कि ईंधन की कीमतों का असर उपभोक्ताओं पर स्पष्ट दिखाई दिया। परिवहन की कीमतों में जुलाई में 4.43 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जून में 4.31 प्रतिशत और मई में 1.75 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि रेस्तरां और आवास सेवाओं की कीमतों में जुलाई में 7.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जून में 6.91 प्रतिशत और मई में 5.75 प्रतिशत थी।

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति:–	103-SRDEE-G-DLI-2026-27. TKJ रेलवे कॉलोनी, नई दिल्ली में कॉम्पैक्ट सब–स्टेशन और आउटडोर फीडर पिलर की व्यवस्था।
निविदा की अनुमानित लागत:–	रू० 7734060.00/–
कार्यालय का पता :–	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य, डीआरएम कार्यालय, दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055
बयाना राशि:–	रू० 154700.00/–
निविदा निवेदन की दिनांक व समय :–	03.09.2026, 13.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय :–	03.09.2026, 13.00 बजे
वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:–	www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली 2786/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है:–

क्र. सं. 1. : कार्य का नाम : ADEN/NRCH के SSE/W/NRCH सेक्शन में 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए सेंट्रल हॉस्पिटल का वार्षिक ज़ोन कार्य।
अनुमानित लागत : रु. 1,29,99,997.92
धरोहर राशि : रु. 2,60,000/-
समापन अवधि : 12 माह
निविदा खुलने की तिथि : 08.09.2026

सूचना: निविदा रेलवे की वैबसाइट **'www.ireps.gov.in'** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर **08.09.2026, 15.00 बजे** तक ही भरी जाएगी।
सं.: 128-W-269-O.E.T-05-NRCH-26-27 दिनांक: 12.08.2026 2784/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **सन्नी पुत्रः रामपाल पताः मकान नं. 450, गली नंबर 2, सेवा सदन ब्लॉक मंडावली, पूर्वी दिल्ली,** ने **FIR No. 80065792/2024 U/s 380 IPC थानाः मंडावली, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 80065792/2024 U/s 380 IPC थानाः मंडावली, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सन्नी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर–16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/11006/ED/2026
(Court Matter)

'विश्व हाथी दिवस' पर वनतारा का हाथी संरक्षण अभियान, देश-विदेश में बढ़ाया सेवा का दायरा

जामनगर। विश्व हाथी दिवस के मौके पर अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वनतारा ने हाथियों के संरक्षण और कल्याण से जुड़ी अपनी विभिन्न पहलों की जानकारी साझा की। हाथियों की देखभाल, महावतों को प्रशिक्षण, संरक्षण से जुड़े ज्ञान के आदान-प्रदान और मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए वनतारा भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी काम कर रहा है।वनतारा में इस समय 260 से अधिक एशियाई हाथियों की देखभाल की जा रही है। वनतारा की इस यात्रा की शुरुआत गौरी से हुई थी, जिसे अनंत अंबानी ने सबसे पहले रेस्क्यू किया था। इसके बाद हाथियों के लिए विशेष देखभाल और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में यह पहल लगातार आगे बढ़ी है।वनतारा के संस्थापक अनंत अंबानी ने कहा, ₹हाथियों का मेरे दिल और वनतारा की यात्रा में हमेशा एक विशेष स्थान रहा है। हर हाथी की अपनी एक कहानी है और हर रेस्क्यू हमें उनकी देखभाल की जिम्मेदारी का एहसास कराता है। गौरी के रेस्क्यू से शुरू हुई यह यात्रा अब हाथियों के कल्याण, उनकी देखभाल करने वाले लोगों के सहयोग, ज्ञान साझा करने और भारत तथा दुनिया भर में संरक्षण के प्रयासों तक पहुंच गई है। विश्व हाथी दिवस पर हम इन शानदार जीवों का सम्मान करते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।₹जयपुर के हाथी गांव में विशेष सुविधाएंराजस्थान सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने विश्व हाथी दिवस के मौके पर हाथी गांव, जयपुर में हाथियों की देखभाल और जीवन की गुणवत्ता बेहतर करने के लिए वनतारा के साथ सहयोग की घोषणा की।

जयपुर के हाथी गांव में बुजुर्ग हाथियों के लिए विशेष सुविधाएं विकसित करने की पहल

■ सोने की कीमतों में लगातार सातवें सत्र में तेजी

टाटा समूह के शेयरों पर दबाव से बाजार में गिरावट जारी

मुंबई (एजेंसी)। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 188 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 36 अंक की गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार, कच्चे तेल के दाम में तेजी के साथ टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन द्वारा मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद दोबारा नियुक्ति नहीं लेने की घोषणा से टाटा समूह के शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 187.90 अंक यानी 0.24 प्रतिशत टूटकर 77,966.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 656.32 अंक तक टूटकर 77,497.93 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 35.75 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,435.95 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक में प्रमुख हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी टीसीएस का शेयर 3.71 प्रतिशत टूटा। टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने घोषणा की है कि फरवरी 2027 में मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह पद पर दोबारा नियुक्ति नहीं लेंगे। 63 साल के चंद्रशेखरन ने टाटा समूह के साथ 40 साल बिताए हैं। इस दौरान वह 2009 से 2017 तक टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भी रहे। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल और इन्फोसिस में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर स्टार्टर्स और एक्सटेंशन रैक्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा।	11.08.2026 / 25.08.2026	1,09,60,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/48124/I/88/7 दि. 12.08.26

सोना 2,600 रुपये और चढ़ा चांदी 4,000 रुपये मजबूत

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार सातवें सत्र में तेजी रही। मजबूत वैश्विक रुख और सर्राफा मांग के कारण सोना 2,600 रुपये बढ़कर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार के 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 2,600 रुपये बढ़कर 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। तीन अगस्त को इसका भाव 1,47,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था, और पिछले सात सत्रों में इसमें 12,400 रुपये या 8.4 प्रतिशत की बढ़त हुई है। चांदी भी 4,000 रुपये बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में यह 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई क्योंकि निवेशकों ने अमेरिकी महंगाई के आंकड़ों से पहले सुरक्षित निवेश के तौर पर लिवाली बढ़ाई, जबकि पश्चिम एशिया में लगातार भू-राजनीतिक तनाव ने कीमती धातुओं की मांग को समर्थन दिया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट और डॉलर में स्थिरता ने भी कीमती धातुओं को समर्थन दिया।

आरडी इंडस्ट्रीज 39 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली। आरडी इंडस्ट्रीज का शेयर अपने 53 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 39 प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 73.60 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 38.86 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर यह निर्गम मूल्य से 35.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 23, द्वितीय मंजिल, नार्थ वेस्ट एवेन्यू, क्लब रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली -110026
CIN: L45202DL1985PLC019746
वेबसाइट: www.panaficindustrialsltd.in ई–मेल: panafic.industrials@gmail.com दूरभाष: 9810009453

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का कथन

(रू० लाखों में)

	समाप्त तिमाही			समाप्त वार्षिक
	30-जून-26	31-मार्च-26	30-जून-25	31-मार्च-26
	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
संचालन से कुल आय (नेट)	646.57	5.14	26.09	76.23
कर से पहले सामान्य कार्यकलापों से नेट लाभ/(हानि) (असाधारण मदों से पहले)	414.76	(264.95)	5.83	(236.59)
कर से पहले सामान्य कार्यकलापों से नेट लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद)	414.76	(264.95)	5.83	(236.83)
कर के बाद सामान्य कार्यकलापों से नेट लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद)	414.76	(264.95)	5.83	(236.83)
कर एवं गैर नियंत्रित ब्याज के बाद कुल व्यापक आय	414.76	(264.95)	5.83	(236.83)
चुकता इक्वीटी शेयर कैपीटल	4927.5	821.25	821.25	821.25
रिजर्व, रीवैल्यूवसन रिजर्व को छोड़कर पिछले वर्ष के तुलन पत्र के खातों के अनुसार	(63.11)	-63.11	173.7	-63.1
प्रति शेयर आय (संचालन जारी एवं बंद करने के लिए)				
मूल	0.08	-0.32	0.01	-0.29
तरल	0.08	-0.32	0.01	-0.29

टिप्पणीयाँ:
1. उपरोक्त परिणामों का कम्पनी के लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और सिफारिस की गई और निदेशक मंडल की 12 अगस्त, 2026 की बैठक में अनुमोदित किये गये।
2. जून 30, 2026 को उपरोक्त वित्तीय परिणामों को कम्पनीज अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक ("आईएनडी एएस") के उसके अन्तर्गत साथ में पठित जारी प्रासंगिक नियमों एवं सेबी (लिस्टिंग दायत्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं), विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अनुसार तैयार किये गये।
3. जून 30, 2026 को समाप्त तिमाही के परिणामों का वैधानिक परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा की गई।
4. कम्पनी की गतिविधि केवल एक व्यावसाय खण्ड में आती है इसलिए कम्पनी पर खण्डवार रिपोर्टिंग लागू नहीं है।
5. पिछली अवधि के आकड़े जहाँ पर आवश्यक हो, समूहीकृत/पुनःवर्गीकृत किये गये हैं।
6. उपरोक्त परिणाम मुम्बई स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com एवं कम्पनी की वेबसाइट www.panaficindustrialsltd.in पर उपलब्ध हैं। निम्न क्यूआर कोड वित्तीय परिणामों को देखने के लिए है।

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 12.08.2026

निदेशक मंडल की ओर से उनके लिए
पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड
हस्ता०/–
सरिता गुप्ता
प्रबन्ध निदेशक
DIN: 00113099

राशिफल

मेष — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान मिलेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

मिथुन — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

कर्क — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

सिंह — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

कन्या — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

तुला — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिक — मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

मकर — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई–बहनों का साथ मिलेगा।

कुंभ — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

मीन — शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 124वीं बैठक का आयोजन

नई दिल्ली। हयात रीजेंसी में 12 अगस्त को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी), दिल्ली की 124वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री संतोष वैद्य,प्रमुख सचिव तथा श्री एम. परमशिवम, कार्यपालक निदेशक,पंजाब नैशनल बैंक द्वारा की गई। बैठक में श्री शारदा प्रसन्न मोहंती, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, नई दिल्ली,सुश्री नाजुक कुमार, प्रबंध निदेशक दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी), श्री रजनीश गुप्ता, संयुक्त आयुक्त, दिल्ली पुलिस, श्री एम. एम. अय्यप्पन, संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग तथा श्री नबीन रॉय, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं बैंकिंग क्षेत्र के गणमान्य अधिकारियों द्वारा सहभागिता की गई। बैठक की कार्यवाई का समन्वय श्री देबार्चन साहू, महाप्रबंधक एवं एसएलबीसी संयोजक द्वारा किया गया।

यूको बैंक द्वारा रिटेल, एमएसएमई, रिसोर्स एवं एग्री कार्निवाल आयोजित

नई दिल्ली। गुरूग्राम शाखा, द्वारा क्लब फ्लोरेंस, गुरूग्राम में रिटेल, एमएसएमई, रिसोर्स एवं एग्री कार्निवाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री गौतम पात्र,मुख्य महाप्रबंधक,कारोबार विकास,नई दिल्ली एवं प्रेम शंकर झा, मुख्य महाप्रबंधक, प्रधान कार्यालय, कोलकाता ने विशेष रूप से अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्निवाल में बड़ी संख्या में ग्राहकों, उद्यमियों एवं व्यवसायियों ने भाग लिया और बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न वित्तीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य रिटेल, एमएसएमई, कृषि एवं अन्य बैंकिंग उत्पादों के संबंध में जागरूकता बढ़ाना तथा ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं के अनुरूप उपयुक्त समाधान उपलब्ध कराना था। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिभागियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए विभिन्न ऋण योजनाओं, बैंकिंग सुविधाओं एवं व्यवसाय विस्तार से जुड़े वित्तीय विकल्पों पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में अंचल कार्यालय, नई दिल्ली के अधिकारी गण एवं विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

शब्द पहेली - 6316



बैंगलोर

बाएँ से दाए
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

ऊपर से नीचे
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

शब्द पहेली - 6315 का हल



एक साल में 20 टेस्ट मैच खेलेगा ऑस्ट्रेलिया, आज से बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज

एजेंसी ▶▶| डार्विन

ऑस्ट्रेलिया गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला से एक साल में 20 टेस्ट मैच खेलने के अपने व्यस्त कार्यक्रम की शुरुआत करेगा। इस मैच से 2003 के बाद टेस्ट क्रिकेट की ऑस्ट्रेलिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में वापसी भी होगी। बांग्लादेश का दो दशकों से अधिक समय में ऑस्ट्रेलिया का यह पहला टेस्ट दौरा है।

ऑस्ट्रेलिया का अगले 12 महीने का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। इस दौरान वह 20 टेस्ट मैच खेलेगा, जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के दौरे भी शामिल हैं। अगर वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचता है तो इन मैच की संख्या 21 हो जाएगी।

दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलिया की टीम

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। इसके बाद वह चार टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया को इसके बाद भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। वह मार्च में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगा, जो दोनों देशों के बीच टेस्ट मैचों की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद जून में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की एशेज श्रृंखला के साथ उसके इस व्यस्त कार्यक्रम का समापन होगा।

बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगे कमिंस-स्टार्क

लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण की धुरी रहे पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन फिर से एक साथ खेलते हुए दिखेंगे। इनमें से कुछ खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के कारण पिछले कुछ समय से यह चारों एक साथ नहीं खेल पाए थे। हेजलवुड को तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड की जगह टीम में लिया गया है। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर भी अंतिम एकादश में शामिल हैं।

बांग्लादेश की गेंदबाजी काफी कमजोर

दूसरी तरफ बांग्लादेश की गेंदबाजी काफी कमजोर है। नाहिद राणा, मुस्तफिजुर रहमान और शोरिफुल इस्लाम तीनों ही पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। शोरिफुल 22 से 26 अगस्त तक क्वींसलैंड के मैकाय में होने वाले दूसरे मैच में वापसी कर सकते हैं। बांग्लादेश का बल्लेबाजी क्रम भी चोटों से बुरी तरह प्रभावित हुआ है, अनुभवी मुशफिकुर रहीम उंगली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश की बल्लेबाजी की कमजोरी अभ्यास मैच में उजागर हो गई थी जब उसकी टीम केवल 54 रन पर सिमट गई थी।

खबर संक्षेप

डैनी ने प्रोफेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

नई दिल्ली। ससेक्स के ऑलराउंडर डैनी लैंब ने महज 30 साल की उम्र में प्रोफेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। लैंब ने गर्दन की गंभीर कारण यह फैसला लिया है। लैंब को इस सीजन की शुरुआत में गर्दन में डिस्क हर्नियेशन की समस्या हुई थी, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई। पिछले महीने दाएं हाथ के गेंदबाज की सर्जरी हुई थी, लेकिन उन्हें चोट के असर का सामना करना पड़ रहा था। आखिरकार, मेडिकल सलाह के बाद लैंब को खेल से दूर होने का फैसला लेना पड़ा। इसी के साथ डैनी लैंब के लगभग एक दशक लंबे करियर का अंत हो गया। इस दौरान लैंब ने लंकाशायर और ससेक्स दोनों का प्रतिनिधित्व किया और सभी फॉर्मेट में टीम के लिए अहम योगदान दिया।

खेल मंत्रालय का बड़ा फैसला, टेबल टेनिस फेडरेशन की मान्यता रद्द

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की मान्यता निलंबित कर दी और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति गठित करने को कहा। मंत्रालय ने यह कदम टीटीएफआई में प्रशासनिक खामियों का हवाला देते हुए उठाया। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि इस साल की शुरुआत में जारी कारण बताओ नोटिस का 'संतोषजनक जवाब नहीं मिलने' के बाद समय पर चुनाव नहीं करा पाना टीटीएफआई की मान्यता निलंबित करने के कारणों में शामिल है। मंत्रालय के आदेश में कहा गया, 'अंतरराष्ट्रीय संस्था (आईटीटीएफ) के परामर्श से एक आंतरिक नियामक तंत्र बनाने के लिए आईओए उचित कदम उठाएगा, जिसमें तदर्थ समिति का गठन भी शामिल है।

खिलाड़ियों को खेलने दे आईजीपीएल : मिल्खा

नई दिल्ली। गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने कपिल देव के नेतृत्व वाली पीजीटीआई (भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर) से आग्रह किया है कि वह खिलाड़ियों को इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) में भाग लेने से न रोके, क्योंकि उन्हें अच्छी कमाई करने और अपने खेल को निखारने का पूरा अधिकार है। जीव ने कहा कि वह समझते हैं कि प्रत्येक टूर के अपने नियम होते हैं, लेकिन एक बार जब कोई खिलाड़ी उस टूर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पूरी कर लेता है, तो उसे अन्य रास्ते तलाशने से नहीं रोका जाना चाहिए। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर ने आईजीपीएल में खेलने वाले गोल्फरों को पीजीटीआई की प्रतियोगिताओं में खेलने से रोक दिया है।

मैं लड़ने की कोशिश कर रही थी : रायबाकिना

रायबाकिना ने मैच के बाद कहा, मैं बस लड़ने की कोशिश कर रही थी। मैच का पहला गेम बहुत मुश्किल था। मैंने सेट गंवा दिया था, और फिर दूसरे में मैं बस स्कोर के करीब रहने की कोशिश कर रही थी, भले ही मैं हार रही थी। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने यह मैच जीता। रायबाकिना का सेमीफाइनल में मुकाबला अमेरिका की कोको गॉफ से होगा।

कैनेडियन ओपन: सेमीफाइनल में मुकाबला अमेरिका की कोको गॉफ से

रोमांचक मुकाबले में ओसाका को मात सेमीफाइनल में पहुंचीं एलेना रायबाकिना

एक सेट में पिछड़ने के बाद एलेना की वापसी

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

एलेना रायबाकिना ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए नाओमी ओसाका को 4-6, 7-6 (5), 6-4 से हराकर कैनेडियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

■ सेमीफाइनल में मुकाबला अमेरिका की कोको गॉफ से

ओसाका ने पहले सेट की शुरुआत में ही अहम ब्रेक हासिल किया और मैच की अपनी पहली सर्विस गेम में रायबाकिना की सर्विस तोड़ दी। दुनिया की नंबर 2 खिलाड़ी के पास अगले ही गेम में वापसी करने का मौका था, लेकिन ओसाका ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए रखे। रायबाकिना ने बाकी सेट में कोई और ब्रेक पॉइंट नहीं लिया। ओसाका ने पहला सेट 6-4 से जीत लिया।

रायबाकिना ने लगाया तीन एस

रायबाकिना ने दूसरे सेट में अपना फॉर्म वापस पा लिया। अपने पहले तीन सर्विस गेम में से दो में ब्रेक होने के बावजूद, ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने खुद दो ब्रेक हासिल किए और टाईब्रेकर तक पहुंची,जिसे उन्होंने जीत लिया। इसके बाद मैच तीसरे और निर्णायक सेट में पहुंचा। रोमांचक तीसरे सेट का टर्निंग पॉइंट तब आया जब राइबाकिना 3-2 से पीछे थीं और ट्रिपल ब्रेक पॉइंट का सामना कर रही थीं। 27 साल की रायबाकिना ने वापसी की, कुल चार ब्रेक पॉइंट बचाए और एक जरूरी होल्ड के साथ सारा मोमेंटम चुरा लिया। मैच में आगे बढ़ने के साथ ओसाका अपना आपा खोने लगीं, 4-3 से पीछे होने पर ब्रेक होने के बाद रायबाकिना ने मैच को अपने अंदाज में खत्म किया। उन्होंने तीन एस मारकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

जोडार ने बनाई सेमीफाइनल में जगह, आर्थर फिल्स को दी मात

राफेल जोडार ने कैनेडियन ओपन में आर्थर फिल्स को 7-6 (5), 6-3 से हराकर अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में जगह बनाई। 19 साल के स्पेन के जोडार 2018 के बाद से कैनेडियन ओपन में पुरुषों के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले टीनेजर बन गए। जोडार ने साल की शुरुआत नंबर 165 की रैंकिंग से की थी। फ्रांसीसी खिलाड़ी पर अपनी जीत के साथ, वह लाइव रैंकिंग में नंबर 11 पर पहुंच गए। साल के अपने चौथे एटीपी टूर सेमीफाइनल (मारकेश, बार्सिलोना और वाशिंगटन के बाद) में पहुंचकर, जोडार ने एटीपी रैंकिंग के टॉप 10 में शानदार बढ़त हासिल करने की अपनी कोशिश जारी रखी। दूसरे नतीजों के आधार पर, वह कनाडा में खिताब जीतकर नंबर 9 तक पहुंच सकते हैं।

बेसलाइन प्ले से फिल्स पर बनाया दबाव

शुरू में दो गेम के स्विंग के बाद, जोडार ने एक ब्रेक पॉइंट बचाया, फिर 2-0 से ब्रेक किया। उन्होंने अपने रिटर्न और शानदार बेसलाइन प्ले से फिल्स पर लगातार दबाव बनाया। फिल्स ने 0-3 पर दो ब्रेक पॉइंट और फिर 1-4 पर तीन और ब्रेक पॉइंट बचाए। फिल्स ने सातवें गेम की शुरुआत जोडार को 28-शॉट की रैली में हराकर की। एक और लंबी रैली में दोनों ने क्रॉसकोर्ट फोरहैंड मारे, इससे पहले कि फिल्स फिर से जीत गए। सर्विस पर वापस आकर और 4-5, 30-0 पर सर्व करते हुए, बारिश फिल्स के लिए गलत समय पर आ गई। लगभग एक घंटे के ब्रेक के बाद, खेल फिर से शुरू होने पर फिल्स 5-5 से बराबरी पर आ गए।

10 साल साथ रहने के बाद रोनाल्डो की जॉर्जिना से शादी

विवाह समारोह में रोनाल्डा के 5 बच्चे हुए शामिल

एजेंसी ▶▶| लिस्बन

पुर्तगाल के फुटबॉल स्टार का प्रतिनिधित्व करने वाली जनसंपर्क टीम ब्रंसविक ग्रुप ने रोनाल्डो और जॉर्जिना की शादी की घोषणा करते हुए इसे 'एक निजी और अंतरंग क्षण' बताया।

ब्रंसविक ग्रुप के अनुसार विवाह समारोह पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन के पास पश्चिमी पुर्तगाल के एक तटीय शहर कैस्केस में आयोजित किया गया था, जिसमें उनके 5 बच्चे शामिल थे। इस जोड़े ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अंगूठियों की तस्वीर पोस्ट की। रोनाल्डो और जॉर्जिना की पहली मुलाकात मैड्रिड में हुई थी और वह पिछले 10 साल से साथ में थे। रोनाल्डो 41 साल के हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह पांच बार विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीत चुके हैं। उन्होंने हाल में पुर्तगाल की तरफ से रिकॉर्ड छठे विश्व कप में भाग लिया था। रोनाल्डो क्लब स्तर पर सऊदी अरब की टीम अल नासर की तरफ से खेलते हैं, जो शनिवार से अपने नए सत्र की शुरुआत करेगी।

जॉर्जिना के इंस्टाग्राम पर 77 मिलियन फॉलोअर्स

पिछले साल दोनों ने सगाई की तस्वीरें शेयर की थीं। मौजूदा समय में रोनाल्डो और जॉर्जिना दो बेटियों के माता-पिता हैं। साथ ही दोनों मिलकर पांच बच्चों की परवरिश कर रहे हैं। दोनों की प्रेम कहानी काफी रोचक है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मुलाकात जॉर्जिना से एक परफ्यूम स्टोर में हुई थी। उस मुलाकात के बाद दोनों की नजदीकियां बढ़ीं और जिंदगी पूरी तरह बदल गई। रोनाल्डो की तरह उनकी पत्नी जॉर्जिना भी लोकप्रियता में पीछे नहीं हैं। उनके भी इंस्टाग्राम पर करीब 77 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। जॉर्जिना का जन्म अर्जेंटीना में हुआ था और उनकी परवरिश स्पेन में हुई हैं। 2016 में रोनाल्डो से एक स्टोर में मुलाकात के बाद दोनों की नजदीकियां बढ़ी थीं। फिर अक्सर कई इवेंट में दोनों को साथ देखा गया। देखते ही देखते जॉर्जिना का सफर एक स्टोर से मॉडलिंग तक पहुंच गया।

भारत-श्रीलंका टेस्ट सीरीज में रहाणे की एंट्री, नए रोल में आएंगे नजर

मुंबई। भारत के पूर्व बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे श्रीलंका में होने वाली दो मैचों की श्रृंखला से टेस्ट कमेंट्री में पदार्पण करेंगे। उन्हें 15 अगस्त को गॉल में शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद लगभग 18 वर्षों तक चले अपने शानदार खेल करियर को हाल में अलविदा कहने वाले 37 वर्षीय रहाणे अब कमेंटेटर के रूप में नई भूमिका में नजर आएंगे। रहाणे ने भारत के लिए 85 टेस्ट मैच में 38.46 के औसत से 5,077 रन बनाए, जिनमें 12 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीती थी।

टेस्ट कमेंट्री में करेंगे डेब्यू

रहाणे ने कहा, 'मैं सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनी लिव पर भारत के श्रीलंका दौरे के दौरान टेस्ट कमेंट्री की शुरुआत करने को लेकर उत्साहित हूं। टेस्ट क्रिकेट हमारे खेल का चरम बिंदु है और इतने वर्षों तक इस प्रारुप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद अब खेल को एक अलग दृष्टिकोण से देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।' उन्होंने कहा, 'मैं अपने अनुभव साझा करने, खेल की बारीकियों को समझाने और प्रशंसकों को उन फैसलों, रणनीति और क्षण के बारे में जानकारी देने के लिए उत्सुक हूं जो टेस्ट मैच का रुख बदल सकते हैं।'

भारत से भिड़ने श्रीलंका स्क्वॉड का ऐलान

शनिवार से गॉल में पहला मुकाबला, डीसिल्वा कप्तान और कमिंडू उपकप्तान

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका क्रिकेट ने 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। चोट के चलते कुशल मेंडिस और पाथुम निसांका सीरीज के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। 16 सदस्यीय टीम की कमान ऑलराउंडर धनंजय डी सिल्वा को सौंपी गई है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच 15 अगस्त से गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है।

चयनकर्ताओं ने अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला को वापस बुलाया है, जिन्होंने आखिरी बार 2023 में टेस्ट मैच खेला था। बाएं हाथ के बल्लेबाज डिकवेला के पास 54 टेस्ट खेलने का अनुभव है, जिसके कारण उन्हें अंजला बंदारा पर प्राथमिकता दी गई है। बंदारा ने कोलंबो के एनसीसी ग्राउंड पर भारत के खिलाफ वार्मअप मैच में हिस्सा लिया था।

सिंकफील्ड कप: 95 चाल में की जीत हासिल

प्रज्ञानानंदा ने किया सिंदारोव के डिफेंस को ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सिंकफील्ड कप के दूसरे दौर के मैच में जावोखिर सिंदारोव के डिफेंस को ध्वस्त करते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। दूसरे दौर के स्टार प्रज्ञानानंदा रहे, जिन्होंने रानी के सामने वाले प्यादे से शुरुआत करके धीरे-धीरे अपनी स्थिति मजबूत की और आखिर में जीत हासिल करने में सफल रहे।

सिंदारोव ने काले मोहरों से खेलते हुए बाजी ड्रॉ कराने को प्राथमिकता दी लेकिन वह प्रज्ञानानंदा की प्रतिबद्धता का अनुमान नहीं लगा पाए। इसका भारतीय खिलाड़ी को फायदा मिला, जिन्होंने 95 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से प्रज्ञानानंदा के 1.5 अंक हो गए हैं। उन्होंने पहले दौर की बाजी ड्रॉ खेली थी।

कारुआना ने गिरी के खिलाफ खेला ड्रा

इस बीच पहले दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ ड्रॉ खेला। दूसरे दौर में प्रज्ञाननंदा सहित चार खिलाड़ियों ने जीत हासिल की। अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को, अमेरिका के ही वेस्ली सो ने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट को और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव ने अमेरिका के सावियन सैमुअल को हराया। उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी सिंदारोव का इस साल के आखिर में विश्व चैंपियन डी गुकेश के खिलाफ विश्व खिताब के लिए मुकाबला होगा।

तलवारबाजी चैंपियनशिप

भारत का दबदबा पदकों में इजाफा

नई दिल्ली। भारतीय तलवारबाजी टीम ने नाइजीरिया के लागोस में चल रही राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए सीनियर स्तर की विभिन्न व्यक्तिगत स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। भारतीय खिलाड़ियों ने सीनियर महिला फॉइल, सीनियर पुरुष ईपी और सीनियर पुरुष साबरे स्पर्धाओं में दबदबा बनाए रखा। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में 29 पदक जीत लिए हैं, जिसमें आठ स्वर्ण, सात रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने सीनियर महिला फॉइल वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक हासिल किए। वहीं कनागलक्ष्मी ने सटीक और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी टीम की साथी जॉयस आशिता ने रजत पदक जीतकर पोडियम पर शीर्ष दो स्थान हासिल किए।

No More जोर
पेट सफा लो
हर रोज...

तो आज ही ले आइए
पेट सफा आयुर्वेदिक
ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स
जिसे सेवन करना है बिल्कुल
आसान, परिणाम हैं पहले
दिन से और इसकी आदत
भी नहीं बनती।

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative
Granules & Tablets

कब्ज़ • गैस
एसिडिटी

24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores

अमेरिका में भारतीयों का सम्मान

न्यूयार्क और न्यू जर्सी ने 15 अगस्त को भारत स्वतंत्रता दिवस घोषित किया

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत अब अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। इस साल के समारोह में 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने को भी खास तौर पर याद किया जाएगा। वहीं, अमेरिका के न्यू जर्सी और न्यूयॉर्क राज्यों ने 15 अगस्त 2026 को 'भारत स्वतंत्रता दिवस' घोषित किया है। इसके साथ ही भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे दोस्ताना संबंधों को भी सम्मान दिया गया है।

शांतिपूर्ण स्वतंत्रता आंदोलन ने दुनियाभर की पीढ़ियों को प्रेरित किया

भारत की आजादी की राह से अहिंसा, सच्चाई, आत्म-अनुशासन जैसे मूल्य जुड़े

न्यू जर्सी गवर्नर को दिया धन्यवाद

न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास

न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कई पोस्ट कर इन घोषणाओं की जानकारी साझा की। दूतावास ने न्यू जर्सी की गवर्नर मिकी शेरिल को धन्यवाद दिया। उन्होंने 15 अगस्त 2026 को न्यू जर्सी में 'भारत स्वतंत्रता दिवस' घोषित किया है। इस घोषणा में न्यू जर्सी में रह रहे भारतीय मूल के अमेरिकियों के अहम योगदान को भी मान्यता दी गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, शोध, तकनीक, कारोबार, सार्वजनिक सेवा और सामुदायिक नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में इस समुदाय के योगदान का जिक्र किया गया है।

भारतीयों का अहम योगदान

न्यू जर्सी की गवर्नर मिकी शेरिल ने घोषणा में न्यू जर्सी में रह रहे भारतीय मूल के अमेरिकियों के अहम योगदान को भी मान्यता दी गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, शोध, तकनीक, कारोबार, सार्वजनिक सेवा और सामुदायिक नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में इस समुदाय के योगदान का जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया कि भारत का स्वतंत्रता दिवस उन अनगिनत लोगों के साहस, दूरदृष्टि और बलिदान को सम्मान देता है, जिनके शांतिपूर्ण स्वतंत्रता आंदोलन ने दुनियाभर की पीढ़ियों को प्रेरित किया। इस आंदोलन ने न्याय, समानता और मानव गरिमा के सार्वभौमिक सिद्धांतों को भी मजबूत किया।

भारत-अमेरिका के मजबूत संबंध

न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि न्यूयॉर्क भी भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहा है। इस मौके पर भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत संबंधों को विशेष रूप से सम्मान दिया जा रहा है। दूतावास ने न्यू जर्सी की गवर्नर कैथी होकुल का भी आभार जताया। उन्होंने 15 अगस्त 2026 को पूरे न्यूयॉर्क राज्य में 'भारत स्वतंत्रता दिवस' घोषित किया है। दूतावास ने कहा कि यह घोषणा भारत की आजादी की यात्रा और भारत-अमेरिका के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाती है। इसमें न्यूयॉर्क में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के अहम योगदान को भी मान्यता दी गई है। समुदाय ने राज्य के सांस्कृतिक, आर्थिक और नागरिक जीवन में अहम योगदान दिया है।

भारत-अमेरिका लोकतांत्रिक देश

न्यू जर्सी की गवर्नर कैथी होकुल ने घोषणा में बताया गया कि भारत की आजादी की राह अहिंसा, सच्चाई, आत्म-अनुशासन और नैतिक साहस जैसे मूल्यों के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता से बनी थी। इसमें यह भी कहा गया कि अमेरिका में हर साल भारत के स्वतंत्रता दिवस का आयोजन अब अलग-अलग संस्कृतियों के बीच सद्भाव की एक शानदार मिसाल बन चुका है। रंग-बिरंगे समारोहों में कई पीढ़ियों के लोग एक साथ शामिल होते हैं। वे भारत और अमेरिका की समृद्ध देशभक्ति की परंपराओं का गर्व के साथ सम्मान करते हैं। ये आयोजन दोनों लोकतांत्रिक देशों को जोड़ने वाले गहरे संबंधों का प्रतीक हैं।

गुलमर्ग में 110 फीट का तिरंगा बना आकर्षण का केंद्र

बारामूला स्वतंत्रता दिवस से पहले जम्मू-कश्मीर का मशहूर पर्यटन स्थल गुलमर्ग देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है। यहां लगाया गया 110 फीट ऊंचा तिरंगा पर्यटकों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गुलमर्ग घूमने पहुंच रहे सैलानी तिरंगे के साथ तस्वीरें और वीडियो बना रहे हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों से कश्मीर घूमने पहुंचे पर्यटकों का कहना है कि गुलमर्ग की प्राकृतिक खूबसूरती के साथ इतने ऊंचे तिरंगे को देखना उनके लिए एक यादगार अनुभव है। त्रिपुरा से आए पर्यटक शोभन दास ने बताया कि वह पहली बार जम्मू-कश्मीर आए हैं। गुलमर्ग में 110 फीट ऊंचा तिरंगा देखकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है।

खबर संक्षेप

डॉ. भागवत 25 अगस्त से तीन देशों के दौरे पर



नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने बताया है कि सरसंघचालक डॉ. मोहन भगवत विदेशों में स्थित स्थानीय संघों और संगठनों के निमंत्रण पर 25 अगस्त 2026 से अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन की यात्रा पर रहेंगे। 29 अगस्त को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में होने वाला 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' खास कार्यक्रम है जहां मोहन भागवत भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करेंगे। इसमें 5 हजार से ज्यादा लोग शामिल हो रहे हैं।

बंगाल से पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने उत्तर 24 परगना के हाबरा से पाकिस्तानी नागरिक वहाब आलम को गिरफ्तार किया है। वह 2012 में भारत-नेपाल सीमा के रास्ते भारत आया था और फर्जी भारतीय पहचान पत्रों के सहारे राज्य के अलग-अलग इलाकों में रह रहा था। जांच में उसके आईएसआई से कथित संपर्क और भारतीय सेना, नौसेना व रेलवे से जुड़ी जानकारी जुटाने के आरोप सामने आए हैं। एसीएफ ने फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराने के आरोप में मोहम्मद इजाज को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ की जा रही है।

अदालत ने पूछा, फर्जी खातों का कैसे एक्सेस?

नई दिल्ली। कंटेंट क्रिएटर और बिजनेस कोच मोहित कुमार ने अदालत में दायर याचिका में आरोप लगाया है कि उनके अकाउंट के खिलाफ कथित तौर पर फर्जी कॉपीराइट स्ट्राइक का इस्तेमाल किया गया और बाद में उनसे पैसे वसूलने की कोशिश की गई। दिल्ली हाईकोर्ट ने मेटा से पूछा कि फर्जी खातों को राइट्स मैनेजर का एक्सेस कैसे मिला? जिन क्रिएटर्स की बड़ी फॉलोइंग और व्यूअरशिप है, उन्हें इस तरह के एंटी-प्लेजरिज्म टूल का एक्सेस मिलना चाहिए।

झील में नाव पलटी, 15 की मौत, 27 लापता

हरारे। जिम्बाब्वे की करिबा झील में क्षमता से ज्यादा यात्रियों से भरी एक नाव पलट गई। हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 लोग लापता हैं। 77 लोगों को बचा लिया गया है।

भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत, मारक क्षमता को मिलेगा नया आयाम

युद्धपोत पर लगेंगे कामिकेज ड्रोन, 18 हजार करोड़ की होगी डील, आरएफआई की जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए जहाज से लॉन्च होने वाले लॉइटरिंग म्यूनिशन यानी कामिकेज ड्रोन जैसे सिस्टम की मांग को मान लिया है। मंत्रालय ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर इंफॉर्मेशन (आरएफआई) जारी की है। अनुमानित डील की कीमत 15 हजार से 18 हजार करोड़ रुपए के बीच बताई जा रही है, हालांकि मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर लागत का खुलासा नहीं किया है। यह प्रणाली नौसेना के युद्धपोतों से लॉन्च की जा सकेगी और समुद्री तथा जमीनी दोनों तरह के लक्ष्यों पर सटीक हमला करने में सक्षम होगी। सिस्टम की न्यूनतम रेंज 1000 किलोमीटर होनी चाहिए। यह नौसेना की लंबी दूरी की स्ट्राइक क्षमता को नया आयाम देगा।

आरएफआई में साफ मापदंड तय किए गए हैं। लॉइटरिंग यानी लक्ष्य क्षेत्र के ऊपर मंडराने की क्षमता 9 घंटे तक होनी चाहिए। क्रूजिंग स्पीड 75 नॉट यानी 138.9 किमी प्रति घंटा से ज्यादा और टर्मिनल अटैक स्पीड यानी अंतिम हमले की गति 200 नॉट यानी 370 किमी प्रति घंटा से ऊपर रखी गई है। सिस्टम इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इन्फ्रारेड यानी ईओ/आईआर सीकर से लैस होगा जिससे दिन और रात दोनों समय निगरानी और सटीक हमला संभव होगा। यह समुद्री जहाजों के साथ जमीनी ठिकानों को भी निशाना बना सकेगा। ऊंचाई 15 हजार फीट तक और सटीकता एक मीटर से कम सर्कुलर एरर प्रोबेबल की मांग की गई है। ये मापदंड इसे मौजूदा छोटी रेंज वाले लॉइटरिंग म्यूनिशन से काफी आगे रखते हैं।

लक्ष्य के ऊपर 9 घंटे तक मंडराने की क्षमता हो

ड्रोन दिन और रात में निगरानी करने में सक्षम होने चाहिए

स्वदेशी उद्योग को प्राथमिकता दी जाएगी

एआई इमेज

खरीद प्रक्रिया में भारतीय उद्योग और स्वदेशी विनिर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। संभावित प्रतिभागियों में सोलर इंडस्ट्रीज, नीब लिमिटेड, भारत फोर्ज, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और वीईएम टेक्नोलॉजीज का नाम लिया है। ये कंपनियां पहले से ही ड्रोन और लॉइटरिंग म्यूनिशन क्षेत्र में सक्रिय हैं। कई कंपनियां 500 से 1000 किमी रेंज वाले सिस्टम पर काम कर रही हैं। आरएफआई का मकसद उद्योग से जानकारी जुटाना और तकनीकी समाधान समझना है ताकि बाद में निविदा जारी की जा सके।

लक्ष्य पर पहुंचकर खुद हो जाता है नष्ट

लॉइटरिंग म्यूनिशन पारंपरिक ड्रोन और मिसाइल के बीच का मिश्रण है। यह लक्ष्य क्षेत्र तक पहुंचकर मंडराता है। निगरानी करता है। फिर चुने हुए टारगेट पर गोता लगाकर हमला करता है। इसे कामिकेज ड्रोन भी कहा जाता है क्योंकि यह खुद को नष्ट कर देता है। भारत में थलसेना पहले से छोटी रेंज वाले ऐसे सिस्टम खरीद रही है। नौसेना के लिए जहाज आधारित वर्जन नई चुनौती है क्योंकि इसे समुद्री वातावरण, जहाज के लॉन्च सिस्टम और लंबी दूरी के अनुकूल बनाना होगा। स्वदेशी कंपनियां प्रोपल्शन, वॉरहेड, सीकर और नेविगेशन तकनीक पर काम कर रही हैं।

क्रूज मिसाइलों से सस्ता विकल्प

जहाज से लॉन्च होने वाले लॉइटरिंग म्यूनिशन नौसेना को नई ताकत देंगे। युद्धपोत दूर से ही दुश्मन के जहाजों या तटीय ठिकानों पर नजर रख सकेंगे। जरूरत पड़ने पर हमला कर सकेंगे। यह पारंपरिक क्रूज मिसाइलों से सस्ता विकल्प हो सकता है। मोबाइल या समय-संवेदनशील लक्ष्यों के खिलाफ ज्यादा अच्छा साबित होगा। भारतीय नौसेना भी अपनी सतह बेड़े को ऐसी क्षमता से लैस करना चाहती है ताकि दुश्मन की तटीय मिसाइलों की रेंज से बाहर रहकर हमला किया जा सके। नियंत्रण एक जहाज से दूसरे जहाज या जमीनी स्टेशन पर स्थानांतरित करने की सुविधा भी मांगी गई है जिससे ऑपरेशन ज्यादा प्रभावी बनेगा।

रक्षा उद्योग के लिए बड़ा अवसर

15 से 18 हजार करोड़ रुपए की संभावित डील रक्षा उद्योग के लिए बड़ा मौका है। इससे रोजगार पैदा होंगे। उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। निर्यात की संभावनाएं खुलेंगी। कई स्टार्टअप और बड़ी कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश कर रही हैं। सोलर इंडस्ट्रीज जैसे खिलाड़ी विस्फोटक और प्रोपल्शन में मजबूत हैं जबकि टाटा और भारत फोर्ज सिस्टम इंटीग्रेशन में अनुभव रखते हैं। नीब और वीईएम भी सक्रिय रूप से प्लेटफॉर्म विकसित कर रहे हैं।

भारत-नामीबिया जेटीसी बैठक आयोजित

व्यापार समझौते की शर्तों को दिया अंतिम रूप, किए साइन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-नामीबिया संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) के यहां दो दिवसीय आयोजित चौथे सत्र की बैठक के बाद भारत-एसएसीयू प्रस्तावित तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) के संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस पर 12 अगस्त 2026 को हस्ताक्षर किए गए हैं। वार्ता हस्ताक्षर के एक महीने के भीतर शुरू करने और एक वर्ष के भीतर पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश सहयोग को मजबूत करने, नामीबिया में मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने तथा सेवाओं, स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, महत्वपूर्ण खनिजों और डिजिटल भुगतान जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार को केवल कच्चे माल पर आधारित संरचना से आगे ले जाकर ठोस कार्ययोजनाओं और निर्धारित समयसीमा के साथ सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। अगला सत्र 2028 में नामीबिया में होगा।

एमओयू का आदान-प्रदान करते हुए

महत्वपूर्ण खनिजों पर सहयोग करेंगे

बैठक में लिथियम, ग्रेफाइट, तांबा, कोबाल्ट और दुर्लभ मृदा तत्वों के क्षेत्र में सहयोग के अवसरों की पहचान की गई। इसमें अन्वेषण, खनिजों की खरीद, प्रसंस्करण और डाउनस्ट्रीम मूल्यवर्धन शामिल हैं। यह सहयोग नामीबिया की स्थानीय मूल्यवर्धन और रोजगार सृजन की प्राथमिकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाया जाएगा। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन के तहत पहला संयुक्त कार्य समूह दिसंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा, एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ जनऔषधि सहयोग समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया भी उन्नत चरण में है।

सेवाओं के लिए बनेगा कार्य समूह

दोनों देशों ने निवेश को बढ़ावा देने के लिए इन्वेस्ट इंडिया और नामीबिया निवेश संवर्धन एवं विकास बोर्ड को जेटीसी के प्रमुख संपर्क केंद्र के रूप में नामित किया। दोनों पक्षों की ओर से एक-एक अधिकारी को इसके लिए नामित किया जाएगा। इससे निवेश प्रस्तावों और कारोबारी सहयोग को आगे बढ़ाने में समन्वय मजबूत होगा। भारत और नामीबिया के बीच सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए एक समर्पित सेवा कार्य समूह गठित करने पर सहमति बनी। यह कार्य समूह फरवरी 2027 से पहले अपनी पहली बैठक करेगा और अपनी कार्ययोजना संयुक्त व्यापार समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

रूस-यूक्रेन के बीच अरबों डॉलर के विवाद को सुलझाएंगे चंद्रचूड़

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ को यूक्रेन के एक सरकारी बैंक के साथ चल रहे विवाद में अपना मध्यस्थ बनाया है। यूक्रेन का सरकारी बैंक ओशचाद बैंक रूस से पैसे के नुकसान की भरपाई मांग रहा है। बैंक का कहना है कि रूस की सैन्य कार्रवाई के कारण यूक्रेन के कुछ इलाकों में उसकी संपत्ति और कारोबार को नुकसान हुआ। इन इलाकों में डोनेत्स्क, लुहांस्क, खेरसन और जापोरिज्जिया शामिल हैं। बैंक ने इस मामले को लेकर रूस के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू की है। इसमें दोनों पक्षों के बीच विवाद का फैसला कराने के लिए तीन लोगों की एक टीम बनाई गई है। रूस ने इस तीन सदस्यीय टीम में अपने पक्ष से जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को चुना है। तीन सदस्यों वाली इस टीम की अध्यक्षता कोस्टा रिका की ड्याला जिमेनेज करेंगी।

27 से बढ़कर 41 देशों से कच्चे तेल का आयात, नए सहयोगी भी बनाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में उत्पन्न व्यवधानों के बीच भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न स्रोतों से तेल आयात करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, ताकि देश की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरा किया जा सके।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा का मूल उद्देश्य देश के 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि हमारी ऊर्जा सुरक्षा का आधार हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरा करना है।

एलएनजी आयात अब 15 देशों से

जायसवाल ने कहा कि भारत ने अपने एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) आयात के स्रोत भी 6 देशों से बढ़ाकर 15 देश कर दिए हैं। इनमें अमेरिका अब एलएनजी आयात का एक प्रमुख स्रोत बन गया है। भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी भी काफी बढ़ी है। जुलाई में रूस से होने वाला आयात देश के कुल तेल आयात का आधे से अधिक रहा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा

सीक्रेट सर्विस के कहने पर तुर्किये में छिपकर बदला था विमान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकारा है कि तुर्किये में पिछले महीने नाटो सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान से गंभीर खतरे के चलते बेहद गोपनीय तरीके से वहां से निकाला गया था। बता दें, ट्रंप को एयरफोर्स वन के पुराने विमान से एक खानपान सामग्री ले जाने वाले कंटेनर के जरिये निकालकर दूसरे सैन्य विमान तक पहुंचाया गया।

बहुत सारी धमकियां मिलती रहती हैं

होर्मुज अमेरिका का पूरी तरह नियंत्रण

सेना के निर्देशों का करते हैं पालन


नीले रंग के 747 विमान में चढ़ते हुए ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी सुरक्षा को लेकर कहा कि वह सीक्रेट सर्विस और सेना के निर्देशों का पालन करते हैं। सीक्रेट सर्विस ने उन्हें एक अलग उड़ान और अलग विमान से जाने के लिए कहा था। वह विमान भी उतना ही सुरक्षित था। लेकिन सीक्रेट सर्विस चाहती थी कि वह उसी विमान से यात्रा करें, इसलिए उन्होंने उनकी बात मान ली।

ईरान पर भरोसा नहीं

ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। ईरान पर भरोसा करने वाला मैं आखिरी व्यक्ति हूं। उन्होंने लगातार मुझसे झूठ बोला है। ट्रंप ने कहा कि इस समय होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिका का पूरी तरह नियंत्रण है। उनका (ईरान) नियंत्रण नहीं है। यह हमारे कब्जे में है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी समय ईरान ने कुछ करने की कोशिश की, तो उसे 'उड़ा दिया' जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभी हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं।

तीसरी बार चुनाव लड़ने की इच्छा

ट्रंप ने तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ने को लेकर पूछे गए सवाल को टालते हुए कहा कि वह चुनाव लड़ना पसंद करेंगे, लेकिन कानून इस मामले में बहुत सख्त है। ट्रंप ने कहा कि हर कोई चाहता है कि मैं ऐसा करूं, लेकिन कानून बहुत सख्त है।

होर्मुज में अमेरिकी कार्रवाई तेज

अमेरिका ने ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाते हुए ओमान की खाड़ी में एक जहाज पर सैन्य कार्रवाई की है। अमेरिकी सेना के मुताबिक, पनामा के झंडे वाला यह जहाज ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नाकाबंदी से बचने की कोशिश कर रहा था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि जहाज को रुकने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उसने आदेश नहीं माना। इसके बाद अमेरिकी हेलीकॉप्टर ने जहाज के इंजन रूम में मिसाइलें दागीं।

100% टैरिफ के सवाल पर नवारो बोले

पीएम मोदी और ट्रंप के बीच हैं अच्छे संबंध, दोनों सुलझा लेंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति के सलाहकार पीटर नवारो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच अच्छे कामकाजी संबंध हैं और दोनों देश व्यापार से जुड़े मुद्दों को आपस में सुलझा लेंगे।

यह बात व्हाइट हाउस में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए अमेरिका में चर्चा में रहे लिंडसे ग्राहम बिल और भारत पर संभावित 100 प्रतिशत टैरिफ के असर को लेकर पूछे गए सवाल पर कही। दरअसल, रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले पांच देशों पर अमेरिका 100 फीसदी टैरिफ लगाने की तैयारी कर रहा है जिसमें भारत भी शामिल है। नवारो ने कहा कि इस मामले में राष्ट्रपति और पीएम मोदी के बीच बातचीत होगी और उनके बीच आने की उनकी कोई भूमिका नहीं है। यह मुद्दा दोनों नेताओं को आपस में सुलझाने देना चाहिए। नवारो ने कहा कि यूक्रेन युद्ध पहले, भारत रूस के साथ तेल के व्यापार में शामिल नहीं था, लेकिन बाद में वह बहुत ज़्यादा शामिल हो गया।

पीटर नवारो

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109